ಶುಭ್ ಲಾಭ್

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

DAILY

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



वीएचपी और बजरंग दल ने भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर किया.. @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु.| वर्ष-6 | अंक-259

### भारत सरकार से मिल रहा महत्वपूर्ण संकेत

# इसी कार्यकाल में लागू होगा 'एक देश एक चुनाव' कानून



**नई दिल्ली, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** भारत सरकार एक देश एक चुनाव वाला विधेयक मौजूदा कार्यकाल में लाएगी। केंद्र सरकार से इस तरह के संकेत मिल रहे हैं। एक देश एक चुनाव को लेकर चर्चा काफी समय से चल रही है, मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल के दौरान भी कई मौकों पर इस मुद्दे पर बहस होती रही है। प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में लौट आए हैं। ऐसी खबर है कि सरकार हर कीमत पर अपने इसी कार्यकाल में यह बिल लाना चाहती है। इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सरकार से ऐसे संकेत मिल रहे हैं।

भारत सरकार के एक आला अधिकारी ने इसका संकेत देते हुए बताया कि पीएम मोदी ने अपने इस बार के 15 अगस्त वाले संबोधन में भी वन नेशन वन इलेक्शन का जिक्र किया था। एक चुनाव के मुद्दे पर मंथन करने के लिए जो उच्च स्तरीय समिति बनाई गई थी, उसने भी सुझाव दिया है कि देश में एक देश एक चुनाव होना चाहिए। सरकार दावा कर रही

**केंद्र सरकार ने कहा : नीतिगत मामले में समझौता नहीं**

है कि इस मुद्दे पर एनडीए में शामिल दूसरी साथी दल भी समर्थन कर रहे हैं। जदयू और टीडीपी भी इस मसले पर भाजपा के साथ है।

रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट के बाद एक देश, एक चुनाव की ओर आगे बढ़ने के लिए लगातार मंथन हो रहा है। यह नीतिगत मामला होने के साथ देशहित में जरूरी है। समिति के समक्ष जिन 47 दलों ने विचार रखे हैं, उनमें 32 ने इसका समर्थन किया है। केंद्र सरकार ने दावा किया कि पंचायत से लेकर लोकसभा तक एकसाथ चुनाव कराने के मामले में वह अपने रुख पर कायम है। इससे जुड़ा कानून हर हाल में इसी कार्यकाल में लागू किया जाएगा। भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 में एक देश एक चुनाव कानून लागू करने का वादा किया था, जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार शपथ ली थी।

अपने पहले दो कार्यकाल के दौरान, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने प्रमुख वादों को पूरा किया, जिसमें अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म करना और नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू करना शामिल था। 32 राजनीतिक दलों की ओर से मिले समर्थन से उत्साहित मोदी सरकार ने देश में

▶10 पर

## एक देश, एक चुनाव योजना को नीतीश का समर्थन

**पटना, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इसी कार्यकाल में एक देश, एक चुनाव लागू करने की योजना का समर्थन कर दिया है। जदयू ने इसके फायदे भी गिनाए हैं। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की सबसे बड़ी योजना एक देश, एक चुनाव का नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने समर्थन करते हुए



कहा है कि इससे नीतियों में निरंतरता बनी रहेगी तथा बार-बार चुनाव से होने वाली परेशानियों से भी बचा जा सकेगा। मौजूदा लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अहम सहयोगी जदयू का यह बयान ऐसे समय आया है जब केंद्र सरकार से यह संकेत मिला कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली सरकार इस कार्यकाल में ही एक देश, एक चुनाव कानून लागू करेगी। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि एक देश, एक चुनाव पर उनकी पार्टी और राजग की राय एक समान है। हम मानते हैं कि इससे देश में नीतियों की निरंतरता जारी रहेगी।

▶10 पर

### अंतरराष्ट्रीय षडयंत्रों के परिप्रेक्ष्य में पीएम का दृढ़ बयान

# ये मोदी है, यहां किसी का दबाव-वबाव नहीं चलता



**8000 करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू पहली वंदे मेट्रो रवाना**

**गांधीनगर, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ये मोदी है, यहां किसी का दबाव-वबाव नहीं चलता। हां, मुझ पर दबाव है हमारी भावी पीढ़ी का, उनकी संतानों का, जो जन्मे भी नहीं है, जिनके उज्वलल भविष्य का मुझ पर दबाव है और उनके लिए मैं काम करता रहूंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दबाव वाली बात देश के सामने सोच-समझ कर कही, भले ही उसका संदर्भ उनके पुराने संस्मरणों को लेकर था। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि वे मोदी हैं, उनपर कोई दबाव-वबाव नहीं चलता... मौजूदा षडयांत्रिक माहौल में इसके गहरे निहितार्थ हैं।

पीएम मोदी ने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस का संदर्भ लेते हुए कहा, मुझे याद है कि एक बार ओबामा यहां द्विपक्षीय बैठक के लिए आए थे। दिल्ली में हमारी प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। उस समय एक पत्रकार ने मुझसे पूछा था कि दुनिया के भांति-भांति प्रकार के देश अलग-अलग आंकड़े घोषित करते हैं। क्या आप पर इस तरह के आंकड़े जारी करने का कोई दबाव है? या किसी तरह के टारगेट तय करने का दबाव है? इस सवाल पर मैंने कहा, ये मोदी है, यहां कोई दबाव-वबाव नहीं चलता। फिर मैने कहा था, हां, मुझ पर दबाव है और यह दबाव हमारी भावी पीढ़ी का है, उनकी संतानों का है जो जन्मे भी नहीं है, उनके उज्वलल भविष्य का मुझ पर दबाव है और उनके लिए मैं काम करता रहूंगा। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात दौरे पर हैं और आज उन्होंने गांधीनगर में चौथे वैश्विक नवीनीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन को संबोधित किया। पीएम मोदी ने बताया कि देश में मोदी सरकार कैसे आने वाली पीढ़ियों के लिहाज से काम कर रही है। गांधी नगर में हो रहे इस सम्मेलन में भविष्य की तकनीक को लेकर तीन दिन तक विमर्श होना है। पीएम मोदी ने सम्मेलन में कहा कि आप सभी जानते हैं कि भारत की जनता ने 60 साल बाद लगातार किसी सरकार को तीसरी बार सत्ता में आने का मौका दिया। हमारी सरकार को मिले तीसरे कार्यकाल के पीछे भारत की बहुत बड़ी आकांक्षाएं हैं। आज 140 करोड़ भारतवासियों को भरोसा है कि उनकी आकांक्षाओं को पिछले 10 साल में जो पंख लगे हैं, वो इस तीसरे कार्यकाल में एक नई उड़ान भरेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा है कि आज का भारत अगले 1000 वर्षों के लिए आधार तैयार कर रहा है, जिससे भारत का भविष्य पूरी तरह से सुरक्षित हो सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 8,000 करोड़ रुपए से अधिक है। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उन घरों को लाभार्थियों को सौंपा, जिनका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 30 हजार से अधिक नए घरों के निर्माण को मंजूरी दी और इसके लिए पहली किस्त जारी की।

पीएम मोदी ने देश की पहली वंदे मेट्रो को भुज से अहमदाबाद के लिए रवाना किया।

▶10 पर

### सीएम योगी और सीएम साहा ने किया सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन

# मानवता का कैंसर है पाकिस्तान सर्जरी से ही इलाज संभव: योगी



**अगरतला, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है, जो पूरी दुनिया के लिए नासूर बन चुका है। आजादी के समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल अगर मिलकर मुस्लिम लीग की साजिश को विफल कर देते तो यह नासूर अस्तित्व में ही नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान का ऑपरेशन नहीं होगा, तब तक इलाज संभव नहीं है। पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग होना चाहता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत ईश्वरीय सत्ता के प्रतिनिधि के रूप में इस धराधाम पर आकर कार्य कर रहे हैं। इतनी बड़ी

**बांग्लादेश न बने भारत, इसलिए शत्रुशक्ति को नष्ट करना होगा**

संख्या में संत अगर किसी कार्य में जुड़ जाएंगे तो उसे सफल होना ही है। संतों के सानिध्य में हमें धर्म जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि हमें मिलकर कार्य करना होगा और इस बात का ध्यान रखना है कि विधर्मियों को अवसर नहीं देना है। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, इसके लिए ऐसी शक्तियों को हमें समाप्त करना है। हमें देश और धर्म को सुरक्षित रखना है।

सीएम योगी ने कहा कि यहां के राजा में शक्ति एवं सामर्थ्य था, इसलिए त्रिपुरा स्वतंत्र एवं सुरक्षित रहा।

▶6 पर

## मेट्रो निर्माण के लिए इज़राइल ने भारत से मदद मांगी

**नई दिल्ली, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** भारत में तैनात इज़राइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि इज़राइल तेल अवीव क्षेत्र में 100 किलोमीटर का मेट्रो सिस्टम बनाना चाहता है। इस निर्माण में इज़राइल भारत से मदद चाहता है। अजार ने कहा, भारत एक अच्छा भागीदार है क्योंकि सड़कों, हवाई अड्डों और बंदरगाहों के अलावा, एक हजार किलोमीटर मेट्रो के निर्माण ने भारत की साख दुनियाभर में बढ़ी है।यह पहली बार है कि इज़राइल ने निर्माण क्षेत्र में भारत से सहायता मांगी है और यह निर्णय पिछले अक्टूबर में हमास के हमले के बाद फिलिस्तीनी श्रमिकों पर प्रतिबंध के मद्देनजर आया है। गाजा युद्ध को सुलझाने में भारत की संभावित भूमिका पर अजार ने कहा, मुझे लगता है कि भारत को निर्णय लेना है। यह भारत पर निर्भर है कि वह किस हद तक इसमें शामिल होना चाहता है। सामान्य तौर पर पश्चिम एशिया में भारत की भूमिका बढ़ रही है क्योंकि भारत हमारे क्षेत्र में काफी स्थिरता और समृद्धि ला सकता है।

### किश्तवाड़ में अमित शाह ने नेकां-कांग्रेस पर बोला हमला

# आतंकवाद को पाताल में दफन कर देंगे

**जम्मू, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में रैली कर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर जमकर हमला बोला। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को पाताल में दफन करके ही मानेंगे। हमने विभाजन के दिन देखे हैं। 1990 में आतंकवाद के बुरे दिन देखे हैं। चंद्रिका शर्मा हों या परिहार बंधु हों ऐसी सैकड़ों कुर्बानियों का दर्द झेला है। मैं आज इस क्षेत्र सहित जम्मू-कश्मीर की जनता से वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इतना नीचे दफन करेंगे कि वह कभी बाहर नहीं आ पाएगा।



**गांधी और अब्दुल्ला खानदान ने जम्मू कश्मीर को बर्बाद किया**

अमित शाह ने कहा, जिस कांग्रेस पार्टी ने इस अब्दुल्ला परिवार को देशद्रोही कहा, आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया, उमर अब्दुल्ला के दादा को वर्षों तक जेल में रखा। आज पीएम मोदी के सामने जीतने के लिए राहुल और अब्दुल्ला ईलू-ईलू कर रहे हैं। शाह ने कहा, पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को मजबूत किया। मैं पूछना चाहता हूं फारूक अब्दुल्ला से कि आपकी तीन पुश्तों ने राज किया, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कभी क्यों नहीं मिला? मोदी जी ने घाटी से लेकर मैदान तक, सभी को 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त दिया।

पीएम मोदी ने जो धारा-370 हटाई, वह अब इतिहास का पन्ना हो गई है। भारत के संविधान में अब धारा-370 के लिए कोई जगह नहीं रह गई है। जम्मू कश्मीर में अब दो विधान, दो प्रधान और दो झंडे कभी नहीं हो सकते हैं। झंडा सिर्फ हमारा प्यारा तिरंगा होगा। जम्मू-कश्मीर का ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ताकतों के बीच है। एक ओर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस है और दूसरी ओर भाजपा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि अगर हमारी सरकार बनी तो धारा-370 को वापस लाएंगे। पहाड़ियों और गुर्जर भाइयों को जो आज आरक्षण मिला है, वो धारा-370 के रहते नहीं मिल सकता था।

अमित शाह ने कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन हमेशा से आतंकवाद का पोषक रहा है। जब-जब घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की सरकार आई, तब-तब यहां आतंकवाद को बढ़ावा मिला है। याद कीजिए 90 के दशक को। मैं फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि आप यहां के मुख्यमंत्री थे, राजीव गांधी के साथ समझौता करके चुन कर आए। जब हमारी घाटी खून से लथपथ हो गई तब आप कहां थे?

▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मदरसों पर एनसीपीसीआर की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश


# संविधान विरोधी हरकतों पर उतारू हैं मदरसे

**नई दिल्ली, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मदरसा तालीम पर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट मदरसा तालीम को लेकर चिंताजनक तथ्य बताए हैं। आयोग ने कहा कि मदरसे भारत के संविधान द्वारा निर्धारित बच्चों के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन कर रहे हैं। एनसीपीसीआर के अनुसार, मदरसा तालीम भारत में बच्चों के शिक्षा के अधिकार में अड़ंगा डाल रही है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम या संविधान के अनुच्छेद 21-ए के तहत इसका कोई संवैधानिक आधार नहीं है।

एनसीपीसीआर ने अपनी रिपोर्ट में मदरसों पर दारुल उलूम देवबंद के गहरे प्रभाव की बात कही है। एनसीपीसीआर ने बताया है कि दारूल उलूम देवबंद को शरिया की सख्त और रूढ़िवादी व्याख्या करने वाली विचारधारा बताया है। एनसीपीसीआर ने आगे कहा कि तालिबान जैसे इस्लामी कट्टरपंथी समूह दारूल उलूम देवबंद की धार्मिक और राजनीतिक विचारधारा से प्रेरित रहे हैं। तालिबान पर इनका प्रभाव उनके मदरसों से जुड़ाव के चलते है क्योंकि

**दारुल उलूम देवबंद का असर: बच्चे पढ़ रहे चरमपंथ**

**औपचारिक शिक्षा से बच्चों को वंचित कर रहे मदरसे**



मदरसों में दारूल उलूम देवबंद का काफी असर है। एनसीपीसीआर ने छात्रों पर इस कारण इस्लामी कट्टरपंथ की तरफ जाने का खतरा जताया है।

एनसीपीसीआर ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मदरसा में पढ़ने वाले बच्चे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मिलने वाले अधिकारों से भी वंचित हैं। मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों को उच्च मानक वाली शिक्षा, मिड डे मील और अच्छे शिक्षकों तक पहुंच नहीं मिल रही। एनसीपीसीआर ने कहा कि शिक्षा के अधिकार का मानदंड पूरा न होने के कारण मदरसे में पढ़ने वाले बच्चे बाक़ी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के बराबर अधिकार नहीं पा रहे। एनसीपीसीआर ने इस बात पर भी चिंता जताई कि मदरसों के

▶10 पर

### अवकाश सूचना

**गणेश विसर्जन** के अवसर पर मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 को शुभ लाभ कार्यालय में **अवकाश** रहेगा। अतः अगला अंक गुरुवार, 19 सितंबर, 2024 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

### मौसम बेंगलूरु

अधिकतम : $30^0$

न्यूनतम : $22^0$

# श्री जीण माता मंगलपाठ में नृत्य नाटिका पर झूमे श्रद्धालु





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन के सभागार में रविवार को दोपहर 2 बजे माँ जीण दीवाने द्वारा प्रथम वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम माँ जीण दीवाने के सदस्य राजकुमार अग्रवाल, नवरंग लाल सुल्तानिया, ओमप्रकाश मित्तल, मनालाल भामा ने परिवार सहित पूजन कर अखंड ज्योत प्रज्वलित किया। उपस्थित भक्तों ने जय जीण माँ के जयघोष के साथ भवन को गुंजायमान कर दिया। तत्पश्चात कोलकाता के गायक नीरज अग्रवाल ने साथी भजन गायिका सोनी अरोड़ा के साथ भगवान गणेश की वंदना से संगीयमय मंगलपाठ द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। कोलकाता के कलाकारों द्वारा माँ जीण के



जीवन चरित्र पर आधारित नृत्य नाटिका पर जन्मोत्सव, मेहंदी उत्सव, चुनड़ी उत्सव पर खूब बधाइयां बांटी गई। भक्तों ने कतारबद्ध होकर अखंड ज्योत के दर्शन कर धोक लगाई। हैदराबाद के कारीगरों द्वारा भव्य विशाल दरबार सजाया गया, जिसको देख भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल, अनिल सुल्तानिया, मितेश खंडेलवाल, शशि शर्मा, नितेश खंडेलवाल, मुकेश चौधरी, बिपिन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सावन गोयल, रवि अग्रवाल सहित स्वास्तिक सेवा संघ, श्री जीण माता सेवा समिति अध्यक्ष राजू भूतड़ा, श्याम दीवाने, ओम प्रकाश राठी, श्री श्याम मन्दिर बन्नेरघट्टा के संस्थापक सदस्य रेवंतमल झँवर, दादी धाम प्रचार समिति के अध्यक्ष शिव कुमार टेकड़ीवाल एवं अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे। नन्दकिशोर चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी भक्तों का आभार जताया। संस्था द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया। अगला वार्षिकोत्सव श्री राम की नगरी अयोध्या में आयोजित होगा।

# आचार्य श्री भिक्षु के 222वें चरमोत्सव दिवस का भव्य आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा विजयनगर के तत्वावधान में आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी श्री सिद्धप्रभा जी के पावन सानिध्य में आचार्य श्री भिक्षु के 222वें चरमोत्सव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। दो चरणों में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रथम चरण चरमोत्सव की पूर्व संध्या पर भिक्षु भक्ति संध्या के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम साध्वी के मुखारविंद से नमस्कार महामंत्र के साथ प्रारंभ हुआ। सभा अध्यक्ष मंगल कोचर ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में पुणे से पधारे हुए संगायक महेंद्र सिंधी एवं स्थानीय कलाकार हेमलता पीपाड़ा ने आचार्य भिक्षु के भजनों की प्रस्तुति दी। स्वामी जी कब आओगे दर्श दिखाओगे, मन सांवरिया भा गया, तेरस की है रात, स्वामी जी थांरी साधना री मेरू सी ऊंचाई आदि भजनों को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

साध्वी वृंद ने भी सामूहिक गीतिका की प्रस्तुति करते हुए अपने आर्ध को याद किया। सभा द्वारा दोनों गायकों एवं प्रायोजक परिवार विमल कटारिया एवं चांदमल भलावत का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ साध्वी वृंद द्वारा भिक्षु अष्टम् के संगान के साथ किया गया। साध्वी सिद्धप्रभा जी ने आचार्य भिक्षु को याद करते हुए कहा कि वह एक महान ऋषि एवं तपस्वी थे। उन्होंने नव क्रांति का बीज बोते हुए तेरापंथ धर्म संघ की नींव रखी। आचार्य भिक्षु जब तक रहे सदा सक्रिय रहे। कार्यक्रम में उपासक भरत बोथरा, महिला मंडल उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया, किशोर मंडल सह मंत्री वैभव जैन ने आचार्य भिक्षु को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। महिला मंडल की बहनों ने गीतिका की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रथम चरण का संचालन सभा अभूतपूर्व अध्यक्ष राजेश चावत एवं द्वितीय चरण का संचालन साध्वी आस्थाप्रभा जी ने किया। कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष मंगल कोचर, उपाध्यक्ष भंवरलाल मांडोत, बाबूलाल बोथरा, ललित सेठिया, मंत्री दिनेश हिंगड़ आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मारवाड़ी युवा मंच सेंट्रल बेंगलूरु ने प्रगति रॉयल अपार्टमेंट, इलेक्ट्रॉनिक सिटी में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन नारायण हेल्थ (बोम्मसंद्रा) के साथ साझेदारी में किया गया। शिविर का उद्देश्य शहर में रक्तदान की तत्काल आवश्यकता को संबोधित करना था।

शिविर में उत्सुक प्रतिभागियों का एक निरंतर प्रवाह देखा गया। दिन के अंत तक कुल 42 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए



कार्यक्रम के संयोजक रोशन सुल्तानिया एवं राहेल गोयल को विशेष धन्यवाद दिया गया। मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश झाझरिया, अग्रवाल युवा संघ के अध्यक्ष रोहित केडिया, पूर्व अध्यक्ष संदीप टिबरेवाल और कर्नाटक मारवाड़ी प्रांत के अध्यक्ष नितेश टिबरेवाल की उपस्थिति रही। अध्यक्ष शिशिर अग्रवाल ने सभी का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में सचिव गौतम लोहिया, कोषाध्यक्ष आयुष भीमसरिया, रौनक झुनझुवाला, राहुल बंसल, लोवकेश गोयल और रितिक बंसल आदि लोग मौजूद थे।

# आदर्श जीवन जीने के प्रेरणा स्त्रोत है जिनालय: आचार्य

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री सीमंधर-शांतिसूरि जैन संघ के तत्वावधान में पर्युषण पर्व की आराधना हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष में चतुर्विद्ध श्री संघ के साथ अनेक जिनालयों के दर्शन-वंदन हेतु आयोजित चैत्य परिपाटी के अवसर पर आचार्य श्री अरिहंतसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि विश्व के सभी ग्रंथों, शास्त्रों का यदि निचोड़ एक शब्द में निकाला जाए तो वह है भगवद भक्ति। सभी के लिए शास्त्रों का अध्ययन संभव न हो सके, तप-जप न हो सके, ध्यान-योग आदि न हो, फिर भी यदि उसे अपनी आत्मा का



कल्याण करना हो तो अत्यंत सरल मार्ग है भगवान की भक्ति। भगवान की भक्ति वास्तव में गुणों की भक्ति है। साधक का लक्ष्य संसार से मुक्त होना है और यह तभी संभव है जब उसकी आत्मा कर्म रहित और गुणयुक्त बने। परमात्मा की भक्ति से साधक क्षमा, नम्रता, सरलता और संतोष जैसे गुणों को विकसित करता है। भक्ति में ऐसी शक्ति है जो साधक को अंततः मुक्ति तक ले जाने में सक्षम है।

आज भले तीर्थंकर भगवान साक्षात रूप में यहां मौजूद नहीं है, फिर भी उनकी मूर्ति और मंदिर हमारे लिए सक्षम प्रेरणा स्त्रोत है। जो हमें आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। इस तरह देखा जाए तो वह अपराध-मुक्त समाज के निर्माण में अद्वितीय भूमिका निभाते हैं। इससे पूर्व कल्याण मित्र परिवार द्वारा सभी जिनालयों में पूजा सामग्री के थाल अर्पित किए गए।

# व्यक्ति की भाषा से चरित्र और व्यवहार की पहचान



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी स्वर्णांजना श्री जी ने प्रवचन में बताया कि भाषा से व्यक्ति के चरित्र व व्यवहार की पहचान होती है। कौन व्यक्ति किस प्रकार भाषा का प्रयोग करता है तथा व्यक्ति के मनोभाव क्या है यह जानने का माध्यम भाषा ही बनती है। ऐसे में मनुष्य को अपनी भाषा पर कंट्रोल रखना चाहिए। मनुष्य की पांच इंद्रियों में से रसनेंद्रिय बोलने और खाने का काम करती है तथा दोनों पर नियंत्रण जरूरी है। यदि बोलने में चूक होती है तो विवाद पैदा होता है और खाने में संयम व विवेक नहीं हो तो स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। व्यक्ति को थोड़ा धीमे, कम और मधुर भाषा का प्रयोग करना चाहिए। जहां ज्यादा शोरगुल होता है वहां के लोगों में अनुशासन हीनता, मानसिक असंतुलन एवं हृदय रोग जैसी बीमारियां पाई जा सकती है। मौन रखने वाले को ऊंचा स्थान प्राप्त होता है। वहीं ज्यादा बोलने वाले को नीचा देखना पड़ता है। साध्वी वर्या ने कहा कि अच्छी सोच, अच्छा चिंतन व अच्छे विचार वाला व्यक्ति स्वयं के साथ दूसरे का भी कल्याण कर सकता है। जहां व्यक्ति में दूसरे को नीचे गिराने, ईर्ष्या, द्वेष भावना की मनोवृति होती है, वहां समाज भी विकास नहीं कर सकता। ऐसे मामले में संबन्धित व्यक्ति के साथ परिवार व समाज का भी पतन होना निश्चित है।

# चातुर्मास धर्म आराधना का समय



**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**

हासन तेरापंथ श्रावक समाज खमत खामना हेतु चिकमगलूरु विराजित मुनिश्री मोहजीत कुमार जी के सानिध्य में पहुंचा। मुनि ने फरमाया चातुर्मास धर्म आराधना का समय है। इस समय जितनी धर्म आराधना करेंगे आपका जीवन अध्यात्म की ओर उतना ही बढ़ेगा। मुनि ने रिश्तों का महत्व भी समझाया।

आचार्य भिक्षु के 222वें चरमोत्सव के उपलक्ष में एक शाम भिक्षु के नाम तेरस की पूर्व संध्या में धर्म जागरण का आयोजन हासन तेरपंथ सभा भवन में रखा गया। हासन सभा के अध्यक्ष शोहनलाल तातेड़, मंत्री विमल कोठरी, महिला मंडल की अध्यक्षा कोशल्या तातेड़, मंत्री पिंकी गुलगुलिया, युवक परिषद के अध्यक्ष नितेश सुराणा, मंत्री मनीष तातेड़, मलनाड के अध्यक्ष महावीर भंसाली समेत अन्य ने गीतों के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। संचालन विनीता सुराणा ने किया।

# गुरु अमर अमृत वर्ष का तीन दिवसीय आयोजन 20 से



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर के तत्व-ावधान में उप प्रवर्तक पंकजमुनि, डॉ वरुणमुनि के पावन सानिध्य एवं बेंगलूरु में विराजित समस्त संत सतीवृंद की शुभ निश्रा में आगामी 20, 21 और 22 सितंबर को त्रिदिवसीय गुरु अमर अमृत संयम महोत्सव एवं गुरु आत्म शुक्ल शिव जन्मोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। त्रिदिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस को आयंबिल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। दोपहर गुरु अमर भक्तिगीत प्रतियोगिता का आयोजन रहेगा। जिसमे बेंगलूरु सकल जैन संघ के अनेक भक्ति मंडल अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। उत्कृष्ट भक्ति गीत मंडल को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। गुरु अमरमुनि के दीक्षा हीरक वर्ष पर अनेक श्रद्धालुओं ने आयंबिल आराधना में अपने नाम दिये है। इस अवसर पर भारत वर्ष के अनेक गणमान्य अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। वरुणमुनि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन परंपरा कहती जेल श्रद्धा परम दुर्लभ है। जहां संशय आ जाता है वहाँ श्रद्धा मिट जाती है। यह संशय हमारा जीवन नष्ट करता है। श्रद्धा से बिगड़ा काम बन जाता है और संशय से बना हुआ काम बिगड़ जाता है। पूर्व में रूपेशमुनि ने गुरु स्तवन की प्रस्तुति दी और अंत में पंकजमुनि ने मंगलपाठ प्रदान किया। इस अवसर पर शुल्लूरपेट से श्रद्धालुगण उपस्थित हुए। अध्यक्ष प्रकाशचंद चाणोदिया ने आभार व्यक्त किया और संचालन नेमीचंद दलाल ने किया।

# गुरु दर्शन यात्रा संघ के तहत दर्शन वंदन का लिया लाभ

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक बेंगलूरु द्वारा पांच दिवसीय गुरु दर्शन यात्रा संघ चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल, अध्यक्ष किरणचंद बोहरा, महामंत्री उगमराज चोपड़ा, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल बाफना, मार्गदर्शक प्रकाशचंद ओस्तवाल के नेतृत्व में बेंगलूरु से रवाना होकर पुणे पहुंचा, जहां अरिहंत प्रतिष्ठान वडगांव शेरी में विराजित महाराष्ट्र उप प्रवर्तिनी साध्वी डॉ चंदनाजी एवं साध्वी



अक्षयज्योति, महावीर प्रतिष्ठान में गौतममुनि, आदिनाथ जैन स्थानक में प्रकाशमुनि एवं सायंकाल आर्या चंदनाश्री के दर्शन एवं प्रवचन का लाभ लिया। अहमदनगर में महाराष्ट्र प्रवर्तक कुंदनऋषिजी, सेवा भावी आलोकऋषिजी, औरंगाबाद में उपाध्याय प्रवीण ऋषि, जालना में कर्नाटक गजकेसरी घोर तपस्वी खद्दरधारी गणेशलालमुनि की समाधि के दर्शन कर वहां ध्यान आराधना एवं जप किया। उप प्रवर्तिनी सिद्धि सुधा, बदनापुर में तप चन्द्रिका प्रतिभाश्री के दर्शन एवं जिनवाणी श्रवण का लाभ लिया।

# वीएचपी और बजरंग दल ने भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर किया विरोध प्रदर्शन





### पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढाई

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

दक्षिण कन्नड़ जिले के बी सी रोड पर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल सहित हिंदू समर्थक संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में नेताओं के एकत्र होने के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई। यह हंगामा बंटवाल टाउन म्युनिसिपल काउंसिल (टीएमसी) के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ के कथित वॉयस मैसेज के सामने आने के बाद हुआ, जिसमें वीएचपी मेंगलूरु डिवीजन के संयुक्त सचिव शरण पंपवेल को ईद मिलाद जुलूस निकालने के दौरान उनका सामना करने की चुनौती दी गई थी।

इससे पहले, शरण पंपवेल ने नागमंगला में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए दंगों की निंदा करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर हिंदू अपना मन बना लें तो ईद मिलाद जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। उनके बयान का जवाब देने के लिए शरीफ ने कथित वॉयस मैसेज भेजा था, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वॉयस मैसेज के सामने आने के बाद, बजरंग दल के नेता पुनीत अत्तावर ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट किया, जिसमें लोगों से बीसी रोड पर इकट्ठा होने का आग्रह किया गया। उन्होंने पोस्ट में लिखा हम जिहादियों की चुनौतियों को स्वीकार कर रहे हैं। हम मौके पर पहुंचेंगे। शरण पंपवेल भी मौके पर पहुंचे। हिंदू संगठन के नेताओं के एकत्र होने के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी। पुलिस अधीक्षक यतीश एन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति को सामान्य करने की कोशिश की। जिले के सभी पूजा स्थलों के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बंटवाल पुलिस ने रविवार को भड़काऊ वॉयस मैसेज के लिए मोहम्मद शरीफ के खिलाफ मामला दर्ज किया था। रविवार देर रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने सूरतकल के कटिपल्ला में एक मस्जिद पर पथराव किया। पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने कहा कि सूरतकल पुलिस ने कृष्णपुरा कटिपल्ला के तीसरे ब्लॉक में मस्जिदुल हुदा जुमा मस्जिद में हुई घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। दो बाइकों पर सवार होकर आए बदमाशों ने मस्जिद पर पथराव किया था। उन्होंने कहा मस्जिद के अध्यक्ष के एच अब्दुल रहमान की शिकायत के आधार पर सूरतकल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है। इस बीच, मेंगलूरु सिटी सीईएन पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद दक्षिण कर्नाटक प्रांत के संयुक्त सचिव शरण पंपवेल और बजरंग दल के मंडल सह-संयोजक पुनीत अत्तावर के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने भड़काऊ बयान और पोस्ट जारी करने वाले सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट पर भी नजर रख रही है। दक्षिण कन्नड़ में भाजपा विधायकों ने पहले पुलिस से ईद मिलाद जुलूस रद्द करने के लिए कहा था, जिसमें कट्टरपंथियों द्वारा अशांति पैदा करने की कथित साजिश पर चिंता जताई गई थी।

### चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

इसी बीच शरण पंपवेल ने कहा चुनौतियों को स्वीकार करते हुए मैं बीसी रोड पर पहुंचा हूं। हमने अतीत में कई चुनौतियों का सामना किया है। चुनौतियों का सामना करने और अपने प्राणों की आहुति देने के लिए सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। हम भविष्य में भी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। यह हिंदुत्व की जीत है क्योंकि बिना किसी आमंत्रण के बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा मेंगलूरु में नागमंगला दंगे की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए मैंने ईद मिलाद रैली पर एक बयान जारी किया था। हालांकि, शरीफ ने मेरे बयान का विरोध किया है और मुझे बीसी रोड पर आने की चुनौती दी है। अगर जरूरत पड़ी तो मैं भविष्य में मस्जिद भी जाने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा चुनौती केवल शरण पंपवेल के लिए नहीं थी। यह पूरे हिंदुत्व कार्यकर्ताओं के लिए एक चुनौती थी।

## कटिपल्ला मस्जिद पर पथराव की घटना, छह गिरफ्तार



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कटिपल्ला में मजीदुल्ला हुदाजुम्मा मस्जिद पर पथराव की घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कथित तौर पर इसका उद्देश्य क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव भड़काना था। यह घटना रविवार शाम को कटिपल्ला तीसरे ब्लॉक में स्थित मस्जिद में हुई। ईद मिलाद के उपलक्ष्य में मस्जिद को रोशनी से सजाया गया था।

जब कर्मचारी अंदर काम कर रहे थे, तभी रात करीब 9:50 बजे जनता कॉलोनी कब्रिस्तान की ओर से दो बाइकों पर अज्ञात बदमाश आए और मस्जिद पर पत्थर फेंके, जिससे इमारत के पीछे की खिड़कियों के शीशे टूट गए। मस्जिद के अध्यक्ष के एच अब्दुल रहमान द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों का कथित तौर पर मस्जिद को नुकसान पहुंचाकर हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच मतभेद पैदा करने का लक्ष्य था। पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त (कानून एवं व्यवस्था) सिद्धार्थ गोयल, पुलिस उपायुक्त (अपराध एवं यातायात) दिनेश कुमार और मेंगलूरु उत्तर उपमंडल के सहायक पुलिस आयुक्त श्रीकांत के के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। सूरतकल पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राघवेंद्र और जनार्दन नाइक, हैड कांस्टेबल उमेश कोट्टारी, अन्नप्पा वंदेस, दिलीप राज और पुलिस कांस्टेबल कार्तिक कुलाल, विनोद कुमार और मंजूनाथ अयाती की टीम ने मामले की जांच की और सोमवार को मेंगलूरु पूर्व पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में स्थित कादरी श्री मंजूनाथ मंदिर रोड के पास संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार, दो बाइक और चार मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।

हिंसा के बीच पाकिस्तान समर्थक नारे लगे

## राज्य सरकार मामले की जांच एनआईए को सौंपे: अशोक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) आर. अशोक ने आरोप लगाया है कि मांड्या जिले के नागमंगला शहर में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा के बीच पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए गए और इस तरह की घटनाओं की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराई जानी चाहिए।

वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक ने सोशल मीडिया पर कहा प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि नागमंगला शहर में गणेश विसर्जन के दौरान पिछले बुधवार रात हुई सांप्रदायिक झड़प के दौरान तीन बदमाशों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे यह संदेह मजबूत हुआ है कि प्रतिबंधित संगठन सांप्रदायिक अशांति में शामिल हो सकते हैं। अशोक ने आगे कहा इसके बाद, चिकमगलूरु शहर में बाइक सवार बदमाशों द्वारा फिलिस्तीनी झंडे का अनियंत्रित प्रदर्शन, और दावणगेरे शहर के गांधी नगर और अहमद नगर में झंडा फहराने के लिए हिंदू युवकों पर हमले जैसी घटनाएं बताती हैं कि ये भड़काऊ कृत्य गणेश उत्सव को निशाना बना रहे हैं। अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान भी ऐसी ही घटनाएं हुईं। ऐसा प्रतीत होता है कि हिंदू त्योहारों, समारोहों और कार्यक्रमों को इन उपद्रवों द्वारा विशेष रूप से लक्षित किया जा रहा है, जो राज्य भर में सांप्रदायिक चरमपंथी संगठनों के एक बड़े नेटवर्क द्वारा संचालित प्रतीत होते हैं। विपक्ष के नेता ने कहा कि स्थानीय पुलिस को इस संगठित और प्रायोजित नेटवर्क को तोड़ना मुश्किल लग रहा है, जिसके अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय संबंध होने का अनुमान है। इसलिए, मैं गृह मंत्री जी. परमेश्वर और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से आग्रह करता हूं कि वे इन मामलों को आगे की जांच के लिए तुरंत एनआईए को सौंप दें। अशोक ने दावणगेरे शहर से रिपोर्ट की गई घटना का एक वीडियो भी साझा किया है, जहां गणेश उत्सव के दौरान इलाके में धार्मिक झंडे लगाने के लिए कथित तौर पर मुस्लिम भीड़ द्वारा हिंदुओं पर हमला किया गया था। वीडियो में मुस्लिम समुदाय के सदस्यों को पुलिस के साथ स्थिति को शांत करने की कोशिश करते हुए भी दिखाया गया है। एक अन्य वीडियो में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील चिकमंगलूरु जिले में युवाओं को फिलिस्तीन का झंडा लहराते और राजमार्ग पर गाड़ी चलाते हुए दिखाया गया है। नागमंगला शहर में गणेश प्रतिमा जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद भीड़ ने कई दुकानों और वाहनों को निशाना बनाते हुए उत्पात मचाया, जिससे 12 सितंबर की रात को तनाव पैदा हो गया।

## क्या मानव श्रृंखला के जरिए लोकतंत्र को बचाया जा सकता है? कुमारस्वामी

### दृष्टिकोण केवल विज्ञापनों में ही चमकता हुआ दिखता है



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जेडीएस नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को लोकतंत्र के नाम पर विशाल मानव श्रृंखला आयोजित करने के लिए कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष किया, साथ ही स्थानीय निकायों के चुनाव कराने में देरी पर सवाल उठाया, जो लोकतंत्र के मूलभूत स्तंभ हैं। उन्होंने सरकार से स्थानीय निकायों के लिए चुनाव की घोषणा करने का आग्रह किया। कर्नाटक सरकार ने रविवार को समानता, एकता, बंधुत्व और सहभागिता-पूर्ण शासन के प्रतीक के रूप में राज्य भर में 2,500 किलोमीटर लंबी ऐतिहासिक मानव श्रृंखला बनाकर अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया। कुमारस्वामी ने एक पोस्ट में सवाल किया कि मानव कल्याण को बढ़ावा देने की आड़ में आपने (सरकार ने) मानव श्रृंखला बनाई। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार लोकतंत्र के प्रति कोई चिंता नहीं दिखाती। अगर वे ऐसा करते, तो वे पहले स्थानीय निकायों के चुनाव करवाते। सत्ता में आने के बाद से, उन्होंने लोकतंत्र के बुनियादी स्तंभों - जिला और तालुक पंचायत और बीबीएमपी (बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका) के लिए चुनाव नहीं करवाए हैं। क्यों? सिर्फ इसलिए कि आप सत्ता में आ गए हैं, क्या इसका मतलब यह है कि स्थानीय सरकारों को नजरअंदाज किया जाना चाहिए, जबकि आप विधान सौधा के इर्द-गिर्द घूमते हैं?

यह देखते हुए कि सीएम सिद्धरामैया एक साल और चार महीने (20 मई, 2023 से) सत्ता में हैं, जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा फिर भी, स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हुए हैं। आपका (सीएम/सरकार) लोकतंत्र और लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया दृष्टिकोण केवल विज्ञापनों में ही चमकता हुआ दिखता है। आपके कार्य वास्तविक शासन से ज्यादा प्रचार के बारे में हैं। क्या मानव श्रृंखला के जरिए लोकतंत्र को संरक्षित किया जा सकता है? क्या करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए एक अलंकरण है?

उन्होंने आगे सवाल करते हुए मांग की कि सबसे पहले, स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा करें। सच्ची लोकतांत्रिक श्रृंखला को मजबूत करें। लोकतंत्र बचाएँ। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक ने रविवार को समानता, एकता, बंधुत्व और सहभागितापूर्ण शासन के प्रतीक के रूप में 2,500 किलोमीटर लंबी ऐतिहासिक मानव श्रृंखला बनाकर अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया। यह विशाल मानव श्रृंखला, जो कर्नाटक सरकार के अनुसार दुनिया की सबसे लंबी होगी, पूरे राज्य में बीदर से चामराजनगर तक बनाई जा रही है, जिसमें सभी 31 जिले शामिल हैं। राज्य सरकार ने नागरिक समाज के साथ मिलकर इस दिन को मनाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित करने का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ विधान सौधा, राज्य विधानमंडल और सचिवालय के सामने आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मानव श्रृंखला में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर इसका नेतृत्व किया, जिसके बाद ट्रांसजेंडर और दिव्यांग लोगों सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने मानव श्रृंखला बनाने के लिए हाथ पकड़े। राज्य के सभी जिलों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## पुलिस ने फिलिस्तीनी झंडा फहराने के आरोप में चार नाबालिगों को हिरासत में लिया



**चिकमगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक पुलिस ने सोमवार को चिकमगलूरु जिले में बाइक चलाते समय फिलिस्तीनी झंडा फहराने के आरोप में चार नाबालिगों को हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। हिरासत में लिए गए नाबालिगों से घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। लड़कों से पूछा जा रहा है कि उन्होंने फिलिस्तीनी झंडा कैसे प्राप्त किया और क्या उन्हें झंडा पकड़कर शहर में घूमने के निर्देश दिए गए थे या उन्होंने खुद ऐसा किया। घटना की जांच के लिए एक इंस्पेक्टर की अगुवाई में पुलिस टीम का गठन किया गया है।

पुलिस विभाग मामले को गंभीरता से ले रहा है और गहन जांच कर रहा है। चिकमगलूरु शहर में ईद मिलाद उत्सव के जुलूस के प्रमुख मुख्य मार्गों से गुजरने के कारण पुलिस हाई अलर्ट पर है। चिकमगलूरु सिटी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, रविवार को दोपहिया वाहन पर सवार नाबालिगों द्वारा फिलिस्तीनी झंडा पकड़कर लहराने की घटना हुई। अधिकारियों ने घटना का वीडियो प्राप्त किया, तथा नागमंगला में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा के बाद राज्य में संवेदनशील स्थिति को देखते हुए, पुलिस ने आरोपी व्यक्तियों का पता लगाया और उन्हें हिरासत में लिया।

यौन उत्पीड़न मामला

## कर्नाटक फिल्म चैंबर ने महिला कलाकारों के साथ बैठक की




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सोमवार को महिला कलाकारों के साथ बैठक की, जिसमें उद्योग में व्याप्त यौन और अन्य दुर्व्यवहारों पर चर्चा की गई। इससे पहले, केएफसीसी के अध्यक्ष एन एम सुरेश ने बताया कि कर्नाटक राज्य महिला आयोग द्वारा कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) से ऐसा करने के लिए कहने के बाद एक बैठक बुलाई गई थी। राज्य महिला आयोग ने हमें 13 सितंबर को एक बैठक बुलाने के लिए कहा था, लेकिन क्योंकि यह त्यौहार का समय है, और साथ ही क्योंकि लोग शूटिंग कर रहे होंगे और उन्हें अपने शेड्यूल को समायोजित करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता हो सकती है, इसलिए हमने सोमवार को एक बैठक बुलाई। उनके अनुसार, बैठक से उद्योग को इस बात पर आम सहमति बनाने में मदद मिलेगी कि अगला कदम क्या होना चाहिए।

## बेंगलूरु-धारवाड़ के बीच वंदे भारत ट्रेन का विस्तार बेलगावी तक किया जाएगा: वी सोमन्ना



**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने कहा कि यात्रियों की मांग के अनुसार जल्द ही बेंगलूरु-धारवाड़ के बीच वंदे भारत ट्रेन का विस्तार बेलगावी तक किया जाएगा।

सोमन्ना सोमवार को पुणे-कोल्हापुर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए कोल्हापुर की ओर जाते समय पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने खुद बेंगलुरु-धारवाड़ के बीच वंदे भारत ट्रेन के विस्तार और बेलगावी तक विस्तार के संबंध में सांसद जगदीश शेट्टर और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों से बातचीत की है। बेलगावी-धारवाड़ के बीच कित्तूर होते हुए सीधी रेलवे लाइन का काम भी जल्द ही शुरू होगा और भूमि अधिग्रहण का काम पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा पुणे-हुब्बल्ली के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू हो गई। बेलगावी और मुंबई के बीच रात्रिकालीन ट्रेन की मांग की गई है और इस संबंध में निर्णय व्यवहार्यता के आधार पर लिया जाएगा। सोमन्ना ने कहा दक्षिण-पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने बेंगलूरु-धारवाड़ के बीच वंदे भारत ट्रेन को बेलगावी तक न बढ़ाए जाने के लिए तकनीकी कारण बताए थे। हम लोगों को डराने-धमकाने के बजाय उन्हें यह सेवा उपलब्ध कराएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से देश में रेलवे सुविधाओं और बुनियादी ढांचे में 100 प्रतिशत से अधिक सुधार हुआ है और लोगों को अधिक ट्रेनें और सुविधाएं मिल रही हैं। रविवार को छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई और सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा सात और ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई। उन्होंने कहा कि रेणुका-यल्लम्मा मंदिर की पहाड़ी पर आने वाले तीर्थयात्रियों और भक्तों की सुविधा के लिए सवादत्ती तक ट्रेन सेवा शुरू करने के लिए सर्वेक्षण का आदेश दिया गया है और सर्वेक्षण पूरा होने के बाद काम शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा। मांड्या के नागमंगला में गणेश जुलूस के दौरान हुई हिंसा और हिंदू कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बारे में सोमन्ना ने कहा यह एक पूर्व नियोजित घटना प्रतीत होती है और ऐसी खबरें थीं कि 2023 में भी ऐसी ही घटना हुई थी। घटना के पीछे के कारणों को समझने की जरूरत है।

# 2.5 लाख सरकारी पद चरणबद्ध तरीके से भरे जाएंगे: मंत्री प्रियांक खड़गे

**कलबुर्गी/शुभ लाभ ब्यूरो।** ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि राज्य में कुल 2.5 लाख सरकारी पद खाली हैं और इन्हें धीरे-धीरे भरा जाएगा। शहरी विकास कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के नेतृत्व में कलबुर्गी में कैबिनेट की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि सीएम सिद्धरामैया कल्याण कर्नाटक उत्सव कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए पहुंचेंगे और सुबह सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद डीएआर मैदान में ध्वजारोहण समारोह में भाग लेंगे। जैसा कि कल्याण कर्नाटक के लोगों को उम्मीद थी, सीएम के नेतृत्व में कलबुर्गी में कैबिनेट बैठक हो रही है। उन्होंने कहा कि विभागवार इस क्षेत्र के व्यापक विकास पर



चर्चा कर नीला नक्शा तैयार करने का भी निर्णय लिया जायेगा। हमारे हिस्से के सभी विधायकों की मांगों की सूची पर नजर डालें तो यह राज्य के बजट के आकार की होगी। उन्होंने कहा कि इस बार योजनाओं पर चर्चा होगी तो कम से कम अगले साल योजनाएं आयेंगी। मंत्री के यह कहने के बाद कि कल्याण कर्नाटक में रिक्त पदों को भरने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, इस मामले को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे विभाग में इंजीनियरों की 800 रिक्तियां पहले ही भरी जा चुकी हैं। कल्याण पथ योजना के तहत अगले दो वर्षों में, हमारे हिस्से की सड़कों की मरम्मत और उन्नयन किया जाएगा। कलबुर्गी और बिदर जिलों में सिंचाई परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव पहले ही प्रस्तुत किए जा चुके हैं। उन्होंने वादा किया कि हम अपने हिस्से के विकास में अन्याय नहीं होने देंगे। इस बीच, राजनीतिक आरोपों पर पलटवार करते हुए प्रियांक खड़गे ने कहा कि कुछ लोग इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि यहां कैबिनेट की बैठक चल रही है, मुख्यमंत्री और सभी मंत्री आ रहे हैं, यह अनावश्यक है, समस्याएं धीरे-धीरे हल हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी कुछ नहीं कर सकते क्योंकि वे शर्मिंदगी पैदा करना चाहते हैं। अगर विरोध है तो विधायक मुनिरत्ना का विरोध होने दीजिए और उससे पहले वह स्पष्ट कर दें कि वह एक शैक्षणिक संस्थान के लिए ली गई जमीन पर बिरयानी होटल चला रहे हैं। विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाडी नारायणस्वामी की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि उन्हें यहां आकर ड्रामा नहीं करना चाहिए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि दर्शन मामले की नहीं बल्कि भाजपा के घोटाले की जांच के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया जाना चाहिए। नागमंगला दंगा मामले की व्यापक जांच की जा रही है। इसके पीछे जो भी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। खड़गे ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा ने दंगों की जांच के लिए तथ्यान्वेषी समिति बनाई है। जब राज्य में सूखा पड़ा तो भाजपा ने तथ्यान्वेषी समिति क्यों नहीं बनायी?

प्रधानमंत्री नागमंगला दंगों के बारे में बात कर रहे हैं। लेकिन येदियुरप्पा के पॉक्सो मामले, मुनिरत्ना मामले के बारे में क्यों नहीं बात करते? क्या उन्हें सूचित किया गया है?

## मैं मुनिरत्ना या दलितों को गाली देने वाले किसी भी व्यक्ति का नहीं करूंगा बचाव : सांसद

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सांसद और भाजपा नेता रमेश जिगाजिनागी ने सोमवार को कहा कि मैं दलितों को गाली देने वाले किसी भी व्यक्ति का बचाव नहीं करूंगा, भले ही वह मेरी पार्टी का ही क्यों न हो। मैं विधायक मुनिरत्ना का सिर्फ इसलिए बचाव नहीं करूंगा, क्योंकि वह भाजपा का सदस्य है।



अगर मुनिरत्ना ने दलितों का अपमान करने का अपराध किया है, तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना चाहिए। पुलिस को मामले की जांच करने दें और उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने दें। मैं इस बारे में कुछ नहीं बोलूंगा। मैं ऐसे लोगों का सिर्फ इसलिए बचाव नहीं करूंगा, क्योंकि हम एक ही पार्टी में हैं। भाजपा विधायक मुनिरत्ना को रविवार को एक सिविल ठेकेदार को कथित तौर पर धमकाने, रिश्वत मांगने और जातिवादी गालियों का इस्तेमाल करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। उन्हें कोलार जिले के नांगली में उस समय हिरासत में लिया गया जब वह आंध्र प्रदेश के चित्तूर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि उन्हें पूर्व पार्षद वेलु नायकर द्वारा दायर मामले में गिरफ्तार किया गया है। जब उनके खिलाफ व्यालिकावल पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज किए गए, तो उन्होंने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया और लापता हो गए। पुलिस ने उनका पीछा करते हुए उनके मोबाइल लोकेशन के आधार पर कोलार जिले के मुलबागिलु तालुक के नंगाली गांव के पास उन्हें हिरासत में ले लिया। फिर उन्हें बेंगलूरु लाया गया और गिरफ्तार कर बॉरिंग हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी मेडिकल जांच की गई और फिर जज के सामने पेश किया गया। पुलिस ने न्यायाधीश से उन्हें एक सप्ताह के लिए पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। जांच न्यायाधीश ने उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। बीबीएमपी के पूर्व सदस्य वेलु नायकर ने व्यालिकावल पुलिस स्टेशन में शिकायत की थी कि उन्होंने जातिगत दुर्व्यवहार किया है। शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच की और उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की। इस मामले में मुनिरत्ना समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## आरएसएस कार्यालय में घुसकर दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मी को करें निलंबित: विजयेंद्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाई.विजयेंद्र ने कहा कि पांडवपुरा में आरएसएस कार्यालय पर पुलिस द्वारा छापेमारी की घटना बेहद निंदनीय है। सरकार को इस घटना के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए और घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों को निलंबित करना चाहिए। सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक पोस्ट में कहा गया है कि आरएसएस कार्यालय पर पुलिस द्वारा छापा मारने की घटना एक संविधान विरोधी कृत्य है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाती है और हिंदू समाज को भड़काने वाला व्यवहार है। गणेशोत्सव जुलूस को लेकर हुए दंगों के कारण नागमंगला की स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है और इस बीच, आग में घी डालने की तरह, पुलिस ने रविवार रात पांडवपुर में आरएसएस कार्यालय में घुसकर अनुचित व्यवहार किया। उन्होंने



अफसोस जताया कि हिंदू समाज इस बात से चिंतित है कि हम लोकतांत्रिक व्यवस्था में रह रहे हैं या हिंदू विरोधी मानसिकता वाली सरकार के साये में। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू के समय से ही कांग्रेस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को प्रतिबंधित करने की कोशिश कर रही है, जिसका जन्म सच्चे राष्ट्रवाद की वकालत करने वाले भारतीय समाज के निर्माण के महान उद्देश्य के साथ हुआ था। आरएसएस, अपने करोड़ों स्वयंसेवकों की सेना के साथ, जो समर्पण, प्रतिबद्धता और बलिदान की पूर्णता का प्रतीक है, उत्पीड़न के बावजूद भी फलता-फूलता रहता है। उन्होंने चेतावनी दी कि बेहतर होगा कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली सरकार को इसका एहसास हो।

# नागमंगला में हिंसा को प्रधानमंत्री द्वारा उजागर करना उचित नहीं: सतीश जारकीहोली

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली ने कर्नाटक में गणेश उत्सव के दौरान नागमंगला में हिंसा को प्रधानमंत्री द्वारा उजागर करने पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागमंगला में हुई हिंसक घटना को उजागर करना और यह टिप्पणी करना उचित नहीं है कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। कर्नाटक में 60,000 से अधिक गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं और उत्सव पूरे जोरों पर हैं। यह एक अलग घटना है। पुलिस अधिकारी इसे प्रभावी ढंग से संभालेंगे। हमें इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहिए। एक सवाल के जवाब में सतीश जारकीहोली ने कहा कि भाजपा विधायक मुनिरत्ना की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित नहीं थी। उन्हें कुछ लोगों, जिनमें कुछ



महिलाएं भी शामिल हैं, के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते देखा गया है। क्या कांग्रेस ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा था? उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि बेलगावी नगर निगम पर वित्तीय बोझ कम हो गया है क्योंकि शहरी स्थानीय निकाय ने सड़क चौड़ीकरण का काम करने के बजाय मालिकों को जमीन वापस करने का फैसला किया है। इससे पहले विपक्ष से जातिगत दुर्व्यवहार और आपराधिक धमकी के आरोप में पूर्व मंत्री मुनिरत्ना की गिरफ्तारी के मुद्दे का राजनीतिकरण न करने का आग्रह करते हुए, पूर्व सांसद डी.के. सुरेश ने इस बात से इनकार किया कि गिरफ्तारी नफरत की राजनीति का नतीजा है। हममें से किसी ने भी मुनिरत्ना को अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने और कमीशन मांगने के लिए नहीं सिखाया था। महिलाओं के खिलाफ इस्तेमाल की जाने वाली भाषा को कोई भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। हम ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं कर सकते जो जातियों के बीच हिंसा को भड़काते हैं और समुदायों को नीचा दिखाते हैं। हालांकि यह घटना एक खुली किताब की तरह है, लेकिन कुछ विपक्षी नेता इस घटना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष के नेता आर. अशोक के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, जिन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री को राजनीतिक बदला लेने के लिए गिरफ्तार किया गया है, सुरेश ने कहा राजनीति और नफरत के बीच क्या संबंध है? किसी ने उन्हें गाली देने के लिए नहीं कहा था। हमें शिकायत दर्ज होने के बाद ही घटना के बारे में पता चला। पुलिस ने अब मुनिरत्ना को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी विवरण जांच के बाद पता चलेगा। जब मुनिरत्न द्वारा लगाए गए इस आरोप पर कि सुरेश उनकी गिरफ्तारी के पीछे हैं, उनकी प्रतिक्रिया मांगी गई तो बेंगलूरु ग्रामीण के पूर्व सांसद और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के भाई ने कहा जैसा कि आपने देखा है, मैं किसी भी चीज में हिस्सा नहीं ले रहा हूँ। मुझे इस मुद्दे के बारे में पता भी नहीं है और मैं जानना भी नहीं चाहता। मैंने लोगों (मतदाताओं) के फैसले का सम्मान किया है और मैं जो भी कर रहा हूँ, उसमें लोगों की मदद कर रहा हूँ।

# आरएसएस कार्यालय में घुसकर अनुचित व्यवहार करना निदंनीय: पी. राजीव

### पुलिस अधिकारी हो निलंबित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के राज्य महासचिव पी. राजीव ने कहा कि पांडवपुर में आरएसएस कार्यालय में घुसकर अनुचित और असभ्य व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारी को निलंबित किया जाना चाहिए और तुरंत एक जांच समिति का गठन किया जाना चाहिए। शहर के मल्लेश्वरम में भाजपा के राज्य कार्यालय जगन्नाथ भवन में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक पुलिस अधिकारी ने पांडवपुर में आरएसएस कार्यालय में घुसपैठ की और कानून का उल्लंघन किया। पुलिस अधिकारी को किसी परिसर में प्रवेश करने के लिए



इसे 2 चरणों में साबित करना होगा। उन्हें वहां जाने के लिए किसने कहा? उन्हें क्या जानकारी मिली? जाने के बाद क्या स्थिति है? उनके पास परिसर, भवन, घर में प्रवेश करने के लिए सर्च वारंट होना चाहिए। यदि कोई तलाशी वारंट नहीं था, तो इसका कारण स्टेशन हाउस डायरी में दर्ज किया जाना था। समुदाय के कुछ सदस्यों को लुभाने के लिए पुलिस अधिकारी किस दुस्साहस के साथ आरएसएस, एक राष्ट्रवादी संगठन, के कार्यालयों में घुस गए? उन्होंने आलोचना की कि यह आरएसएस संगठन को बदनाम करने और कुछ लोगों को खुश करने के लिए तुष्टीकरण की साजिश का हिस्सा था। अन्दर जाकर उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ बहुत अभद्र एवं अनुचित व्यवहार किया। भाजपा पुलिस के इस व्यवहार की कड़ी निंदा करती है। उन्हें तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि तुरंत जांच कमेटी बनायी जाए। उन्होंने कहा कि यह मानवाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पापों से भरी है। लोग पाप के इस उमड़ते कटोरे को किसी भी क्षण रौंद डालेंगे। उन्होंने अनुरोध किया कि केंद्रीय मानवाधिकार आयोग को इस पर ध्यान देना चाहिए। जब व्यवस्था कानून का पालन करने में विफल हो जाती है तो व्यक्तियों और नागरिकों का कानून पर से विश्वास उठ जाता है। उन्होंने मेंगलूरु की घटना के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर यह सरकार जीवित होती तो ऐसे भड़काऊ बयान देने वालों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करती। उन्होंने आपत्ति जताई कि प्रदेश में कांग्रेस शासन के बाद से अराजकता चरम पर पहुंच रही है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी यहां शांति भंग करने वाली ताकतों और उग्रवादी गतिविधियों को संरक्षण दे रही है, इसलिए कर्नाटक में कई तरह के दंगे हो रहे हैं।

### केरल में निपाह वायरस से मौत की पुष्टि के बाद

# कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने निगरानी बढ़ाई

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केरल में हाल ही में निपाह वायरस से बेंगलूरु के एक छात्र की मौत की पुष्टि होने के बाद, कर्नाटक राज्य स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। 24 वर्षीय जिस व्यक्ति की मौत हुई, वह बेंगलूरु के बाहरी इलाके सोलादेवनहल्ली में एक संस्थान में मनोविज्ञान का स्नातकोत्तर छात्र था और मलप्पुरम के थिरुवली पंचायत का रहने वाला था। स्वास्थ्य विभाग की रोग निगरानी इकाई की एक टीम ने संस्थान का दौरा किया और पुष्टि की कि मृतक के अंतिम संस्कार में 32 छात्र और कर्मचारी शामिल हुए थे। कथित तौर पर तीन छात्र मृतक से मिलने गए थे, जब वह अस्पताल में भर्ती था। विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, चिक्कबनवारा और गोपालपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों और चिकित्सा अधिकारियों को प्राथमिक और द्वितीयक संपर्कों पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के परियोजना निदेशक डॉ. अंसार अहमद ने




कहा संस्थान से एक टीम संपर्क ट्रेसिंग कर रही है। दो प्राथमिक संपर्क बेंगलूरु में हैं और उनमें कोई लक्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि विभाग हाई अलर्ट पर है और एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार, पैर में चोट लगने के कारण यह व्यक्ति 25 अगस्त को अपने गृहनगर लौटा था। 5 सितंबर को उसे बुखार आने लगा और उसने स्थानीय क्लिनिक में इलाज कराया। उसकी हालत और बिगड़ गई और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसे एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (एआरडीएस) के साथ एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के लक्षण दिखाई दिए, जिसके बाद 8 सितंबर को उसकी मौत हो गई। सोमवार तक, परिवार के किसी भी संपर्क में कोई लक्षण नहीं दिखाई दिया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा हम निपाह वायरस को लेकर चिंतित हैं, लेकिन लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। राज्य में अभी तक किसी भी संदिग्ध मामले की रिपोर्ट नहीं की गई है। केरल में अंतिम संस्कार में शामिल हुए लोगों में कोई लक्षण नहीं देखा गया है, जिनमें से कई वापस लौट आए हैं।

# धूमधाम से किया गणपति प्रतिमा का विसर्जन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सीरवी समाज हेब्बाल युवा मंडल के तत्वावधान में गणेश महोत्सव का समापन गणपति प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। मंडल द्वारा गणेश भगवान की विशेष पूजा अर्चना और आरती की गई।

आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को गणपति



प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए।

इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। यात्रा में भक्तिमय संगीत की स्वर लहरियां बिखर रही थी। जिसमें गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ तथा गणपति के विभिन्न नारों एवं जयकारों के साथ महिलाएं बच्चे एवं बड़े भी अपने आपको थिरकने से नहीं रोक पाए। गणपति विसर्जन यात्रा हेब्बाल वडेर से कनकनगरा पहुंची। जहां विधिपूर्वक बप्पा का पूजन हुआ तथा गगनभेदी जयकारों के साथ नम आंखों से प्रतिमा का विसर्जन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पुनाराम बर्फा, सचिव भालाराम एवं युवा टीम के नीरमल, कपील, दिनेश गहलोत, मनोज राठौड़, राजू राठौड़ समेत अन्य लोग मौजूद थे।

शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे

## केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू का राहुल गांधी पर सख्त प्रहार

# राहुल गांधी देश के नंबर वन आतंकवादी



**नई दिल्ली, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश का नंबर वन आतंकवादी बताया है। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि राहुल सिखों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। बिट्टू ने राहुल गांधी को पकड़ने के लिए इनाम रखने की भी बात कही। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस भड़की हुई है।

रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी के लिए कहा, पहले उन्होंने मुसलमानों का इस्तेमाल करने की कोशिश की, जब ऐसा नहीं हुआ तो अब वे सिखों को विभाजित करने का प्रयास कर रहे हैं। सिख किसी पार्टी से जुड़ा हुआ नहीं है मगर चिंगारी लगाने की कोशिश हो रही है। राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं।

रवनीत सिंह ने कहा, जो देश के सबसे बड़े वांटेड अलगाववादी बयान देते थे, आज वही बयान राहुल गांधी ने दिया है। जो गोला बंदूक बनाने में माहिर हैं, उन्होंने राहुल गांधी की बात को सराहा है। उन आतंकवादियों और अल-गाववादियों की बात ही राहुल गांधी ने कही है। आप देख लीजिए जो देश के दुश्मन हैं, जो हर टाइम मारने की कोशिश करते हैं, जहाजों, ट्रेनों, रोड को उड़ाने की कोशिश करते हैं, जब वो लोग राहुल गांधी के समर्थन में आ गए तो आप अंदाजा लगा लीजिए। राहुल गांधी देश का नंबर वन आतंकवादी है। अगर किसी पर इनाम रखना चाहिए तो वो राहुल गांधी है। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी के भारतीय होने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, देखिए मेरी राय में राहुल गांधी भारतीय नहीं हैं। उन्होंने अपना अधिकांश समय दुनिया से बाहर बिताया है। उनके दोस्त और परिवार वहीं हैं, इसलिए मुझे लगता है कि कहीं न कहीं वह अपने देश से इतना प्यार नहीं करते हैं क्योंकि वे विदेशी हैं। इसीलिए भारत के बारे में ऐसी नकारात्मक बातें कहते रहते हैं। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस भड़की हुई है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, जिसने राहुल गांधी के आगे पीछे करके अपना पूरा राजनीतिक करियर बनाया। सुप्रिया श्रीनेत ने अपने स्वभाव के मुताबिक बिट्टू को गालियां दीं और असंवैधानिक शब्दों का इस्तेमाल किया।

उल्लेखनीय है कि रवनीत सिंह बिट्टू ने यह बयान राहुल गांधी के उस बयान के विरुद्ध दिया है जो उन्होंने अमेरिका के वर्जीनिया में दिया था। राहुल गांधी ने वहां कहा था, भारत में लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को गुरुद्वारे में पगड़ी और कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी? उनके इसी बयान पर बिट्टू बोले कि आखिर ऐसा कब हुआ कि किसी सिख को पगड़ी या कड़ा पहनने से रोका गया हो।

### जीभ काटकर लाने वाले को 11 लाख का इनाम: गायकवाड़

**मुंबई, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने राहुल गांधी को लेकर विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आरक्षण खत्म करने वाले बयान के लिए जो भी राहुल गांधी की जुबान काटकर लाएगा, मैं उसको 11 लाख का इनाम दूंगा।



इस बात के लिए संजय गायकवाड़ की काफी आलोचना हो रही है। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि वह इस बयान का समर्थन नहीं करते हैं। भाजपा ने महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट के साथ गठबंधन की सरकार बना रखी है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी की थी। हाल की अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सिखों के संबंध में की गयी टिप्पणी पर रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का सबसे बड़ा दुश्मन और आतंकवादी बताया है।

संजय गायकवाड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी ने विदेश बयान दिया है कि वह भारत में आरक्षण व्यवस्था को खत्म करना चाहते हैं। उनकी इस बात ने इसने कांग्रेस को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है। इसके बाद उन्होंने इनाम की घोषणा करते हुए कहा कि राहुल गांधी के इस बयान के लिए जो कोई भी उनकी जुबान काटकर लाएगा, मैं उसे 11 लाख इनाम में दूंगा। गायकवाड़ विदर्भ क्षेत्र की बुलढाणा विधानसभा सीट से विधायक हैं।

## जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव

# जमात-ए-इस्लामी के साथ आवामी इत्तेहाद पार्टी का गठबंधन



**श्रीनगर, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों से पहले आवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) ने गठबंधन किया है। दोनों पार्टियों के बीच संयुक्त बैठक के बाद निर्णय लिया गया। इस दौरान लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद, एआईपी के मुख्य प्रवक्ता इनाम उन नबी समेत पार्टी के अन्य सदस्य शामिल हुए। वहीं जमात-ए-इस्लामी की ओर से गुलाम कादिर वानी और पार्टी के प्रमुख नेता भी शामिल हुए। जमात-ए-इस्लामी संगठन पर भारत सरकार ने बैन लगा रखा है। इस संगठन को सबसे पहले 2019 में गैर कानूनी घोषित किया गया था। 2024 में यह प्रतिबंध फिर बढ़ा दिया गया।

दोनों दलों की बैठक के बाद जारी बयान में इस गठबंधन की जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि दोनों दलों ने क्षेत्र के लोगों के हित में मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि एआईपी कुलगाम और पुलवामा जिलों में जमात-ए-इस्लामी समर्थित उम्मीदवारों का समर्थन करेगी, जबकि जेईआई पूरे कश्मीर में एआईपी उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। साथ ही कहा कि ये गठबंधन जम्मू-कश्मीर में लोगों के लिए शांति, न्याय और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एकजुट मोर्चा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में इससे पहले कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन हुआ था।

जिसके बाद फैसला लिया गया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 90 में से 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ये चुनाव प्रदेश में अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद पहले विधानसभा चुाव हैं। इसमें 7 सीटें एससी और 9 सीटें एसटी के लिए होंगी। यहां तीन चरण में चुनाव होंगे 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर। वहीं मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

# जालंधर में 10 किग्रा हेरोइन सहित चार तस्कर गिरफ्तार




**जालंधर, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद करके तस्करी में शामिल एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने सोमवार को बताया कि सीआईए स्टाफ जालंधर की एक पुलिस टीम थाना डिवीजन छह, जालंधर के क्षेत्र में गश्त कर रही थी, जब उन्होंने शिंदा सिंह उर्फ काला निवासी गांव चक भंगोवाला, थाना ममदोट फिरोजपुर को एक किलोग्राम हेरोइन और चार लाख ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि शिंदा के खिलाफ़फ़ नौ सितंबर को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान मिली जानकारी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 10 किलोग्राम हेरोइन के साथ चार अतिरिक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया।

श्री शर्मा ने कहा कि आरोपियों की पहचान हरजिंदर पाल सिंह उर्फ़ जिंदर निवासी गांव गंडू किलचे ममदोट फिरोजपुर, वीर सिंह उर्फ वीरू निवासी गांव किलचे फ़िरोजपुर, सुरमुख सिंह उर्फ़ सेमा निवासी गांव लंगेआना फिरोजपुर और मलूक सिंह निवासी गांव गंडू किरचे ममदोट फ़िरोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सभी आरोपी सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल थे और पाकिस्तान स्थित तस्कर और संचालकों से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि ये आरोपी पाकिस्तान से हेरोइन की तस्करी के लिये ड्रोन समेत हाईटेक गैजेट्स का इस्तेमाल कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि हरजिंदर पाल सिंह के खिलाफ पहले से ही प्राथमिकी दर्ज है और उसे 2022 में जेल से रिहा किया गया है।

उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान सेना और रियासत डॉगर सहित हैंडलर्स के संपर्क में था, जिसके साथ वह अंतरराष्ट्रीय नंबरों का इस्तेमाल करके संवाद करता था। इसी तरह, पुलिस आयुक्त ने कहा कि अन्य सभी आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है और वे लंबे समय से नशे के कारोबार में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच चल रही है।

## रेल हादसों के पीछे साजिश पर गरजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

# एक-एक को पकड़कर करेंगे कानून के हवाले

### किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे रेल यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़




**नई दिल्ली, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल हादसों के पीछे साजिश की चर्चा के बीच सोमवार को रोष जताते हुए कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले एक-एक अपराधी को पकड़ कर कानून के हवाले किया जाएगा।

श्री वैष्णव ने रेल हादसों के पीछे साजिश होने को लेकर पहली बार ऐसी कठोर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने न्यूज 18 इंडिया के कॉन्क्लेव चौपाल में रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवालों के जवाब में कहा, मैं उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी देता हूं। हम ऐसा करने वाले एक-एक को पकड़ेंगे, एक-एक के पीछे जाएंगे। किसी भी हालत में जो देश के दो करोड़ यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं, जिम्मेदारी के साथ उनकी सुरक्षा करेंगे। किसी को भी यात्रियों की सुरक्षा के साथ खेलने नहीं देंगे। हमें इतना चौकन्ना रहना है कि इस तरह के हर प्रयास को विफल कर सकें।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों रेलवे ट्रैक पर साजिश के तहत कई तरह की चीजें रखे जाने की रिपोर्टें आ रही हैं। इसे लेकर रेल मंत्री ने ऐसी साजिश रचने वालों को चेताया है। श्री वैष्णव ने कहा आज से दस साल पहले देश में हर साल 171 रेल दुर्घटनाएं होती थीं लेकिन आज यह आंकड़ा घट कर 40 तक आ गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी दिन रात मेहनत करके ढांचागत बदलाव करने पर फोकस है जिससे कि दुर्घटनाओं की संख्या 40 से भी कम करें। आने वाले दिनों में हम और जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। यात्रियों की सुरक्षा को और सुनिश्चित करेंगे। छठ पर घर जाने वाले यात्रियों को होने वाली दिक्कतों पर रेल मंत्री ने कहा, जितनी भी ट्रेन चलाते हैं वो फुल हो जाती हैं। रेलवे की क्षमता बढ़ जाएगी। भारत हर साल स्विट्ज़रलैंड के रेल नेटवर्क के बराबर रेलवे ट्रैक जोड़ रहा है। करीब 7 हजार कोच हर साल बन रहे हैं। नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने पर बहुत फोकस है। आगामी 10 साल में रेलवे का आमूलचूल बदलाव हो जाएगा।

### तीन बांग्लादेशी पत्रकारों समेत चार लोग भारत में घुसने की कोशिश में हिरासत में



**ढाका, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** बांग्लादेश के पत्रकार मोजम्मिल बाबू और श्यामल दत्ता समेत चार लोगों को मैमनसिंह में धोबौरा सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के प्रयास में हिरासत में लिया गया है।

मीडिया रिपोर्टों में सोमवार को यह जानकारी दी गयी। स्थानीय अखबार द डेली स्टार ने धोबौरा थाने के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद चान मिया के हवाले से बताया कि स्थानीय लोगों ने सुबह धोबौरा-पुरबधाला सीमा क्षेत्र से चार लो-गों और एक निजी कार को पकड़ लिया। रिपोर्ट के अनुसार श्री बाबू एकटोर टीवी के प्रबंध निदेशक एवं प्रधान संपादक हैं और श्री दत्ता जटिया प्रेस क्लब के पूर्व महासचिव हैं। हिरासत में लिए गए अन्य लोगों में एकटोर टेलीविजन के वरिष्ठ रिपोर्टर महबूबुर रहमान और निजी कार चालक सलीम शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि चारों फ़िलहाल हिरासत में हैं।

# चीन में बढ़ी मांग के कारण पाकिस्तानी गधों की कीमतों में आया उछाल



**इस्लामाबाद, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** चीन से बढ़ती मांग के कारण पाकिस्तान में गधों की कीमतें बढ़कर तीन लाख पाकिस्तानी रुपए प्रति गधा हो गई है।

सोमवार को मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। चीन में गधे की खाल का इस्तेमाल सौंदर्य प्रसाधन और दवा उत्प-ादन में किया जाता है।

कीमतों में अचानक वृद्धि के कारण कराची के लोकप्रिय लेहारी गधा बाजार जैसे बाजारों में स्थानीय खरीदारों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। बाजार में कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण चीन में गधे की खाल की बढ़ती मांग को माना जा रहा है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, गधे की खाल का इस्तेमाल कई तरह के सौंदर्य प्रसाधनों में किया जाता है और इन खालों से ई जिया नामक एक पारंपरिक चीनी दवा भी बनाई जाती है। चीन में मांग में वृद्धि ने गधों को आकर्षक वस्तु बना दिया है, खासकर उन लोगों के लिए जो चीनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खाल का निर्यात करना चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती कीमतों के कारण स्थानीय ग्राहकों के लिए गधे खरीदना मुश्किल होता जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप उन बाजारों में खरीदार कम हो गए हैं, जहां कभी स्थानीय व्यवसायों की ओर से उच्च मांग थी।

बढ़ती लागत सौंदर्य प्रसाधनों और फ़ार्मास्यूटिकल्स में प्राकृतिक संसाधनों की वैश्विक मांग को दर्शाती है, जिसका असर पाकिस्तान के घरेलू बाजारों पर भी पड़ा है। इस मांग में कमी आने के कोई संकेत नहीं होने के कारण, कीमतें ऊंची रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, जून 2023 में पाकिस्तान ने मवेशियों, डेयरी उत्पादों और मिर्च जैसे अन्य सामानों के साथ-साथ चीन को गधे की खाल के निर्यात को मंजूरी दी थी।

### जदयू को प्रखंड स्तर तक धारदार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से जुटना होगा : संजय

**पटना, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय झा ने सोमवार को कहा कि प्रखंड स्तर तक संगठन को और धारदार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से ही जुट जाना है।

श्री झा ने सोमवार को यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की बैठक को लेकर कहा कि पार्टी का जो काम है उसे आगे कैसे करना है इस पर विस्तार से चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के विचारों को जनता तक ले जाना है और आगे जिला और प्रखंड स्तर पर जो कार्यक्रम होना है उसे लेकर चर्चा हुई है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव समय से पहले कराए जाने पर कहा कि पार्टी जब चलती है तो संगठन का काम होता रहता है और बैठक होती रहती हैं। अगले साल चुनाव है सर्वाधिक तौर पर आगे की रणनीति बनती रहती है। आगे पार्टी ने कई कार्यक्रम बनाया है उसको लेकर आज चर्चा हुई है। नेता और कार्यकर्ताओं से भी फ़ीडबैक लिया गया है। श्री झा ने कहा कि मुंबई में हुई इंडिया की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले देश में जातीय गणना कराने का प्रस्ताव रखा था लेकिन कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सभी ने इस पर चुप्पी साध ली। आज वह लोग जातीय गणना की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार इकलौता ऐसा राज्य है, जहां जातीय गणना कराई गई और उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक भी गई। यहां तक उसे लागू भी किया गया। अगर इसमें आगे कुछ होता है तो यह अच्छी बात है।

# पहली अक्टूबर से शुरू होगी मोटे अनाज की खरीद

### मक्का 2225, बाजरा 2625, ज्वार (हाइब्रिड) 3371, ज्वार (मालवांडी) की एमएसपी 3421 रुपए प्रति क्विंटल तय

**लखनऊ, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए मोटे अनाजों की खरीद का फैसला किया है। यह खरीद पहली अक्टूबर से प्रारंभ होगी और 31 दिसंबर तक चलेगी। मोटे अनाज में शामिल मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण और नवीनीकरण चल रहा है। खाद्य एवं रसद विभाग के मुताबिक इसके लिए किसानों को निर्धारित वेबसाइट या ऐप पर पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। इसके लिए किसान सरकार के टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं।

इसके अलावा किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। किसानों को जिस बैंक खाते में भुगतान होगा, उसका आधार से जुड़ा होना आवश्यक है। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी।

श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपए प्रति क्विंटल, बाजरा का 2625 रुपए प्रति क्विंटल, ज्वार (हाइब्रिड) का 3371 और ज्वार (मालवांडी) का 3421 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। खरीद के निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक यूपी के बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, इटावा, बहराइच, बलिया, फर्रुखाबाद, मिर्जापुर, सोनभद्र और ललितपुर में मक्का की खरीद की जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती

# नया इतिहास रचेगा यूपी, 60 हजार सिपाहियों को मिलेगी ट्रेनिंग



**लखनऊ, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** देश की सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा कराने का रिकॉर्ड कायम करने के बाद यूपी पुलिस अब प्रशिक्षण क्षमता में भी नया इतिहास रचने की तैयारी में है। सिपाही भर्ती के 60 हजार अभ्यर्थियों को एक साथ प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। बीते कई वर्षों के प्रयास के बाद प्रदेश पुलिस ने अपनी प्रशिक्षण क्षमता को ढाई गुना से अधिक करने में सफलता हासिल की है।

प्रदेश में वर्तमान में करीब 40 हजार सिपाहियों को एक-साथ प्रशिक्षण देने की क्षमता विकसित की जा चुकी है, जिसे आगामी छह माह में 60 हजार करने का लक्ष्य तय किया गया है। करीब एक दशक पूर्व प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता महज 18 हजार थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा केंद्रों की क्षमता बढ़ाने के निर्देश के बाद युद्धस्तर पर इसे ढाई गुना किया जा रहा है। इसके लिए पीएसी की समस्त वाहिनियों में भी रीजनल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की गई है। इसके लिए बैरकों का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जिलों की पुलिस लाइन में भी प्रशिक्षण देने के इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस विभाग में प्रशिक्षण देने के लिए मुरादाबाद, सीता-पुर, मेरठ, गोरखपुर, सुल्तानपुर, उन्नाव, जालौन में केंद्र हैं। इसके अलावा जिलों और पीएसी में 31 स्थायी और 62 अस्थायी रीजनल ट्रेनिंग सेंटर भी हैं।

पुलिस विभाग का प्रशिक्षण निदेशालय 1983 में अस्तित्व में आया था, जिसके बाद लाखों पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं आजादी से पहले वर्ष 1893 में मुरादाबाद में सबसे पहले पुलिस अकादमी बनी थी। इन सभी केंद्रों में सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी प्रशिक्षण हासिल करते हैं। इस बार करीब 15 हजार महिला सिपाही मिलने की वजह से उनके प्रशिक्षण का भी अलग से इंतजाम हो रहा है। उनके लिए बैरकों का भी निर्माण कराया जा रहा है। बता दें कि महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग प्रशिक्षण दिया जाता है। सिपाही भर्ती के बाद पीएसी में महिलाओं की भर्ती में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

प्रशिक्षण निदेशालय की तैयारी सिपाही भर्ती के सभी 60,244चयनित अभ्यर्थियों को साथ में प्रशिक्षण दिलाने की है। हालांकि इसमें यदि कोई अड़चन आती है तो अन्य विकल्पों जैसे अन्य राज्यों के प्रशिक्षण केंद्रों में भेजना, रोटेशन के आधार पर प्रशिक्षण देना और केंद्रीय बलों के प्रशिक्षण केंद्रों की मदद लेने आदि पर विचार किया जा रहा है। डीजीपी मुख्यालय की स्थापना शाखा ने 60 हजार नवचयनित सिपाहियों को आधारभूत प्रशिक्षण देने के लिए पीएसी की स्थायी एवं अस्थायी आरटीसी में प्रभारी अधिकारियों की तैनाती के लिए प्लाटून कमांडरों के नाम मांगे हैं। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने कहा, मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश पुलिस ने अपने प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता में ढाई गुना का इजाफा किया है। 60 हजार सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनको प्रशिक्षण देने के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए अवस्थापना और कार्मिक सुविधाएं युद्धस्तर पर बढ़ाई जा रही हैं।

# भारत से नेपाल ले जाकर ईसाई बनाने की हो रही थी कोशिश

**महराजगंज, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से लगने वाले नेपाल के सीमाई इलाके में ईसाई धर्मांतरण को लेकर जम कर बवाल हुआ। भारत से ईसाई बनाने के लिए नेपाल ले जाए गए लोगों का विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल नेपाल के कार्यकर्ताओं ने जम कर विरोध किया। इस दौरान नेपाल के स्थानीय लोगों ने धर्मांतरण करवाने वालों के मुंह पर कालिख भी पोत दी और भारत वापस भेज दिया।

शनिवार 14 सितम्बर को महाराजगंज के ठूठीबारी कस्बे से लगभग 100 लोगों का एक जत्था नेपाल की तरफ निकला। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे। नेपाल जाने वाले लोगों में इस इलाके के दलित-पिछड़े वर्ग के लोग भी शामिल थे। बताया गया कि इन्हें अमोस नाम के एक पादरी अमोस ने नेपाल के खैरहनी स्थित चर्च में बुलाया था। यहां उनका धर्मांतरण किया जाना था। इनके लिए नेपाल नंबर की दो विशेष बसें भी नेपाल में खड़ी की गईं थी। यह बसें नेपाल के महेशपुर बस स्टैंड पर खड़ी थीं। यहीं सभी लोग इकट्ठा हुए थे।



यह सभी बसों में बैठते इससे पहले इनके धर्मांतरण की सूचना नेपाल के विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय लोगों को लग गई। वह तुरंत ही इस बस स्टैंड के पास पहुंच गए और धर्मांतरण के विरोध में प्रदर्शन करने लगे। यहां मौजूद स्थानीय लोगों ने भारत से धर्मांतरण के लिए जाने वालों के साथ बदसलूकी की और उनके मुंह पर कालिख पोत दी। स्थानीय लोगों ने यहां के पादरी अमोस की भी पिटाई की। इसके बाद भारत से गए सभी लोगों को स्थानीय लोगों ने यहां से भगा दिया और भारत की सीमा पर छोड़ गए।

नेपाल के लोगों ने इस दौरान पुलिस भी बुला ली। पुलिस ने इन सभी लोगों के नाम-पते नोट किए और चेतावनी भी दी। नेपाल पुलिस के अलावा यहां स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए। भारतीयों को वापस भेजने के बाद यह मामला शांत हुआ। महाराजगंज पुलिस ने इस मामले को ट्विटर पर स्पष्टीकरण दिया है। महाराजगंज पुलिस ने बताया है कि घटना उसके अधिकार क्षेत्र में ना होकर नेपाल में हुई है और इसके संबंध में नेपाल पुलिस से बातचीत चल रही है। पुलिस ने अपील की है कि इस घटना को महाराजगंज का बता कर प्रसारित न किया जाए। इस इलाके में धर्मांतरण का यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले 31 अगस्त, 2024 को भी ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया था। तब नेपाल के सीमावर्ती इलाके में केरल के दो पादरी पकड़े गए थे। यह यहीं के एक स्थानीय चर्च में धर्मांतरण करवाने की फिराक में थे। इनको पकड़ कर यूपी पुलिस को सौंप दिया गया था।

गंभीर मरीजों की सारथी बनी एएलएस एंबुलेंस सेवा

# साढ़े तीन लाख मरीजों को मिली मुफ्त सुविधा

**योगी ने वर्ष 2021 में शुरू की थी एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा**

**लखनऊ, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने प्रदेशवासियों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2021 में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस (एएलएस) सेवा की शुरुआत की थी।

इसके जरिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक मरीजों को इलाज के लिए बड़े संस्थानों में शिफ्ट कर उनकी जान बचायी जा चुकी है। इसमें अति गंभीर, रेस्पिरेटरी मरीज और एक्सीडेंट से प्रभावित मरीज भी हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सत्ता संभालते ही लचर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई बड़े कदम उठाये। आज उसके परिणाम हम सबके सामने हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के छोटे जिले और सुदूर इलाकों के अति गंभीर, रेस्पिरेटरी मरीज और एक्सीडेंट अफेक्टेड पेशेंट्स को गोल्डन ऑवर में बड़े संस्थान में शिफ्ट करके समुचित इलाज उपलब्ध कराने के लिए अगस्त वर्ष 2021 में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की थी।

आज प्रदेश में 250 एएलएस एंबुलेंस सेवा के जरिये अति गंभीर मरीजों को इलाज के लिए विभिन्न जिलों से बड़े संस्थान जैसे एसजीपीजीआई, एम्स, केजीएमयू और लोहिया संस्थान में सुमचित इलाज के लिए शिफ्ट किया जा रहा है। पिछले तीन साल में ऐसे 3,60,584 मरीजों को इलाज के लिए गोल्डन आवर में बड़े संस्थान में शिफ्ट कर इलाज मुहैया कराया गया।

एएलएस एंबुलेंस सेवा के जरिए वाहन दुर्घटना के 63,448 गंभीर पीड़ितों, 17,218 गर्भवती महिलाओं और रेस्पिरेटरी के 71,238 मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके लिए अलावा अन्य कैटेगरी जैसे वन्य जीव संघर्ष में घायल, विषैले जीव-जंतु के काटने से जहर से प्रभावित समेत आदि को भी सुविधा का लाभ दिया गया। वहीं, 108 और 102 एंबुलेंस सेवा के जरिए भी मरीजों को निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन दोनों एंबुलेंस सेवा के जरिए प्रतिदिन 57 हजार से अधिक मरीजों को लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

# पंप स्टोरेज प्लांट्स का केंद्र बनेगा सोनभद्र, चंदौली और मिर्जापुर

**लखनऊ, 16 सितंबर (एजेंसियां)।** सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। मिर्जापुर, चंदौली और सोनभद्र पंप स्टोरेज प्लांट्स का केंद्र बनने की दिशा में अहम भूमिका निभाने को तैयार हैं। इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मिर्जापुर बनने जा रहा है जहां विभिन्न कैपेसिटी के 4 प्लांट्स की स्थापना की जाएगी। वहीं सोनभद्र में लगने वाला पंप स्टोरेज प्लांट सबसे ज्यादा ऊर्जा उत्पन्न करने वाला होगा। चंदौली में भी पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जाएगी।

योगी सरकार इन सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दे दी गई है



और अब इनकी स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। उल्लेखनीय है कि इन 6 प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मिर्जापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास इन प्रिंसिपल अप्रूवल है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं।

सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गर्हावा में 1250 मेगावॉट कैपेसिटी का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्वाग्रीन इंडीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है और यह ऑफ स्ट्रीम लूप पंप प्रोजेक्ट होगा। यहां दो रिजर्वयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी। 6100.62 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए सभी निर्माण व विकास कार्यों को परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। वहीं, चंदौली के मुबारकपुर में इसी वर्ष 8 अगस्त को 600 मेगावॉट कैपेसिटी के हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट के निर्माण को स्वीकृति मिली थी।

इसका निर्माण एक्मे ऊर्जा टू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और यह क्लोज्ड लूप स्टोरेज हाइड्रो प्रोजेक्ट होगा। यहां भी अपर रिजर्वॉयर व लोअर रिजर्वॉयर मैकेनिज्म से ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा और परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को 3544.81 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

मिर्जापुर में पंप स्टोरेज प्लांट्स के प्रोजेक्ट के जरिए योगी सरकार 3480 मेगावॉट ऊर्जा उत्पन्न करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत 26 जून से 29 अगस्त के बीच कुल चार पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स की स्थापना को हरी झंडी मिली है। इनमें अवाडा ग्रुप द्वारा कटरा में 4410 करोड़ रुपए की लागत से 630 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन करने में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट का निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। जबकि, रेन्यू द्वारा गांव कालू पट्टी में 3350 करोड़ रुपए की लागत से 600 मेगावॉट व बबूरा में 4100 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावॉट कैपेसिटी वाले प्लांट्स का निर्माण, विकास व संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार, मिर्जापुर के ही बबूरा रघुनाथ सिंह गांव में ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम द्वारा 3946.12 करोड़ रुपए की लागत से 850 मेगावॉट विद्युत ऊर्जा का उत्पादन में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट के स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इन सभी पंप स्टोरेज पावर प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया भी जल्द पूरी होने जा रही है, जिसके बाद परियोजना को गति देने में मदद मिलेगी।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

# मानवता का कैंसर है पाकिस्तान...





यहां के राजा ने जनता को एकजुट करके त्रिपुरा को विधर्मियों एवं विदेशी आक्रांताओं से बचाए रखा। उन्होंने कहा कि जो सामर्थ्यवान होगा और ताकत का एहसास अपने दुश्मनों को कराएगा, वो हमेशा सुरक्षित रहेगा। लेकिन जो अपनी ताकत खोकर अपने दुश्मन और मित्र को समझने में भूल करेगा, उसी प्रकार का खामियाजा भुगतेगा जैसा आज बांग्लादेश में हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश के हालात पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है कि इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस बात को जानता था कि अगर हम कांग्रेस के द्वारा चलाई गई दुर्वयसंधि का शिकार होते रहेंगे तो कांग्रेस देश का विभाजन कराएगी, हिंदुओं का कत्लेआम कराएगी, उन्हें जातियों में बांटकर लड़ाएगी और भारत की परंपरा-संस्कृति को नष्ट एवं भ्रष्ट कर देगी। आरएसएस की बात सच साबित हुई और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन कराया। उन्होंने कहा कि 1905 में बंगभंग आंदोलन के दौरान अगर बंगाल विरोध नहीं करता तो सबको पता है कि उस समय देश में क्या होता। सीएम योगी ने कहा कि आरएसएस-विश्व हिंदू परिषद अपनी सेवा का प्रोपेगेंडा और सौदेबाजी नहीं करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ आज केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में विद्याभारती के माध्यम से हजारों शिक्षण संस्थानों एवं सेवा के प्रकल्पों का संचालन कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में जनजातीय क्षेत्रों में एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय का संचालन कर रहा है। श्रीराम वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने 1984 में गोरखपुर में जनजातीय छात्रावास प्रारंभ किया था, जिसमें नॉर्थ ईस्ट के बच्चे जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा कि अब भारत का समय है इसलिए आज हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाने की ओर अग्रसर हैं।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से पांच सदी का इंतजार समाप्त हुआ है। कुछ लोगों को मंदिर के बन जाने से बुरा लग रहा है, जिन्हें बुरा लग रहा है उनका हम क्या कर सकते हैं। हम भारत की बहुसंख्यक जनता की आस्था को सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, मथुरा और काशी सनातन धर्म की आस्था के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। ये तीनों स्थल जैसे आज पूज्य हैं, उसी रूप में आगे भी बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखिन: की बात करता है, लेकिन ये तभी संभव है, जब हम सुरक्षित रहेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में आज पूरा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य कर रहा है। आज त्रिपुरा में सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल है। आज से सात-आठ वर्ष पहले यह संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि एक ओर यहां की डबल इंजन की सरकार त्रिपुरा के सर्वांगीण विकास के लिए डबल स्पीड से कार्य कर रही है तो वहीं दूसरी ओर त्रिपुरा में धार्मिक क्षेत्र में भी प्रगति हो रही है।

सीएम योगी ने कहा कि त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश में पहले पर्व और त्योहार के दौरान दंगे होते थे। आज हमने उत्तर प्रदेश में दंगाइयों के लिए बुल्डोजर और भक्तों को प्रभु श्रीराम का मंदिर दे दिया है। उन्होंने कहा कि हम सबको ध्यान रखना होगा कि धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः यानी अगर हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी भी रक्षा करेगा। वहीं अगर अपने स्वार्थ के लिए हम अपने धर्म का बलिदान करेंगे तो धर्म भी आपके साथ उसी प्रकार का व्यवहार करेगा। यतो धर्मस्ततो जयः सनातन धर्म की यही शिक्षा है।

सीएम योगी ने कहा कि मां सिद्धेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर के उद्घाटन का यह कार्यक्रम हम सबके लिए महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि पूज्य संत शांतिकाली महाराज ने 1994 में आश्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाया था। शांतिकाली महाराज ने उस समय जो संकल्प लिए थे, उसे चितरंजन महाराज बिना रुके और बिना डिगे आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए भारत सरकार भी उनका सम्मान कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के एक हाथ में मुरली और दूसरे हाथ में सुदर्शन है। सुरक्षा के लिए केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, उसके लिए सुदर्शन आवश्यक है और जब सुदर्शन हाथ में होगा तो फिर किसी शांतिकाली महाराज को बलिदान नहीं देना पड़ेगा।

सीएम योगी ने नारियल फोड़कर मंदिर का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने विधि विधान से माता सिद्धेश्वरी की पूजा अर्चना की। उसके बाद सीएम योगी ने मंदिर प्रांगण में पौधरोपण भी किया। वे मंदिर में आयोजित महायज्ञ में भी सम्मलित हुए और आहुति डाली। साथ ही लोककल्याण की कामना की। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ महाराजा चित्त रंजन देबबर्मा, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद विप्लब देब, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य, एनडीए के सहयोगी एवं त्रिपुरा राज परिवार के राजकुमार प्रमोद बिक्रम माणिक्य देब बर्मा, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री सचिंद्रनाथ सिन्हा, त्रिपुरा सरकार के मंत्री, विधायक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। बरकथल स्थित यह नवनिर्मित मंदिर पूर्वोत्तर राज्य में शांति काली आश्रम द्वारा प्रबंधित 24 मंदिरों में से एक है। शांति काली आश्रम के प्रमुख महाराजा चित्त रंजन देबबर्मा हिंदू संस्कृति, परंपरा और धर्म की रक्षा के लिए काम करते रहे हैं। उन्हें पिछले साल पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

संपादकीय

# केजरीवाल को जमानत

कई महीने जेल में गुजारने के बाद आखिरकार आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल ही गई। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले हुई इस रिहाई की राजनीतिक चश्मे से अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। भले ही फैसले से आप ने राहत की सांस ली हो, लेकिन जमानत के विरोध को लेकर सीबीआई की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठे हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में यह जमानत दी है। हालांकि, अब केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की रिहाई के आदेश देकर संवैधानिक और कानूनी रूप से सही कदम उठाया है। सार्वजनिक विमर्श में भी यह बात उठती रही है कि एक मुख्यमंत्री व एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता को सामान्य अपराधी की तरह ज्यादा समय तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने कुछ समय पहले इस मुद्दे को लेकर अपनी राय प्रकट की थी। वहीं दूसरी ओर अदालत ने इस आशंका को भी खारिज किया कि रिहाई के बाद मुख्यमंत्री सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। वहीं सवाल सीबीआई की कार्यशैली व विश्वसनीयता को लेकर भी उठे हैं। वैसे भी यदि सीबीआई के पास पुख्ता सबूत थे तो उसे जमानत को लेकर सवाल नहीं उठाने चाहिए थे। जिसके चलते विपक्ष को सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में कार्रवाई करने के आरोप लगाने का मौका मिला। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया से कयास लगाये जा सकते हैं कि इस फैसले का असर हरियाणा चुनाव पर पड़ सकता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि राज्य की जनता में सत्ता विरोधी आक्रोश का जो पूरा लाभ अब तक कांग्रेस को मिलने के आसार थे, उसमें केजरीवाल की सक्रियता से असर पड़ सकता है। एक तो हरियाणा केजरीवाल का गृह राज्य है और दूसरी ओर राज्य में स्टार प्रचारक के रूप में केजरीवाल की सक्रियता आप का जनाधार बढ़ा सकती है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ेगा और वे पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने की कवायद में भी जुट सकते हैं। जिससे भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा हो सकता है। जाहिरा तौर पर हरियाणा में कांग्रेस जिस बड़ी कामयाबी की उम्मीद लगाए बैठी थी, उसके ताजा घटनाक्रम से प्रभावित होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ सहमति न बनने के कारण आप राज्य की सभी सीटों पर ताल ठोक रही है। यह भी कि 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल को कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के दौरान जमानत दी थी। उन्हें 26 जून को फिर से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वे जेल में ही थे। जमानत पर पांच सितंबर को सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिर शुक्रवार को उन्हें जमानत मिली। निश्चित रूप से दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद केजरीवाल की रिहाई से आप के नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है।

### कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है

# हरियाणा चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

ललित गर्ग

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन 'आप' से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही 'आप' को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि 'आप' प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा। हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस



के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे। हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण 'आप' पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में 'आप' पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता। लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है। भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है। इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है। पहलवानों से जुड़ा मामला और बृज भूषण शरण सिंह पर लगे आरोप भी हरियाणा चुनाव में अहम मुद्दा बन गए हैं। पहलवानों ने सिंह पर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जिससे हरियाणा में राजनीतिक परिदृश्य में एक नया आयाम जुड़ गया है।

प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है।

दृष्टि कोण

# राजनीति के साथ दिलों को जीतने का हुनर

समय से पहले चले जाने वाली किसी असाधारण शख्सियत पर लिखना वास्तव में बहुत कठिन होता है। पांच दशकों तक सक्रिय राजनीतिक जीवन में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय धरातल पर अपनी छाप छोड़ने वाले सीताराम येचुरी केवल 72 वर्ष के ही थे। 12 सितंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से उनकी दुखद मृत्यु की खबर बड़े झटके जैसी थी। देश भर से शोक व्यक्त करने हेतु लोगों द्वारा सीताराम येचुरी के साथ जिस तरह से अपने अपने फोटो पोस्ट किये जा रहे हैं वह पुष्टि करता है कि वे जहां भी गए वहीं दिलों पर अपनेपन की छाप छोड़ आए। इन पंक्तियों के लेखक के उनसे समकालीन साथी के तौर पर 50 वर्ष सरोकार रहे। सीताराम येचुरी जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष बने। साल 1975 में आपातकाल का विरोध करने पर दोनों गिरफ्तार हुए। पार्टी की जिम्मेदारियों के चलते साथ काम करने की लंबी अवधि गुजरी।

सीताराम येचुरी बहुप्रतिभावान व्यक्तित्व थे। उत्कृष्ट वामपंथी नेता, प्रखर विचारक, संवैधानिक बारीकियों के ज्ञाता थे। राज्य सभा में अपने बेहतरीन योगदान के लिए 2017 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से नवाजा गया। कम्युनिस्टों की जो कट्टरता वाली परंपरागत छवि गढ़ कर बनाई जाती है उसको बदलते हुए एक असल उदारतावादी और मानवीय सरोकारों वाली पहचान स्थापित करने का श्रेय उन्हें अवश्य जाता है। बता दें कम्युनिस्टों को धर्म के विरुद्ध बताकर विभिन्न धर्मों में आस्था रखने वाले लोगों के बीच उनकी छवि अकसर कट्टरवादी के रूप में गढ़ी जाती रही।

येचुरी ने बीते दिनों अपने संबोधन में धर्म और राजनीति के बीच आवश्यक दूरी को जरूरी बताया था। उनके मुताबिक, 'धर्म और राजनीति के बीच में एक रेखा होती है। उसे लक्ष्मण रेखा माना जाना चाहिए। यदि उसका उलंघन होता है तो वह न केवल राजनीति बल्कि धर्म के लिए भी हानिकारक है। वे आगे कहते हैं कि धर्म हर व्यक्ति का निजी मामला होता है। धर्म आत्मा और परमात्मा के बीच का संबंध है। किस व्यक्ति का परमात्मा कौन है वह केवल उस व्यक्ति की आत्मा जानती है। आत्मा और परमात्मा के बीच में किसी का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं।'

कम्युनिस्ट होते हुए रामायण व महाभारत जैसे भारतीय पौराणिक ग्रंथों के लोकप्रिय संदर्भों को निकाल कर उन्हें समकालीन परिस्थितियों के साथ जोड़ कर प्रासंगिक बनाने में सीताराम येचुरी को महारत हासिल थी। भारतीय संविधान की बुनियादी प्रस्थापनाओं और सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय-समय पर की गई समीक्षाओं को आधार बनाकर मौजूदा संदर्भों में व्याख्या करने के मामले में सीताराम येचुरी को संसद के भीतर और बाहर कोई हल्के में नहीं ले सकता था। राज्य सभा में जनतंत्र, आर्थिक स्थिति, धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रीय संप्रभुता, केन्द्र-राज्य संबंधों के स्वरूप और एक स्वतंत्र विदेश नीति को लेकर उनके भाषण आने वाले चुनौतीपूर्ण दौर में धरोहर से कम नहीं।

सीताराम येचुरी की शख्सियत की तीसरी खासियत यह थी कि वे राजनीतिक दलों के बीच तालमेल बिठाने के एक ऐसे शिल्पकार थे जिसकी स्वीकार्यता सर्वमान्य रही। हाल की जटिलतम राजनीतिक परिस्थितियों में विभिन्न विचारधाराओं वाले दलों को साथ लाकर इंडिया गठबंधन की स्थापना करने जैसे कठिन काम को अंजाम देने में सीताराम येचुरी की भूमिका निर्णायक मानी जाती है। वैचारिक स्पष्टता और वचनबद्धता उनमें ऐसे गुण थे जिनकी बदौलत उन्हें अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच एक विश्वसनीयता प्राप्त थी।

प्रकाश करात और सीताराम येचुरी उस नई पीढ़ी के नेता थे जिन्होंने राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के पुरोधा ईएमएस नंबूदरीपाद, ज्योति बसु, हरकिशन सिंह सुरजीत सरीखे कद्दावर नेताओं से जिम्मेदारी धारण करने का साहस दिखाया और इस दायित्व को बखूबी निभाया भी। कम्युनिस्ट पार्टियों में ऐसा इसलिए संभव हो पाता है कि ये पार्टियां सामूहिक कार्यपद्धति से संचालित होती हैं। हिंदी व अंग्रेजी में एक समान दक्षता से लिखने व बोलने वाले सीताराम येचुरी तेलुगू भाषी परिवार में पैदा हुए थे। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में वह लोकप्रिय वक्ता के रूप में जाने जाते थे। अर्थशास्त्र के विषय में उन्होंने स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री बतौर टॉपर सेंट स्टीफंस कॉलेज से की और जेएनयू में पीएचडी में प्रवेश लिया।

कुछ अलग

# मरीजों की फिक्र

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सहकर्मी से दुराचार व हत्या के विरोध में आंदोलित जूनियर डॉक्टरों को देशव्यापी समर्थन मिलता रहा है। राज्य में भी उन्हें व्यापक सहानुभूति मिली है। निस्संदेह कार्यस्थल पर महिला डॉक्टरों की सुरक्षा व न्याय की उनकी मांग तार्किक ही है। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सा सेवाओं को ठप नहीं किया जा सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में वे ही मरीज उपचार के लिये आते हैं, जो महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते। पश्चिम बंगाल सरकार कह रही है कि हड़ताल शुरू होने के बाद उपचार के अभाव में 23 मरीजों की जान चली गई है। ऐसे में हड़ताली डॉक्टरों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करना चाहिए था। लेकिन विडंबना है कि हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार तक काम पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया। एक माह से जारी हड़ताल से चिकित्सा सुविधाओं का बाधित होना स्वाभाविक है। सार्वजनिक सेवाओं में, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गहन जिम्मेदारी की मांग करता है। असंख्य रोगियों का जीवन चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। लंबे समय से डॉक्टरों की अस्पतालों में अनुपस्थिति से हजारों मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाते देखा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि करीब छह लाख से अधिक मरीज इस हड़ताल के कारण आवश्यक उपचार से वंचित हो गए। निस्संदेह, ये आंकड़े सोचने को विवश करते हैं कि किसी हड़ताल का यथार्थ में कितना व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताली डॉक्टरों की प्रति सहानुभूति व्यक्त की है, लेकिन साथ ही चेताया भी कि उनका विरोध प्रदर्शन उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। साथ ही आश्वासन भी दिया है कि अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा महिला कर्मचारियों के लिये अलग ड्यूटी रूम बनाये जाने जैसे सुरक्षा उपायों को अविलंब क्रियान्वित किया जाएगा। निस्संदेह, डॉक्टरों को देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास कायम रखना चाहिए और अपनी ड्यूटी को अविलंब आरंभ कर देना चाहिए। उनकी अस्पतालों में अनुपस्थिति जहां रोगियों की मुश्किलें बढ़ाती है, वहीं चिकित्सा जैसे आदर्श पेशे के प्रति जनता के विश्वास को भी घटाती है। यही वजह है, अदालत को कहना पड़ा कि आदेश के पालन से इनकार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें दो राय कि देश के चिकित्सा संस्थानों तथा अस्पतालों में असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। इन मुद्दों का अविलंब निस्तारण होना भी चाहिए। लेकिन उन्हें इस बात का भी अहसास होना चाहिए कि लंबे समय तक इस तरह की अवज्ञा न्याय को कमजोर करती है। निस्संदेह, पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों के अपने काम पर लौटने का वक्त आ गया है। जिससे उपचार तथा न्याय बिना देरी के आगे बढ़ सकें। लेकिन साथ ही राज्य सरकार को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों चिकित्सा बिरादरी व आम लोगों में उसकी कारगुजारी को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है। क्यों कलकत्ता हाईकोर्ट को मामले की जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी। आखिर क्यों इस मामले में अभियुक्त व मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल की गिरफ्तारी के बाद भी आक्रोशित डॉक्टरों का भरोसा नहीं लौट रहा है। निस्संदेह, ये हालत शासन-प्रशासन की कारगुजारियों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। वहीं दूसरी ओर हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने से भी बात बनती नजर नहीं आ रही है। लेकिन एक बात तो साफ है कि सरकार व हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों में टकराव की कीमत मरीजों को चुकानी पड़ रही है।

देश दुनिया से

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव: विमर्श के विषय

कभी किसी जमाने की बात याद है न?! जब प्रत्येक राष्ट्रीय क़ानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था Except Jammu and Kashmir- जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था "प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।" 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था?! शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- "अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं।" कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है?! शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक Bomb Toy है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प "एक देश, एक विधान, एक प्रधान" के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दिहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना से 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ने कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छः हज़ार आवासों का निर्माण हो गया है।

अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे।

आप का नजरिया

# बुढ़ापे का सुरक्षा कवच

ऐसे वक्त में जब भारतीय परिवारों के स्वरूप में बदलाव के बाद करोड़ों बुजुर्ग एकाकी जीवन बिता रहे हैं और उनके पास महंगे इलाज के लिये पर्याप्त जमा पूंजी नहीं है, वे अब भविष्य की चिंताओं से कुछ मुक्त हो सकते हैं। निस्संदेह, बुढ़ापा भी अपने आप में एक रोग है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। अकसर भारत में कर्मचारी व आम लोग कहते हैं कि वे जीवन भर आयकर चुकाते हैं, लेकिन बुढ़ापे में सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा ना के बराबर होती है। लेकिन अब मोदी सरकार ने लोकतंत्र के सामाजिक कल्याणकारी स्वरूप को तरजीह दी है। केंद्र सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत' योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है। कहा जा रहा है कि करीब साढ़े चार करोड़ परिवार इस योजना में शामिल होंगे। इन परिवारों के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। बहुत संभव है कि इस समय जब कुछ राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है तो इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थों पर चर्चा हो सकती है। लेकिन भाजपा ने 2024 में लोकसभा चुनाव के लिये जारी घोषणापत्र में वायदा किया था कि सरकार बनने के बाद आयुष्मान भारत योजना के दायरे को बढ़ाकर इसमें सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया जाएगा। अब चाहे उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। अब इस योजना के तहत उन्हें अलग से कार्ड जारी किए जाएंगे। निश्चित रूप से देश में सामाजिक रूप से तेजी से बदलाव आ रहा है। संयुक्त परिवारों की जगह अब एकल परिवार ले रहे हैं। बच्चे सीमित संसाधनों व अन्य कारणों से अपने बुजुर्ग माता-पिता का पूरी तरह ख्याल रखने में सक्षम नहीं दिखते। ऐसे में वृद्धों के लिये यह कदम सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण कहा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जो कमजोर वर्ग के वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत योजना का लाभ ले रहे थे, उन्हें पांच लाख रुपये टॉप-अप कवर मिल सकेगा। वहीं योजना के विस्तार में प्रावधान है कि यदि परिवार में 70 साल के दो बुजुर्ग हैं तो इस योजना का लाभ उन्हें साझा रूप में मिलेगा। वहीं दूसरी ओर सत्तर साल से अधिक उम्र के वे वरिष्ठ नागरिक जो पहले ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं तथा दूसरी सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे अपनी पुरानी योजना या नई योजना का विकल्प चुन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना का व्यय केंद्र व राज्य सरकारें मिल कर उठाती हैं। वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ निजी व राजकीय अस्पतालों में ले सकते हैं। वहीं सरकार की ओर से बताया गया है कि जो सत्तर साल से अधिक के नागरिक प्राइवेट बीमा योजना या फिर राज्य कर्मचारी बीमा योजना का लाभ ले रहे हैं, वे भी नई योजना का लाभ लेने के अधिकारी होंगे।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे




# बांग्लादेश में दो पूर्व मंत्री समेत चार गिरफ्तार

ढाका, 16 सितंबर (एजेंसियां)।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश अवामी लीग के नेताओं की धरपकड़ जारी है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने कल रात राजधानी से पूर्व संस्कृति मंत्री असदुज्जमां नूर और पूर्व नागरिक उड्डयन और पर्यटन राज्यमंत्री महबूब अली को गिरफ्तार कर लिया।

ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, रविवार रात असदुज्जमां नूर को बेली रोड से और महबूब को सेगुनबागीचा इलाके से गिरफ्तार किया गया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मलिक ने कहा कि असदुज्जमां नूर को मीरपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में रात करीब 11: 00 बजे गिरफ्तार किया गया। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि असदुज्जमां ने 2001 से संसद में अवामी लीग का प्रतिनिधित्व किया। हाल ही में 12वें संसदीय चुनाव में उन्हें निलफामारी-2 के लिए संसद सदस्य के रूप में चुना गया।

नूर ने 2014 में संस्कृति मंत्री की भूमिका निभाई। महबूब अली 2014 और 2018 में दो बार हबीगंज-2 से अवामी लीग के लिए संसद सदस्य चुने गए। पुलिस उपायुक्त मोहम्मद तालेबुर रहमान ने कहा कि महबूब अली को जतराबारी पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया गया।

प्रोथोम अलो के अनुसार, पांच अगस्त को छात्र-जन विद्रोह में अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से अब तक कम से कम 27 पूर्व मंत्रियों, संसद सदस्यों और पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। बांग्लादेश के ही समाचार पत्र द डेली स्टार ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के कानूनी और मीडिया विंग के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल मुनीम फेडौस के हवाले से राजशाही-4 के पूर्व विधायक इनामुल हक को आज ढाका के अदबोर इलाके से गिरफ्तार करने की खबर दी है।

उन्हें पांच अगस्त को राजशाही में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर हमले को लेकर बाघमारा पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा मदारीपुर जिला अवामी लीग के अध्यक्ष शहाबुद्दीन अहमद को भी बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने कुमिला में बिबीर बाजार सीमा से गिरफ्तार किया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### फजलुर रहमान को भरोसे में न लेने पर नवाज शरीफ सरकार से नाराज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने संवैधानिक संशोधन के संबंध में अपनी सरकार की रणनीति पर नाराजगी व्यक्त की है। वह रविवार को लाहौर से इस्लामाबाद पहुंचे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनकी राष्ट्रपति जरदारी और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (फजल) के नेता मौलाना फजलुर रहमान के साथ मुलाकात भी तय कराई। बावजूद इसके नवाज ने दोनों से मुलाकात नहीं की। आज वह लाहौर पहुंच गए। खबर में कहा है कि नवाज शरीफ ने कहा है कि सरकार को संशोधन पर आगे बढ़ने से पहले फजलुर रहमान को विश्वास में लेना चाहिए था। जियो न्यूज ने इस घटनाक्रम पर कहा है कि संभवतः नवाज शरीफ की नाराजगी के मद्देनजर ही आज दोपहर साढ़े 12 बजे विभिन्न नेताओं ने मौलाना फजलुर रहमान से मुलाकात की। इस राजनीतिक घटनाक्रम के केंद्र में दक्षिणपंथी नेता और मौलाना फजलुर रहमान का इस्लामाबाद स्थित आवास आ गया है। रविवार देररात उनसे मिलने प्रमुख राजनीतिक हस्तियां पहुंचीं। इनमें अवाम पाकिस्तान पार्टी के प्रमुख शाहिद खाकन अब्बासी, मिफ्ताह इस्माइल, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती, पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक कक्कड़, अब्दुल गफूर हैदरी और कामरान मुर्तजा प्रमुख हैं।

### ओली सरकार का घटक दल नेपाली कांग्रेस चीन की नीति से खफा

**काठमांडू।** नेपाल की केपी ओली सरकार का घटक दल नेपाली कांग्रेस चीन की नीति से खफा है।



नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने चीन की नेपाल नीति की तीखी आलोचना की है। एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में सोमवार को थापा ने कहा कि नेपाल पर चीन की नीति उनकी समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेपालआने वाला चीन का हर सरकारी प्रतिनिधिमंडल दो तरह की बात करता है। बीजिंग से आने वाला चीन का राजदूत हो या प्रतिनिधिमंडल जब वह गैर वामपंथी दलों से मिलता है तो नेपाल के सभी राजनीतिक दलों से बराबर का संबंध होने की दुहाई देता है। जब वामपंथी दलों से मिलता है तो तुरंत वाम एकता की बात करता है। सभी कम्युनिस्ट दलों को मिलाकर एक दल बनाने का दबाव बनाता है। नेपाली कांग्रेस के महामंत्री ने कहा कि चीन यह विदेश नीति समझ से परे है। नेपाल के आंतरिक मामले में वह सीधा हस्तक्षेप करता है। वामपंथी दलों की सरकार बनने पर चीन खुलकर समर्थन करता है । हरसंभव मदद देने की बात करता है। दूसरी पार्टी की सरकार बनती है तो रवैया बदल लेता है।इस मौके पर लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुधीर शर्मा ने कहा कि नेपाल की आंतरिक राजनीति में बढ़ता चीन का हस्तक्षेप किसी भी कोण से नेपाल के हित में नहीं है। अगर नेपाल ने इसका विरोध नहीं किया तो वह दिन दूर नहीं जब नेपाल में कोई अमेरिका समर्थक पार्टी होगी तो कोई भारत समर्थक।

### चीन के शंघाई में तूफान बेबिनका की दस्तक, फ्लाइट्स रद्द, रेलगाड़ी, स्कूल-कॉलेज बंद, तटीय क्षेत्र खाली कराया गया



**बीजिंग।** चीन के सबसे बड़े औद्योगिक शहर शंघाई में इस साल का 13वां तूफान बेबिनका दस्तक दे चुका है । आज सुबह साढ़े सात बजे चली तेज हवा से कई जगह पुराने वृक्ष उखड़ गए। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसका प्रभाव पुडोंग जिले के लिंगांग क्षेत्र में नजर आया। हवाई, रेल और बस सेवा को रद्द कर दिया गया। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। शंघाई केंद्रीय मौसम विज्ञान वेधशाला का कहना है कि बेबिनका 75 वर्ष के इतिहास में शंघाई में आया सबसे शक्तिशाली तूफान है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, शनिवार रात को आए तूफान के आज पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के किदोंग के उत्तर और पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के निंगबो के दक्षिण के इलाकों के बीच टकराने की आशंका है। रविवार रात आठ बजे शंघाई के दोनों हवाई अड्डों से उड़ानें रद्द कर दी गईं। छह सब-वे लाइनें और अन्य नौ सब-वे लाइनों के फ्लाई-ओवर खंड में आज परिचालन बंद रहेगा। शंघाई से जुड़ने वाले कई राजमार्गों को रविवार रात 10 बजे बंद कर दिया गया। यांग्त्जी नदी डेल्टा के पार चलने वाली कुछ ट्रेनों को निलंबित कर दिया गया है। शंघाई डिज्नी रिजॉर्ट भी आज बंद रहेगा।

# बांग्लादेश का अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से आग्रह-रोहिंग्या संकट का समाधान खोजा जाए

ढाका, 16 सितंबर (एजेंसियां)।

**बांग्लादेश ने संयुक्त राज्य अमेरिका से कहा है कि रोहिंग्या संकट का समाधान करना जरूरी है। बांग्लादेश ने स्थायी समाधान खोजने के लिए मूल कारण को जानने पर जोर दिया है। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीमुद्दीन ने रविवार को दौरे पर पहुंचे अमेरिकी उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करने के बाद राज्य अतिथि गृह पद्मा में देररात संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, हमने उनसे कहा कि इस मुद्दे को हल किया जाना चाहिए। हमने मूल कारण को तलाशने पर पर जोर दिया। जशीमुद्दी ने कहा कि रोहिंग्या संकट पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश की भूमिका की सराहना की है।**



बांग्लादेश ने हालिया घटनाक्रम पर अमेरिकियों का ध्यान आकर्षित किया। हाल ही में 8,000 से अधिक रोहिंग्याओं ने बांग्लादेश में प्रवेश किया है। बांग्लादेश में पहले से ही कॉक्स बाजार और भासन चार में 1.2 मिलियन से अधिक रोहिंग्या रह रहे हैं। बांग्लादेश के विदेश सचिव ने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग में अंतरराष्ट्रीय वित्त के सहायक सचिव ब्रेंट नीमन के नेतृत्व में छह सदस्यीय अंतर-एजेंसी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल, अमेरिकी विदेश विभाग के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव डोनाल्ड लू के साथ मुलाकात की। इस दौरान पद्मा नदी और द्विपक्षीय हित के मुद्दों पर चर्चा हुई। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच और यूएसएआईडी की उप सहायक प्रशासक अंजलि कौर भी शामिल थीं। विदेश सचिव ने कहा कि बांग्लादेश ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न सुधारों पर अंतरिम सरकार द्वारा पहले ही उठाए गए कदमों की जानकारी दी। वित्तीय क्षेत्र और राजस्व सुधार, मुद्रा प्रबंधन, व्यापार और निवेश, जलवायु परिवर्तन, कानून प्रवर्तन सुधार और रोहिंग्या मानवीय प्रतिक्रिया सहित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में आर्थिक संबंध प्रभाग के सचिव, राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष, वाणिज्य सचिव, श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव के साथ-साथ गृह मंत्रालय और बांग्लादेश बैंक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इससे पहले, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सलाहकार डॉ. मुहम्मद यूनुस, विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और वित्त सलाहकार डॉ. सालेहुद्दीन अहमद से शिष्टाचार मुलाकात की।

### मस्क ने उठाया सवाल बोले- बाइडेन और कमला पर क्यों नहीं होते हमले

**पेरिस।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की दूसरी कोशिश के बाद अमेरिकी खुफिया विभाग एफबीआई मामले की जांच कर रही है। एजेंसी ने कंफर्म किया है कि ट्रंप की हत्या का प्रयास किया गया है लेकिन, मकसद अभी अस्पष्ट है। आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। उसका पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है। रिपोर्ट है कि आरोपी यूक्रेन समर्थक है और डेमोक्रेटिक पार्टी को सपोर्ट करता है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच टेक अरबपति एलन मस्क ने विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट से सनसनी मचा दी है। उन्होंने सवाल किया कि सिर्फ ट्रंप पर ही जानलेवा हमले क्यों हो रहे हैं जो बाइडेन या कमला हैरिस पर हत्या का प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है टेक अरबपति एलन मस्क ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दूसरे हत्या के प्रयास पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक एक्स यूजर ने मस्क की पोस्ट पर रिप्लाई किया था कि वे डोनाल्ड ट्रम्प को क्यों मारना चाहते हैं इसका जवाब देते हुए, टेस्ला के सीईओ ने कहा, और कोई भी बाइडेन या कमला हैरिस की हत्या करने की कोशिश नहीं कर रहा है। इस साल जुलाई में मस्क ने आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रम्प को अपना समर्थन देने की घोषणा की थी।

# इलेक्ट्रिक ट्रक में लगी आग को बुझाने में लग गया 50 हजार गैलन पानी




कैलिफोर्निया, 16 सितंबर।

**टेस्ला कंपनी के सेमी ई-ट्रक में आग लग गई। आग को बुझाने में 50 हजार गैलन यानी 1.90 लाख लीटर से ज्यादा पानी लगा। मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दी। ट्रक में आग लगने घटना कैलिफोर्निया के इंटरस्टेट 80 पर लेक ताहो के पश्चिम में हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रक मोड़ पर सड़क से उतर गया और एक पेड़ से टकरा गया।**

एनटीएसबी ने कहा कि आग बुझाने के लिए फायर कर्मियों ने एहतियात के तौर पर पानी के अलावा विमान का भी सहारा लिया जिसके जरिए से अग्निरोधी पदार्थ को आग के ऊपर गिराया गया ताकि आग पर काबू पाया जा सके और आग को फैलने से रोका जा सके।

बता दें 50,000 गैलन पानी 50 फीट लंबा और 24 फीट चौड़ा स्विमिंग पूल के बराबर होता है, जिसकी गहराई 3-8 फीट है। यह औसत घरेलू इनग्राउंड पूल से काफी बड़ा है, जो आमतौर पर 20-40 फीट लंबा और 10-20 फीट चौड़ा होता है। इसके अलावा, फायर डिपार्टमेंट द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाले एक सामान्य टैंकर में 3 हजार गैलन पानी आता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ला ट्रक, कैलिफोर्निया के लिवरमोर में एक गोदाम से स्पार्क्स, नेवादा स्थित कंपनी की बैटरी को फैक्ट्री में ले जा रहा था। इस घटना के कारण राजमार्ग ढ्ढ-80 का एक हिस्सा करीब 15 घंटे तक बंद रहा। फायर कर्मियों ने बताया कि आग लगने के दौरान बैटरी का तापमान एक हजार फारेनहाइट यानी 540 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

बता दें कि जिस सेमी इलेक्ट्रिक ट्रक में आग लगी थी उसका डिजाइन टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने नवंबर 2017 में एक कार्यक्रम के दौरान दुनिया के सामने रखा था। उन्होंने तब वादा किया था कि यह 2020 में बाज़ार में आएगा। हालांकि कंपनी ने अभी भी बड़े पैमाने पर ट्रक बनाना शुरू नहीं किया है।

# डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार रेयान वेस्ले रॉथ की यूक्रेन से सहानुभूति

वाशिंगटन, 16 सितंबर (एजेंसियां)।



अमेरिका में फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एके-47 से हमला करने का आरोप में गिरफ्तार रेयान वेस्ले रॉथ यूक्रेन का समर्थक है। रूस-यूक्रेन युद्ध में उसकी पूरी सहानुभूति यूक्रेन के साथ है। 58 वर्षीय रेयान वेस्ले रॉथ की मानसिकता पर विस्मय करने यह खुलासा किया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप की हत्या की कोशिश के रूप में वर्णित रॉथ यूक्रेन में लड़ने और मरने की इच्छा व्यक्त कर चुका है। रॉथ ने सिग्नल पर अपने प्रोफाइल बायो में लिखा है, नागरिकों को इस युद्ध को बदलना होगा और भविष्य के युद्धों को रोकना होगा। व्हाट्सऐप पर उसने बायो में लिखा था, हममें से प्रत्येक को मानवाधिकारों, स्वतंत्रता और लोकतंत्र का समर्थन करने में मदद के लिए रोजाना छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार रॉथ को कोई सैन्य अनुभव नहीं है। उसने रूस के आक्रमण के बाद यूक्रेन की यात्रा की। वह वहां लड़ने के लिए अफगान सैनिकों की भर्ती करना चाहता था।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित वेस्ट पाम बीच पर इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स के बाहर गोलीबारी हुई। ट्रंप अपने फ्लोरिडा स्थित घर में गोल्फ खेल रहे थे। तभी लगभग 300 मीटर की दूरी पर गोल्फ कोर्स के किनारे झाड़ियों के बीच से किसी ने गोली चलाई और भागने का प्रयास किया। एफबीआई के अनुसार, एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने भाग रहे हमलावर का पीछा किया। उसे काउंटी में दबोच लिया। आरोपित एके-47 के अलावा एक अन्य बंदूक, दो बैकपैक, एक गोप्रो कैमरा लाया था। सनद रहे, 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप को गोली मारी गई थी। हालांकि, गनीमत रही कि गोली उनके कान को छूती हुई निकल गई।

# संविधान में संशोधन करने जा रहा उत्तर कोरिया,पडोसी देशों से बढ़ सकता है टकराव

सोल, 16 सितंबर (एजेंसियां)।



अपनी सनक के लिए जग जाहिर उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन दक्षिण कोरिया को अपना मुख्य दुश्मन मानता है। आए दिन दोनों देशों के बीच टकराव की खबरें भी आती रहीं हैं। इसी बीच उत्तर कोरिया ने कुछ दिन पहले घोषणा कर दी कि वो संविधान में संशोधन करेगा। इसके बाद संविधान संशोधन पर काम शुरु किया गया।किम के आदेशानुसार एकीकरण संबंधी धाराएं हटा दी गईं तथा समुद्री सीमा सहित देश की क्षेत्रीय सीमाओं को नए सिरे से निर्धारित किया गया। इससे दक्षिण कोरिया से टकराव बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है।

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने पहले कहा था कि उत्तर कोरिया अपनी अगली एस।पी।ए। बैठक में 1991 में हस्ताक्षरित अंतर-कोरियाई बुनियादी समझौते को रद्द कर सकता है। बता दें कि 1991 के समझौते के तहत अंतर-कोरियाई संबंधों को एक विशेष संबंध के रूप में परिभाषित किया गया था। केसीएनए ने कहा कि देश के समाजवादी संविधान में संशोधन और उसे त्रुटि मुक्त (पूरक) करने के साथ ही उत्तर कोरिया हल्के उद्योग और बाह्य आर्थिक मामलों पर कानूनों पर विचार-विमर्श और उन्हें अपनाने तथा गुणवत्ता नियंत्रण कानून के प्रवर्तन की निगरानी के मुद्दे पर भी चर्चा करेगा।

उत्तर कोरिया अगले महीने एक महत्वपूर्ण संसदीय बैठक आयोजित करेगा। बैठक में मुख्य रूप से देश के संविधान में संशोधन किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को राज्य मीडिया ने दी। इससे पहले उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन ने दक्षिण कोरिया को अपना मुख्य दुश्मन बताने के लिए संवैधानिक संशोधन का आह्वान किया था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली (एसपीए) का 11वां सत्र 7 अक्टूबर को प्योंगयांग में आयोजित किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी में एसपीए की बैठक में उत्तर कोरिया के नेता ने संविधान में संशोधन कर दक्षिण कोरिया को अपना प्रमुख शत्रु बताया था। वहीं, युद्ध की स्थिति में दक्षिण कोरियाई क्षेत्र पर पूर्ण कब्जा करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई थी।गौरतलब है कि एसपीए उत्तर कोरिया के संविधान के तहत राज्य सत्ता का सर्वोच्च अंग है, लेकिन वास्तव में यह सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के निर्णयों पर केवल मुहर लगाता है। इस बीच, उत्तर कोरिया द्वारा नए एसपीए प्रतिनिधियों को चुनने के लिए शीघ्र ही चुनाव कराने की संभावना है, क्योंकि उसने अगले महीने संसदीय बैठक बुलाने की घोषणा की है।

# चीन के एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान से उड़ान भरेंगे लड़ाकू विमान

बीजिंग, 16 सितंबर (एजेंसियां)।

**चीन अपने एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान पर तैनात करने के लिए जे-35 स्टील्थ फाइटर जेट का परीक्षण कर रहा है। फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापुल्ट सिस्टम से लैस है, जो भारी से भारी विमानों को भी आसानी से टेकऑफ करा सकता है। इसे अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड के बराबर माना जाता है। हालांकि यह भी समुद्री परीक्षण के दौर से गुजर रहा है।**

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल की शुरुआत में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) नेवी के पहले एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग पर एक नए प्रकार के युद्धक विमान का परीक्षण किया था।

नया विमान लंबे समय से प्रतीक्षित जे-35 हो सकता है। इसे एफसी-31 के नाम से भी जाना जाता है। यह चीन का नेक्स्ट जेनरेशन कैरियर बेस्ड फाइटर जेट भी है। पाकिस्तान इसी विमान का एक अलग वेरिएंट खरीदने की योजना बना रहा है।

हालांकि, चीन ने पाकिस्तान को एफसी-31 बेचने को लेकर अभी मंजूरी नहीं दी है। चीन के पास वर्तमान में दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, लिओनिंग, जो सोवियत युग के जहाज का एक नया रूप है और दूसरा-शेडोंग, जो 2019 में कमीशन किया गया दूसरा स्वदेशी रूप से निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर है।

**जे-35 स्टील्थ फाइटर जेट का किया जा रहा परीक्षण**



चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान दोनों एयरक्राफ्ट कैरियर से बड़ा है। फुजियान की विस्थापन क्षमता 80 हजार टन है। वर्तमान में इस एयरक्राफ्ट कैरियर का समुद्री परीक्षण चल रहा है। यह पूरी तरह से घरेलू रूप से विकसित और निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर है जिसमें अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड के समान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम लगे है।

वहीं, चीन के बाकी के दो एयरक्राफ्ट कैरियर स्की जंप टेक ऑफ रैंप से लैस हैं। सिर्फ फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर में ही फ्लैट-टॉप फ्लाइट डेक है।

चीन अभी तक एयरक्राफ्ट कैरियरों से जे-15 विमान संचालित करता है। विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया कि चीन के पास अब सेवा के लिए तैयार एक नए प्रकार का एयरक्राफ्ट कैरियर से ऑपरेट होने वाला विमान है।

रिपोर्ट ने यह भी पुष्टि की कि नया लड़ाकू विमान न केवल चीन के तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान पर ऑपरेशनल है, जो इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट से सुसज्जित है, बल्कि पिछले दो कैरियरों लियाओनिंग और शेडोंग से भी उड़ान भर रहा है।



# साक्षी मलिक, गीता फोगाट ने की कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की घोषणा

**नई दिल्ली , 16 सितंबर (एजेंसियां) ।**

भारतीय पहलवान साक्षी मलिक और गीता फोगाट ने सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) के गठन की घोषणा की।

साक्षी ने एक्स पर घोषणा की, हमारे गाँव और समुदायों ने हमें पाला-पोसा, लेकिन पूरे राष्ट्र ने हमें चैंपियन बनाने में एकजुट होकर मदद की। तिरंगे के लिए लड़ने से बड़ा कोई सम्मान नहीं हो सकता है, और आपके प्यार और प्रेरणा से यह संभव हो सका। हम आपके प्रति आभारी हैं और अपने सार्वजनिक एवं निजी सहयोगियों के भी योगदान के लिए धन्यवाद करते हैं। हम विशेष रूप से सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए आभारी हैं।

उन्होंने आगे कहा, आपके विश्वास का एकमात्र उत्तर यही है कि हम अपनी खेल प्रतिभा, अनुभव, दृढ़ता और सफलता को खेल की सेवा में समर्पित करें। हम तीनों ने इसीलिए कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) का गठन किया है। डब्ल्यूसीएसएल, एक विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय लीग है, जो हमारे पहलवानों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर वैश्विक खेल में अपनी पहचान बनाने के लिए कौशल और ताकत प्रदान करेगी। यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, विशेषज्ञों द्वारा संचालित वातावरण में सर्वश्रेष्ठ समर्थन प्रणालियों के साथ किया जाएगा।

पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत के भी लीग में भाग लेने की बात कही जा रही है।

साक्षी ने कहा, हमें खुशी है कि अमन हमारे विज़न को शेयर करते हैं और इस यात्रा में हमारे साथ जुड़े हैं। अमन ने कहा है कि यह लीग एक बहुत प्रशंसनीय पहल है जो भारतीय कुश्ती के लिए बहुत फायदेमंद होगी, इसलिए मैं इसका हिस्सा बनना चाहता हूँ और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूँ। हम भारतीय कुश्ती के इस चमकते सितारे के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

साक्षी ने आगे लिखा, कुश्ती में भारतीय खेलों की सबसे प्रेरक कहानियों में से कुछ की वीरता, गौरव और समुदाय की भावना निहित है। डब्ल्यूसीएसएल के माध्यम से हम उन कहानियों को भी जीवंत करेंगे! हालांकि डब्ल्यूसीएसएल का ध्यान कुश्ती पर है, लेकिन यह हमारी भारतीय खेलों में निरंतर उच्च प्रदर्शन की संस्कृति को विकसित करने और हर भारतीय को खेल की खुशी का अनुभव कराने की तीव्र इच्छा से प्रेरित है।

साक्षी ने अंत में कहा, यद्यपि डब्ल्यूसीएसएल की स्थापना हम दोनों (साक्षी और गीता) द्वारा की गई है, यह एक राष्ट्रीय मिशन है जो सभी हितधारकों के साथ निकट सहयोग में सम्मानपूर्वक काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। जीतना, आखिरकार, एक टीम खेल है। हमारा दिल केवल भारत के लिए, भारतीय कुश्ती के लिए और भारतीय खेलों के लिए धड़कता है। आइए, एक साथ मिलकर अपने सपनों का खेल भारत बनाएं! जय हिंद।

साक्षी, जिन्होंने बजरंग पुनिया और विनेश फोगट के साथ मिलकर बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध का नेतृत्व किया था, ने पिछले साल कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### फुटबॉल मैच रद्द होने के बाद एम्स्टर्डम में हुए दंगों में आठ अजाक्स प्रशंसक गिरफ्तार



**द हेग।** पुलिस हड़ताल के कारण अजाक्स और एफसी उट्रेच के बीच इरेडिविसी फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच रद्द होने से भड़के दंगों के बाद डच पुलिस ने रविवार को एम्स्टर्डम में आठ अजाक्स प्रशंसकों को गिरफ्तार किया है। प्रशंसक शहर के केंद्र में एकत्र हुए, जिससे पुलिस मुख्यालय को नुकसान पहुंचा और पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की गई। भीड़ द्वारा अधिकारियों के साथ टकराव जारी रखने के बाद दंगा पुलिस को तैनात किया गया। दंगाई सबसे पहले सेंट्रल एम्सटर्डम के एक सार्वजनिक चौराहे लीडसेप्लेन में पुलिस की हड़ताल का विरोध करने के लिए एकत्र हुए थे, जिसके कारण अजाक्स को लगातार दूसरे रविवार को लीग मैच से चूकना पड़ा। विरोध प्रदर्शन बढ़ता गया, जिसके परिणामस्वरूप इलाके में ट्रामों को रोक दिया गया और खिड़कियों को तोड़ दिया गया। अजाक्स बनाम एफसी उट्रेच मैच को रद्द कर दिया गया क्योंकि सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई पुलिस उपलब्ध नहीं थी, पुलिस अधिकारी समय से पहले सेवानिवृत्ति लाभों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और हड़ताल पर हैं। दो हफ़्ते पहले, रॉटरडैम में फेयेनोर्ड बनाम अजाक्स नामक एक और एरेडिविसी मैच भी चल रही पुलिस हड़ताल के कारण रद्द कर दिया गया था।

### ला लीगाः रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज कमर की चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड अपने आक्रामक मिडफील्डर ब्राहिम डियाज के बिना लगभग तीन महीने तक खेलेगा, क्योंकि शनिवार को रियल सोसिएदाद के खिलाफ 2-0 की जीत में उन्हें कमर में चोट लग गई थी। क्लब की वेबसाइट पर बताया गया, रियल मैड्रिड के मेडिकल विभाग द्वारा हमारे ब्राहिम डियाज पर किए गए परीक्षणों के बाद, खिलाड़ी को उनके दाहिने पैर की एबडक्टर लॉन्गस मांसपेशी में चोट का पता चला है। उनकी प्रगति पर नजर रखी जाएगी, उन्हें ठीक होने में लगभग तीन महीने लगेंगे। मोरक्को के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने जूड बेलिंगहैम और ऑरेलियन टचौमेनी की चोटों के कारण रियल सोसिएदाद के खिलाफ मुशकिल शुरुआत की थी, लेकिन उनके दाहिने कमर में दर्द को नोटिस करने के बाद सिर्फ 24 मिनट में रॉड्रिगो को उनकी जगह लेना पड़ा। रियल मैड्रिड के लिए अच्छी खबर यह है कि बेलिंगहैम और टचौमेनी दोनों के फिट होने की संभावना है जब रियल मैड्रिड मंगलवार रात को स्टटगार्ट के खिलाफ अपने चैंपियंस लीग अभियान की शुरुआत करेगा।

### उम्मीद है, मैंने साबित कर दिया है कि ऊपरी क्रम मेरे लिए बेहतरः लियाम लिविंगस्टोन



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को उम्मीद है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 आई श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में साबित कर दिया है जो ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द होने पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही। लिविंगस्टोन को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इंग्लैंड ने पिछले तीन टी20 विश्व कप में लिविंगस्टोन को फिनिशर के तौर पर इस्तेमाल किया है। लेकिन 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने शीर्ष पर बेहतरीन प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई। स्काई स्पोर्ट्स के हवाले से लिविंगस्टोन ने कहा, मैंने थोड़ा और शामिल होने का आनंद लिया, कुछ लड़कों के दूर होने के कारण बल्ले और गेंद दोनों से मौका मिला, इसलिए मैं अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। उन्होंने श्रृंखला का समापन सबसे अधिक रन बनाने वाले और संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में किया। अपने प्रभावशाली स्ट्रोक प्ले पर भरोसा करते हुए, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 62.00 की औसत से 124 रन बनाए। अपने ऑफ ब्रेक के साथ, उन्होंने मध्य ओवरों के दौरान प्रभाव डाला और 7.60 की औसत से पाँच विकेट लिए। लिविंगस्टोन के अलावा ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट और सीन एबॉट ने भी दो टी20आई में पाँच-पाँच विकेट लिये। बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद, लिविंगस्टोन, जो अपनी नई भूमिका का आनंद ले रहे हैं, इंग्लैंड की हार्ड-हिटिंग टी20आई सेटअप में खुद को उच्च बल्लेबाजी करने में सक्षम साबित करने के बारे में आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, यह एक अलग माहौल रहा है, और मैंने वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद लिया है।

# ओड़ीशा -आरएफए एचपीसी के एथलीटों ने सैफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते पांच पदक

**नई दिल्ली , 16 सितंबर (एजेंसियां) ।**

ओडिशा-रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉरमेंस सेंटर (आरएफए एचपीसी) के एथलीटों ने चेन्नई में सैफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर अपनी चमक बिखेरी। डीएम जयराम ने दो पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य और पुरुषों की 4×100 मीटर रिले स्पर्धा में रजत पदक शामिल है, जहां उनके साथ ओडिशा-आरएफ एचपीसी के एथलीट महेंद्र सांता भी शामिल थे।




सबिता टोप्पो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में रजत पदक जीता और लक्ष्मीप्रिया किसान ने भी महिलाओं की 800 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता।

प्रदर्शन को लेकर, ओडिशा-आरएफ एचपीसी के मुख्य कोच मार्टिन ओवेन्स ने कहा, एसएएफएफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप वास्तव में एक अच्छी प्रतियोगिता थी और कुछ युवा एथलीटों के लिए पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व करने का एक अच्छा अवसर था। हमारे दृष्टिकोण से, जयराम ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। उनका मुकाबला दो बहुत ही उच्च गुणवत्ता वाले श्रीलंकाई धावकों से था, जिन्होंने जयराम की तरह जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था। उन्होंने अब तक के सत्र की अपनी सर्वश्रेष्ठ दौड़ लगाई, इसलिए मैं उनके प्रयास से बहुत प्रसन्न था।

उन्होंने आगे कहा, जयराम और महेंद्र ने भी 4×100 मीटर रिले टीम में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। महेंद्र अभी भी डेंगू से उबर रहे हैं और भविष्य में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। लक्ष्मी एक बड़ी सकारात्मक बात थी क्योंकि उन्हें अंतिम समय में ही बुलाया गया था। उनका टर्नअराउंड कम था, लेकिन उन्होंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। मेरे हिसाब से हमारे दल में सबसे अच्छा प्रदर्शन सबिता का रहा, क्योंकि उन्होंने पहली बार अंडर 14 में दौड़ लगाई। जब वह शीर्ष स्थिति में होती है, तो वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करती है। ओडिशा में एथलीटों को इतनी अच्छी तरह से तैयार करने के लिए यहां की टीम पर वास्तव में गर्व है।

ओडिशा-आरएफ एचपीसी, ओडिशा सरकार और रिलायंस फाउंडेशन का एक मजबूत सहयोगी प्रयास है, जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में एथलेटिक्स के मानक को बेहतर बनाना और घरेलू स्तर पर ऐसे एथलीट तैयार करना है जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह से सफलता हासिल कर सकें।

अपनी सफलता में ओडिशा-आरएफ एचपीसी की भूमिका को स्वीकार करते हुए जयराम ने कहा, पिछले दो सालों में मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है और मुझे लगता है कि मैं बहुत आगे निकल आया हूं। हाई परफॉरमेंस सेंटर का हिस्सा बनने से पहले मुझे इस तरह की ट्रेनिंग भी नहीं मिली थी। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

अंतिम मिनट में प्रवेश पाने वाले किसान ने 2:10.87 का समय निकालकर रजत पदक जीता। सबिता ने 13.96 सेकंड का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पदक जीतने के लिए पिछले सैफ जूनियर रिकॉर्ड के अंदर रहीं। जयराम ने 10.56 सेकंड का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो भारत के लिए सैफ जूनियर रिकॉर्ड के अंदर था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड के कप्तान होंगे हैरी ब्रूक

**लंदन।** हैरी ब्रूक अपने करियर में पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया है। जोस बटलर के पांच मैचों की सीरीज से बाहर होने के बाद ब्रूक को कप्तान बनाया गया है। बटलर, जिन्हें टी20आई के लिए भी नहीं चुना गया था, अपनी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं जो उन्हें पहले लगी थी। बटलर की चोट ने लियाम लिविंगस्टोन के लिए भी वनडे टीम में वापसी के दरवाजे खोल दिए हैं, जिन्हें पहले नजरअंदाज किया गया था। इस तेजतर्रार ऑलराउंडर को मौजूदा टी20आई सीरीज में अब तक पांच विकेट चटकाने और दूसरे टी20आई में सिर्फ 47 गेंदों पर 87 रन बनाने का इनाम मिला है। बटलर, जो जुलाई के अंत में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से नहीं खेले हैं, अब नवंबर में कैरिबियन दौरे के लिए टीम में वापसी का लक्ष्य रखेंगे। ब्रूक, जिन्होंने 2018 में अंडर-19 विश्व कप में इंग्लैंड की कप्तानी की थी, हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ओली पोप के डिप्टी थे, जहां बेन स्टोक्स अनुपस्थित थे। ईसीबी ने यह भी पुष्टि की है कि युवा तेज गेंदबाज जोश हल, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ अंतिम टेस्ट में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, को क्वाड चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। वनडे सीरीज 19 सितंबर को ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया वनडे के लिए इंग्लैंड की टीम: हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, जॉर्डन कॉक्स, बेन डकेट, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जेमी स्मिथ, ओली स्टोन, रीस टॉपली, जॉन टर्नर।

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले भारतीय शिविर में शामिल हुए सरफराज



**चेन्नई, 16 सितंबर (एजेंसियां) ।**

मौजूदा दलीप ट्रॉफी में एक अतिरिक्त मैच खेलने के बाद, सरफराज खान गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले सोमवार को यहां एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय टीम से जुड़ गए। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैचों के बाद आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा के बाद शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे अन्य खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए, वहीं सरफराज को कथित तौर पर चयनकर्ताओं ने एक अतिरिक्त मैच खेलने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने 16 रन बनाए, क्योंकि इंडिया बी ने इंडिया सी को पहली पारी में बढ़त दे दी। सरफराज अपने साथियों की तुलना में बाद में शिविर में शामिल हुए, इसलिए संभावना है कि पहले टेस्ट में मध्य क्रम की भूमिका के लिए 26 वर्षीय सरफराज को राहुल से पहले प्राथमिकता दी जाएगी। राहुल, जिन्हें श्रृंखला के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में चुना गया है, दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में इंडिया ए की इंडिया बी से हार में 37 और 57 रन की पारी खेलकर आ रहे हैं और हैदराबाद में पहले टेस्ट में क्वाड्रिसेप्स की चोट के बाद इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर होने के बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। सरफराज ने उस सीरीज में राहुल की जगह ली थी, उन्होंने राजकोट में तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था और पांच पारियों में 50 की औसत से 200 रन बनाए थे। इसके कारण वह उस सीरीज के तीन डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे जिन्हें बांग्लादेश सीरीज के लिए टेस्ट टीम में बरकरार रखा गया - आकाश दीप और ध्रुव जुरेल अन्य हैं। हालांकि सरफराज के बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की प्रशंसा की गई, लेकिन घरेलू सर्किट पर खूब रन बनाने वाले इस खिलाड़ी को भारत के लिए फिर से सफेद कपड़े पहनने से पहले थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि सीनियर राहुल और विराट कोहली लंबे सीजन से पहले सबसे लंबे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

# टेबल टेनिस : सन यिंगशा, लिन शिदोंग ने जीता डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाऊ का खिताब

**मकाऊ, 16 सितंबर (एजेंसियां) ।**

**चीन की सुन यिंगशा और लिन शिदोंग ने रविवार को विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चैंपियंस मकाऊ 2024 में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में खिताब जीता। टेबल टेनिस प्रशंसकों के बीच शाशा के रूप में भी जानी जाने वाली सुन ने हमवतन वांग यिदी के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की, उन्होंने इंचियोन और चोंगकिंग में विजयी होने के बाद 2024 की अपनी तीसरी डब्ल्यूटीटी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह सुन का पांचवां डब्ल्यूटीटी चैंपियंस खिताब भी था।**

सुन ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अगले ओलंपिक चक्र के लिए यह एक शानदार शुरुआत थी, उन्होंने कहा कि प्रत्येक मैच के साथ उनके फॉर्म में काफी सुधार हुआ है।




उन्होंने कहा, अगले चार वर्षों में कई बदलाव और प्रतिस्पर्धा होगी, लेकिन मैं पहली चैंपियनशिप जीतकर बहुत खुश हूं, जिसने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया है।

वहीं, लिन ने जर्मनी के किउ डांग को 4-0 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीटी चैम्पियनशिप खिताब जीता। मैच के बाद, 19 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रेस को बताया कि उनका प्रदर्शन उनकी उम्मीदों से बढ़कर था।

शनिवार को जापान की मिवा हरिमोटो पर 4-2 से जीत के साथ सन ने फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि लिन ने सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी वांग चुकिन को 4-1 से हराया था।

सन और लिन ने बताया कि वे आगामी चाइना स्मैश 2024 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो 26 सितंबर से 6 अक्टूबर तक बीजिंग में आयोजित किया जाएगा।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की

**कोलंबो, 16 सितंबर (एजेंसियां) ।**

श्रीलंका ने बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ओशादा फर्नांडो की वापसी हुई है, जबकि निशान मदुश्का टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं।

ओशादा 18 महीने की अनुपस्थिति के बाद श्रीलंका की टीम में वापस आ रहे हैं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने ए टीम के साथ अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद वापसी की है, जो अभी दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही है। दो मैचों की श्रृंखला के पहले अनौपचारिक टेस्ट में, ओशादा ने 122 और 80 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन किया, जिससे श्रीलंका की ए टीम जीत गई।

वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान, मदुश्का ने दो टेस्ट में 4, 0, 7 और 13 के स्कोर बनाए। खराब फॉर्म के कारण उन्हें तीसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया। भले ही ओशादा टीम में वापस आ गए हैं, लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो सकता है।

न्यूजीलैंड सीरीज में श्रीलंका के लिए प्लेइंग इलेवन में दिमुथ करुणारत्ने, निसांका, कुसल मेंडिस, दिनेश चांदीमल, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा और कामिंडू मेंडिस सभी अपनी जगह बनाए रखने की संभावना रखते हैं। रमेश मेंडिस आठवें नंबर के स्थान को भरने वाले खिलाड़ी के रूप में उभर सकते हैं। स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए, शेष तीन स्थानों पर स्पिनर प्रभात जयसूर्या और दो तेज गेंदबाजों के होने की संभावना है। दोनों टेस्ट गाले में होंगे। पहला टेस्ट खत्म होने के बाद दूसरा मैच 26 सितंबर से शुरू होगा।



न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की टेस्ट टीम: धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चंडीमल, कामिंडु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, ओशादा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, विश्व फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे, मिलन रथनायके।

# अगस्त माह के लिए आईसीसी प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुने गए वेल्लालागे, हर्षिता

**दुबई, 16 सितंबर (एजेंसियां) ।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को श्रीलंकाई खिलाड़ी दुनीथ वेल्लालागे और हर्षिता समरविक्रमा को अगस्त 2024 के लिए क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया। वेल्लालागे ने भारत के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और समरविक्रमा ने आयरलैंड दौरे पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इससे पहले एक ही देश के खिलाड़ियों द्वारा एक ही महीने में पुरस्कार जीतने का एकमात्र उदाहरण तब था जब इस साल जून में जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुना गया था। वेल्लालागे ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स से आगे रहते हुए प्रतिष्ठित मासिक पुरस्कार जीता, जो शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य खिलाड़ी थे। वेल्लालागे के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने भारत पर 2-0 से सीरीज जीत हासिल की। 31 वर्षीय



बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने नाबाद 67, 39 और दो रन बनाए, जबकि सीरीज में सात विकेट भी चटकाए, जिसमें तीसरे मैच में 27 रन देकर पांच विकेट लेना भी शामिल है। यह पांचवीं बार है जब किसी श्रीलंकाई खिलाड़ी ने पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता है, इससे पहले एंजेलो मैथ्यूज (मई 2022), प्रभात जयसूर्या (जुलाई 2022), वानिंदु हसरंगा (जून 2023) और कामिंडु मेंडिस (मार्च 2024) इस पुरस्कार को जीत चुके हैं। पुरस्कार जीतने पर वेल्लालागे ने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है, क्योंकि यह मान्यता मुझे एक खिलाड़ी के रूप में अच्छा काम जारी रखने और मैदान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपनी टीम में योगदान देने के लिए और अधिक ताकत देती है। मैं अपने साथियों, माता-पिता, दोस्तों और रिश्तेदारों को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि मुझे यकीन है कि मेरी उपलब्धि उन्हें बहुत संतुष्टि प्रदान करेगी, क्योंकि वे हमेशा मेरा समर्थन करते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से इस तरह की मान्यता मिलना हमारे जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे निश्चित रूप से खेल में युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। आयरलैंड की जोड़ी ओरला प्रेंडरगैस्ट और गैबी लुईस को पछाड़ने वाली समरविक्रमा ने आयरलैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया और वह वनडे में शतक लगाने वाली श्रीलंका की तीसरी महिला क्रिकेटर बन गईं। 26 वर्षीय बाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने डबलिन में खेले गए दो टी20 मैचों में 169.66 की स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए, जिसमें पहले मैच में 45 गेंदों पर नाबाद 86 रन की मैच जिताऊ पारी शामिल है। उन्होंने बेलफास्ट में तीन वनडे मैचों में 82.69 की स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए, जिसमें दूसरे मैच में 105 रन की पारी भी शामिल है।

समरविक्रमा आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतने वाली श्रीलंका की दूसरी खिलाड़ी हैं। कैप्टन चमारी अथापथु ने तीन बार सितंबर 2024, मई 2024 और जुलाई 2024 में यह पुरस्कार जीता है। पुरस्कार जीतने पर समरविक्रमा ने कहा कि यह सम्मान बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 से तीन सप्ताह से भी कम समय पहले मिला है। हर्षिता समरविक्रमा ने कहा, मैं इस सम्मान से बेहद खुश हूं, जिसे मैं अपने करियर में एक नई ऊंचाई मानती हूं। यह निश्चित रूप से मुझे बड़ी प्रतियोगिता, महिला टी-20 विश्व कप से पहले बहुत आत्मविश्वास देता है। यह उपलब्धि मेरे आस-पास के अविश्वसनीय समर्थन नेटवर्क मेरे साथी, कोच, माता-पिता, मेरी बहन, भाई, दोस्त और सलाहकार के बिना संभव नहीं होती। मैं इस अवसर पर उन सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं उन खिलाड़ियों की भी सराहना करना चाहती हूं जिन्हें मेरे साथ प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित किया गया था।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ




# एलआईसी ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए इंफोसिस को चुना

**नई दिल्ली,16 सितंबर (एजेंसियां)।**

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म (मंच) के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इंफोसिस को चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस एलआईसी को ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित वैयक्तिकरण सुविधाएं प्रदान करेगा।


इंफोसिस ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में यह जानकारी दी है। कंपनी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी के साथ इंफोसिस ने सहयोग का समझौता किया है, ताकि एलआईसी डीआईवीई (डिजिटल नवाचार एवं मूल्य संवर्धन) नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके। इंफोसिस के मुताबिक इस समझौते के तहत वो एलआईसी के साथ मिलकर डिजिटल इनोवेशन एंड वैल्यू एन्हांसमेंट (डीआईवीई) नामक अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल को आगे बढ़ाया है।

कंपनी ने बताया कि एलआईसी ने बैंकिंग, वित्तीय और बीमा क्षेत्रों में इंफोसिस की गहन विशेषज्ञता और अनुभव को देखते हुए उस चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी, जो एलआईसी के ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जुड़ाव और डेटा आधारित वैयक्तिकृत अनुभव देने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, कंपनी ने इस सौदे की राशि के बारे में नहीं बताया है।

उधर, सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि हमारा इंफोसिस के साथ समझौता हमारे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## न्यूज ब्रीफ

### अडाणी पावर, अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में आठ फीसदी तक तेजी




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह को महाराष्ट्र में लंबी अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय और ताप बिजली आपूर्ति का ठेका मिलने के बाद सोमवार को अदाणी पावर के शेयर में लगभग आठ प्रतिशत की तेजी आई। इस ठेके के लिए समूह की 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली ने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टोरेंट पावर जैसी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर अदाणी पावर का शेयर 7.53 प्रतिशत बढ़कर 681.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 7.59 प्रतिशत बढ़कर 681.55 रुपये पर कारोबार कर रहा था। अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर भी बीएसई पर 7.39 प्रतिशत बढ़कर 1,920 रुपये पर पहुंच गए। एनएसई पर यह 7.25 प्रतिशत बढ़कर 1,918 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

### नियमों का पालन नहीं करने वाले बैंकों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार बैंकों के लिए जुर्माना बढ़ाने के बारे में विचार कर सकती है, यदि वे नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि सरकार इस सिलसिले में नियामक प्रणाली की समीक्षा कर सकती है, जिसके लिए बैंकिंग विनियमन (बीआर) अधिनियम 1949 और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम 1934 में संशोधन किया जा सकता है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि वर्तमान में जुर्माना राशि बहुत कम है। हम इस पर नियामक के साथ चर्चा करेंगे और प्रावधानों में संशोधन की संभावनाओं पर विचार करेंगे। मौजूदा व्यवस्था में रिजर्व बैंक बीआर अधिनियम की धारा 46 और 47 ए समेत अन्य प्रावधानों के तहत जुर्माना लगा सकता है, जो नियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघन पर लगाया जाता है।

### टोरेंट पावर हरित परियोजनाओं के लिए 64,000 करोड़ निवेश करेगी



**गांधीनगर।** टोरेंट पावर ने सोमवार को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 64,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। कंपनी ने बताया कि इससे करीब 26,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। विविध क्षेत्र में काम करने वाली टोरेंट समूह की एकीकृत बिजली कंपनी टोरेंट पावर लिमिटेड ने हरित और टिकाऊ भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कंपनी ने सोमवार को गांधीनगर में री-इन्वेस्ट कार्यक्रम के चौथे संस्करण में केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को दो शपथ पत्र सौंपे। री-इन्वेस्ट का आयोजन नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सीआईआई के साथ मिलकर किया है। बयान के अनुसार कंपनी ने 2030 तक 57,000 करोड़ रुपये के निवेश से 10 गीगावाट की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता हासिल करने के लिए एक शपथ पत्र सौंपा है। इस निवेश से लगभग 25,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की उम्मीद है। दूसरा शपथ पत्र 7,200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक लाख किलो टन प्रति वर्ष (केटीपीए) क्षमता वाले ग्रीन अमोनिया उत्पादन संयंत्र के लिए है। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 1,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

# मजबूती का रिकॉर्ड बनाने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली,16 सितंबर (एजेंसियां)।**

दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना लिया। इसके बाद मुनाफा वसूली का दबाव पड़ने पर दोनों सूचकांक गिर कर कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचे। दिन के दूसरे सत्र में एक बार फिर खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान कैपिटल गुड्स, बैंकिंग, रियल्टी, पावर, मीडिया और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थ केयर, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। आईटी, एफएमसीजी और टेक सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आमतौर पर तेजी बनी रही, जिसके कारण बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। हालांकि, मिडकैप इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ बंद हुआ।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 470.53 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 468.71 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,201 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,150 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,957 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 94 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,492 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,225 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,267 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए।



बीएसई का सेंसेक्स 94.39 अंक की मजबूती के साथ 82,985.33 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 293.40 अंक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 83,184.34 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर बाद ये सूचकांक बिकवाली के दबाव की वजह से 58.12 अंक की कमजोरी के साथ 82,832.82 अंक तक गिर गया। दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक ने वापस हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 97.84 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 82,988.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 50.15 अंक की बढ़त के साथ 25,406.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद आधे घंटे में ही ये सूचकांक खरीदारी के सपोर्ट से अभी तक के सर्वोच्च स्तर 25,445.70 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 20.30 अंक की कमजोरी के साथ 25,336.20 अंक तक लुढ़क गया। इसके बाद एक बार फिर खरीदारी शुरू हो जाने से इस सूचकांक ने हरे निशान में वापसी कर ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 27.25 अंक की तेजी के साथ 25,383.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिन-भर की खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी 2.42 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.77 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.72 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 1.51 प्रतिशत और लार्सन एंड टूब्रो 1.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। बजाज फाइनेंस 3.33 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.25 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.95 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 1.37 प्रतिशत और ब्रिटानिया 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत



**नई दिल्ली,16 सितंबर (एजेंसियां)।**


घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दो दिन की तेजी के बाद मामूली गिरावट नजर आ रही है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर गया है। सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 74,930 रुपये से लेकर 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 68,790 रुपये से लेकर 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी गिरावट आई है। कीमत में आई गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में कमजोरी आई है।

# अमेजन और फ्लिपकार्ट पर जल्द शुरू होगी बड़ी सेल

**नई दिल्ली,16 सितंबर।**




**ई-कॉमर्स साइट अमेजन और फ्लिपकार्ट पर साल की सबसे बड़ी सेल जल्द ही शुरूआत हो सकती है। इन सेल का नाम फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज और अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिबल सेल है। इस सेल में उपभोक्ताओं को मोबाइल, होम एप्लाइसेंस, घर की डेकोरेशन, कंप्यूटर, मोबाइल असेसरीज पर बेपर डिस्काउंट मिलने जा रहा है।**

साथ ही कस्टमर को बैंक ऑफर्स का भी फायदा मिलेगा। सूत्रों से पता चला है कि फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज सेल 2024 की शुरूआत 27 सितंबर से हो सकती है। इस दौरान यूजर्स को एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ट पर इंस्टैंट कैशबैक देखने को मिलेगा। फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज सेल 2024 के दौरान एप्पल, सैमसंग और गूगल जैसे ब्रांड अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन की कीमतों में कमी कर सकते हैं। स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के अलावा लाइफस्टाइल, किराना, घर और फर्नीचर उत्पादों पर छूट मिलेगी।

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल की भी जल्द ही शुरूआत होनी वाली है। हालांकि इसकी तारीखों का खुलासा नहीं हुआ है। इस सेल के दौरान ग्राहकों को स्मार्टफोन, कंप्यूटर, लैपटॉप और टैबलेट आदि पर अच्छा डिस्काउंट मिलेगा।

# एयर इंडिया ने शुरू की दिल्ली-कुआलालंपुर नॉनस्टॉप दैनिक उड़ान

**मुंबई,16 सितंबर (एजेंसियां)।**

**टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने नई दिल्ली से कुआलालंपुर के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप दैनिक उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की एयरबस ए320 नियो (नया इंजन विकल्प) विमान द्वारा संचालित ये उड़ान 15 सितंबर को स्थानीय समयानुसार 2043 बजे कुआलालंपुर में लैंड किया।**




एयर इंडिया ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि हमने राजधानी नई दिल्ली और मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बीच अपने नए नॉन-स्टॉप रूट के उद्घाटन का जश्न मनाया। कंपनी ने कहा कि यह मलेशियाई यात्रियों के लिए एयरलाइन के विश्वव्यापी नेटवर्क तक पहुंचने के लिए नए कनेक्शन को खोलती है, जो पांच महाद्वीपों में फैला हुआ है। एयरलाइन ने कहा कि अब कुआलालंपुर के लिए प्रतिदिन नॉन-स्टॉप उड़ान भरें।

उल्लेखनीय है कि कुआलालंपुर दक्षिण पूर्व एशिया में एयर इंडिया का छठा गंतव्य है, जो इस क्षेत्र में उसकी उपस्थिति और लगातार बढ़ते वैश्विक मार्ग नेटवर्क को और मजबूत करता है। कुआलालंपुर के लिए एयर इंडिया की सेवा भारत और मलेशिया के बीच यात्रियों की बढ़ती संख्या के लिए एक नया विकल्प प्रदान करती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### इसी कार्यकाल...

एकसाथ चुनाव कराने का कानून इसी कार्यकाल में लागू करने का फैसला किया है। भाजपा अन्य राजनीतिक दलों का भी समर्थन पाने की उम्मीद कर रही है। कई विपक्षी दलों और विपक्षी शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने एक देश-एक चुनाव के विचार का विरोध किया है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व वाली एक देश-एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव अनिश्चितता का माहौल बनाते हैं और नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करते हैं, उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से नीति निर्माण में निश्चितता बढ़ेगी। एक साथ चुनाव के फायदों पर प्रकाश डालते हुए समिति ने कहा कि एक देश एक चुनाव मतदाताओं के लिए आसानी और सुविधा सुनिश्चित करता है, मतदाताओं को थकान से बचाता है और अधिक मतदान की सुविधा प्रदान करता है।

### एक देश...

बार-बार होने वाले चुनाव से विकास की योजनाओं की गति अवरूद्ध होती है और अन्य परेशानियां भी आती हैं। इनसे निजात मिलेगी। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इससे मतदाता बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर आएंगे और विकास कार्य भी निर्बाध गति से जारी रहेंगे। विकास योजनाओं को लेकर केंद्र सरकार के जो फैसले हैं, उनका क्रियान्वयन इसके बाद बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की थी। इस समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय के चुनाव कराने की भी सिफारिश की है। समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की हालांकि उसने 18 संवैधानिक संशोधन की सलाह दी है जिनमें से अधिकांश को राज्यों की विधानसभा से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी।प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक देश, एक चुनाव की जोरदार वकालत की है। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से पीएम मोदी ने कहा था कि बार-बार चुनाव से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने चुनाव घोषणापत्र में एक देश, एक चुनाव को प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था।

### ये मोदी है...

इसके साथ ही उन्होंने कई वंदे ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, जिनमें नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली और पहली 20 कोच वाली ट्रेनें शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 100 दिन के इन फैसलों में देश के हर नागरिक, हर परिवार, हर वर्ग के कल्याण की गारंटी पक्की हो गई है। इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं पर काम शुरू हुआ है। चुनाव के दौरान मैंने 3 करोड़ नए घर बनाने की गारंटी देश को दी थी, इस गारंटी पर तेजी से काम हो रहा है। गांव हो या शहर, हम सभी के लिए बेहतर जिंदगी जीने की व्यवस्थाएं जुटाने में लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हर कोई आज गणेश उत्सव मना रहा है। आज मिलाद-उन-नबी भी मनाया जा रहा है। देशभर में कई त्यौहार मनाए जा रहे हैं। इन उत्सवों क समय में विकास का उत्सव भी जारी है। आज यहां 8,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। आज नमो रैपिड रेल का भी उद्घाटन हुआ है।

### आतंकवाद को ...

एक ओर वे लोग (नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस) आतंक से लैस जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं, तो दूसरी ओर पीएम मोदी विकसित कश्मीर बनाना चाहते हैं। धारा-370 हटने के बाद यहां की महिलाओं को जो आरक्षण मिला है, उसे वो (नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस) समाप्त करना चाहते हैं, तो वहीं मोदी जी महिलाओं के साथ गुर्जर, पहाड़ी, दलित और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं।शाह ने कहा, 1990 की तरह आज भी प्रयास हो रहे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने यहां कुछ वादे किए हैं कि उनकी सरकार आएगी तो आतंकवादियों को छोड़ देंगे। मैं आज आप लोगों को कहता हूं कि ये नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी की हिम्मत नहीं है, भारत की भूमि पर आतंकवाद फैलाए।

### संविधान विरोधी...

भीतर बच्चों को शारीरिक तौर पर दंड दिया जाता है। बच्चों को इन मदरसों के भीतर बताया जाता है कि इस्लाम ही सर्वोच्च है।बच्चों का शारीरिक शोषण भी इन मदरसा में एक समस्या है, इसके कई मामले सामने आए हैं, आयोग ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष चिंता जताई है। एनसीपीसीआर ने कहा कि मदरसे अल्पसंख्यक संस्थान की श्रेणी में आते हैं और उन्हें संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 15 (1) से छूट प्राप्त है। यह दोनों कानून बच्चों में समानता और और उनके स्वस्थ तरीके से और स्वतंत्रता और सम्मान की स्थिति में विकसित होने के अवसर और सुविधाएं देना सुनिश्चित करते हैं।एनसीपीसीआर ने यह भी खुलासा किया है कि इन मदरसा में बड़ी संख्या में गैर-मुस्लिम छात्र भी पढ़ते हैं। यह देश के संविधान के अनुच्छेद 28 (3) का उल्लंघन है। इस्लामी शिक्षा देने वाले यह मदरसे किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 का उल्लंघन भी करते हैं। एनसीपीसीआर ने तर्क दिया है कि यहां बच्चों को इस्लाम के अलावा भी और धर्म को मानने से रोका जाता है, इसीलिए यह किशोर न्याय अधिनियम की धरा 75 का उल्लंघन है।एनसीपीसीआर ने उन पुस्तकों का भी संज्ञान लिया है जिन्हें दारुल-उलूम-देवबंद द्वारा जारी किए गए फतवों के आधार पर बनाया गया है और मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल कर दिया गया है। ऐसे ही एक फतवे में तक्वियत-उल-ईमान नाम की एक किताब को प्रामाणिक स्रोत बताया गया है। चिंता की बात यह है कि इस किताब में इस्लाम पर काफी कट्टर विचार लिखे हुए हैं।आयोग ने यह भी पाया है कि मदरसों में पढ़ाई जाने वाली कई किताबों में बताया जाता है कि इस्लाम ही सर्वोच्च है। इससे यह चिंताएं बढ़ गई हैं कि मदरसों में बच्चों को एक विचार की तरफ झुकाया जा सकता है। इसके अलावा, एनसीपीसीआर ने पाया कि मदरसों की कुछ किताबों में नाबालिगों के साथ अवैध संबंधों के बारे में भी बात की गई है। इससे चिंताएं और गहरी हो गई हैं।एनसीपीसीआर ने कहा, आयोग को दारुल उलूम देवबंद द्वारा जारी किए गए फतवों के बारे में शिकायतें मिली हैं, जिसमें बहिश्ती ज़ेवर नामक पुस्तक के संदर्भ शामिल हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि उक्त पुस्तक में बच्चों के संबंध में आपत्तिजनक और अवैध बाते लिखी गई हैं, इसमें नाबालिग बच्चों के साथ यौन संबंध बनाने सम्बन्धित बाते तक हैं। यह पुस्तक मदरसों में बच्चों को पढ़ाई जाती है और इस तरह की आपत्तिजनक जानकारी वाले अन्य फतवे भी उपलब्ध हैं।इस किताब को 2023 में एनसीपीसीआर के नोटिस के बाद दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट से हटा दिया गया था।

एनसीपीसीआर को दारुल उलूम की वेबसाइट पर गजवा-ए-हिंद से सम्बन्धित भी फतवा मिला था। एनसीपीसीआर ने कहा, आयोग ने दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर मौजूद एक फतवे का संज्ञान लिया है जिसमें भारत पर आक्रमण (गजवा-ए-हिंद) के बारे में बात की गई है और कहा गया है कि जो कोई भी इसमें मारा जाएगा वह एक महान शहीद कहा जाएगा।एनसीपीसीआर ने बताया कि मदरसों द्वारा अपने कारनामों को सही ठहराने के लिए संविधान के अनुच्छेद 29(2) का दुरुपयोग किया जा रहा है। आयोग ने कहा, इस्लामिक शिक्षा देने के लिए पढ़ाने के लिए मदरसे प्राथमिक संस्थान हैं, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। एनसीपीसीआर ने कहा कि संविधान में मदरसों को मिली छूट बच्चों को संतुलित और औपचारिक शिक्षा प्रदान करने के व्यापक संवैधानिक दायित्व के अनुरूप नहीं है। एनसीपीसीआर ने कहा कि मदरसे संविधान में दी गई छूट का नाजायज फायदा उठा रहे हैं।

एनसीपीसीआर ने अंजुम कादरी की याचिका को चुनौती दी है। कादरी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमे उसने जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को रद्द कर दिया था। आयोग ने कहा कि यह अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों और अनुच्छेद 14, 21 और 21ए के संवैधानिक जनादेश के खिलाफ है। गौरतलब है कि हाई कोर्ट के इस निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए लेकिन लेकिन उपाय अधिनियम को रद्द करना नहीं है।

# रवि योग में आज होगी विश्वकर्मा पूजा



विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर को पूरे विधि-विधान के साथ मनाई जाएगी। इस दिन सृष्टि का निर्माण कार्य करने वाले भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाती है और उनकी पूजा की जाती है। सभी मजदूर और मशीन पर काम करने वाले कुशल कामगार अपनी मशीनों की पूजा करते हैं और साथ ही भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं। अजमेर की प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि ब्रह्मांड के पहले इंजीनियर कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर को मनाई जाएगी। इस बार की विश्वकर्मा पूजा रवि योग में है। 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के दिन रवि योग सुबह 6:07 मिनट से प्रारंभ है, जो दोपहर 1:53 मिनट तक है। इस दिन हर कारखाने, फैक्ट्री और दुकानों में उनकी धूमधाम से पूजा की जाती है। इस दिन औजार से जुड़ा काम करने वाले कुशल मजदूर और कामगार औजार का प्रयोग नहीं करते बल्कि उनकी पूजा करके उन्हें एक दिन के आराम देते हैं। इस दिन फैक्ट्रियों में सभी मशीनों और कलपुर्जों की पूजा की जाती है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोग विश्वकर्माजी को अपना भगवान मानते हैं और उनकी पूजा करते हैं।

शास्त्रों में भगवान विश्वकर्मा को वास्तुकार और शिल्पकार बताया गया है। साथ ही भगवान विश्वकर्मा ने ही इंद्रपुरी, द्वारिका, हस्तिनापुर, स्वर्गलोक, लंका और जगन्नाथपुरी का निर्माण किया था। शास्त्रों के अनुसार उन्होंने ही भगवान शिव का त्रिशूल और विष्णु भगवान का सुदर्शन चक्र तैयार किया था। इस वजह से ही विश्वकर्मा जयंती पर शस्त्रों की पूजा अर्चना की जाती है।

### विश्वकर्मा पूजा तिथि

विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों के बीच में इस बार कन्फ्यूजन की स्थिति बनी हुई है। हर साल भाद्रपद मास में सूर्य जब सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में प्रवेश करते हैं तो विश्वकर्मा पूजा मनाई जाती है। लेकिन इस बार लोगों के मन में 16 सितंबर को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है। इस बार सूर्य 16 सितंबर की शाम को 7:29 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए विश्वकर्मा जयंती अगले दिन यानी कि 17 सितंबर को मनाई जाएगी। बिहार, बंगाल और झारखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश में विश्वकर्मा पूजा विधिविधान से की जाती है। इस दिन कुशल कामगार जैसे कारपेंटर, बिजली के उपकरणों को सही करने वाले या फिर अन्य तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोग भी भगवान विश्वकर्मा को भोग प्रसाद चढ़ाते हैं और उनकी पूजा करते हैं।

### रवि योग

इस बार की विश्वकर्मा पूजा रवि योग में है। 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के दिन रवि योग सुबह 6:07 मिनट से प्रारंभ है, जो दोपहर 1:53 मिनट तक है।

### विश्वकर्मा पूजा पर भद्रा का साया

विश्वकर्मा पूजा के दिन भद्रा का साया है। उस दिन भद्रा दिन में 11:44 मिनट से लग रही है। यह रात 9:55 मिनट तक रहेगी। इस भद्रा का वास पृथ्वी लोक पर है। धरती की भद्रा अशुभ प्रभाव वाली मानी जाती है, जिसमें कोई भी शुभ कार्य नहीं करते हैं। ऐसे में आपको विश्वकर्मा पूजा भद्रा से पहले कर लेनी चाहिए।

### राज पंचक

विश्वकर्मा पूजा के दिन राज पंचक लगा है। इस पंचक का प्रारंभ 1 दिन पहले यानी 16 सितंबर सोमवार से हो रहा है। सोमवार को शुरू होने वाला पंचक राज पंचक कहलाता है। राज पंचक शुभ फलदायी होता है।

### विश्वकर्मा पूजा के फायदे

विश्वकर्मा पूजा के दिन लोग अपनी दुकान, वाहन, मशीन, औजार, कलपुर्जे आदि की पूजा करते हैं।इस अवसर पर देवता के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। उनके आशीर्वाद से बिजनेस में उन्नति होती है। पूरे साल भर काम अच्छे से चलता है। किसी भी प्रकार की कोई विघ्न बाधा नहीं आती है।

### विश्वकर्मा पूजा का महत्व

विश्वकर्मा पूजा न सिर्फ मजदूरों और कामगारों बल्कि हम सभी के लिए भी जरूरी मानी जाती है। आज के युग में हर व्यक्ति मोबाइल और लैपटॉप के बिना अपना काम नहीं कर पाता है। इसलिए ये भी एक प्रकार की मशीन हैं और इनका प्रयोग करने वाले सभी लोगों के लिए भी विश्वकर्मा पूजा का महत्व बहुत खास माना गया है। इसलिए विश्वकर्मा पूजा के दिन हम सभी को पूजा करनी चाहिए और साथ ही यह भी प्रार्थना करनी चाहिए कि हम जिस भी मशीन से जुड़ा काम करते हैं साल भर वह मशीन ठीक से सुचारू रूप से कार्य करे, ताकि हमारे रोजाना के काम में बाधा न आएं।

### विश्वकर्मा पूजा विधि

विश्वकर्मा पूजा के दिन सुबह सबसे पहले मशीनों की खूब अच्छे से साफ-सफाई करें और उसके बाद इन मशीनों को ऑफ करके इनकी पूजा करें। भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर या मूर्ति को मशीनों के पास में रखकर साथ में दोनों की पूजा करनी चाहिए। इस दिन मशीनों के साथ-साथ आपको अपने वाहनों की पूजा करनी चाहिए। इस दिन घर की सभी छोटी-बड़ी मशीनों की पूजा करनी चाहिए और साथ ही आपको भोग व प्रसाद भी इस दिन चढ़ाना चाहिए। विश्वकर्मा पूजा के दिन आपको घर की बनी शुद्ध चीजों का ही भोग लगाना चाहिए। इनमें मोतीचूर के लड्डू, मीठी बूंदी, चावल की खीर या हलवे का भोग आप लगा सकते हैं। इस दिन कुछ स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। विश्वकर्मा पूजा के दिन गरीब और जरूरतमंद लोगों को रोजाना में प्रयोग आने वाली वस्तुओं का दान भी करना चाहिए।



**-ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा**
**अजमेर**

# श्राद्ध में करें गीता का पाठ, पितरों को मिलेगी शांति




श्रद्धा से किया गया कर्म श्राद्ध कहलाता है। अपने पितरों के लिए श्रद्धा से किए गए मुक्ति कर्म को श्राद्ध कहते हैं। उन्हें तृप्त करने की क्रिया को तर्पण कहा जाता है। तर्पण करना ही पिंडदान करना है। भाद्रपद की पूर्णिमा से अश्विन कृष्ण की अमावस्या तक कुल 16 दिन तक श्राद्ध रहते हैं। इन 16 दिनों के लिए हमारे पितृ सूक्ष्म रूप में हमारे घर में विराजमान होते हैं। पितृ पक्ष 17 सितंबर को भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से आरंभ हो रहा है। वह इसका समापन 2 अक्टूबर को आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर होगा। अजमेर की प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि पितृ पक्ष में मृत्यु की तिथि के अनुसार श्राद्ध किया जाता है। अगर किसी मृत व्यक्ति की तिथि ज्ञात न हो तो ऐसी स्थिति में अमावस्या तिथि पर श्राद्ध किया जाता है। इस दिन सर्वपितृ श्राद्ध योग माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पक्ष में विधि- विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पितृ पक्ष की शुरुआत भाद्र मास में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से होती है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि तक पितृ पक्ष रहता है। श्राद्ध में श्रीमद्भागवत गीता के सातवें अध्याय का माहात्म्य पढ़कर फिर पूरे अध्याय का पाठ करना चाहिए। इस पाठ का फल आत्मा को समर्पित करना चाहिए।

ज्योतिषाचार्या ने बताया कि श्राद्धकर्म से पितृगण के साथ देवता भी तृप्त होते हैं। श्राद्ध-तर्पण हमारे पूर्वजों के प्रति हमारा सम्मान है। इसी से पितृ ऋण भी चुकता होता है। श्राद्ध के 16 दिनों में अष्टमुखी रुद्राक्ष धारण करें। इन दिनों में घर में 16 या 21 मोर के पंख अवश्य लाकर रखें। शिवलिंग पर जल मिश्रित दुग्ध अर्पित करें। घर में प्रतिदिन खीर बनाएं। भोजन में से सर्वप्रथम गाय, कुत्ते और कौए के लिए ग्रास अलग से निकालें। माना जाता है कि यह सभी जीव यम के काफी निकट हैं। श्राद्ध पक्ष में व्यसनों से दूर रहें। पवित्र रहकर ही श्राद्ध किया जाता है। श्राद्ध पक्ष में शुभ कार्य भी वर्जित माने गए हैं। श्राद्ध का समय दोपहर में उपयुक्त माना गया है। रात्रि में श्राद्ध नहीं किया जाता। श्राद्ध के भोजन में बेसन का प्रयोग वर्जित है। श्राद्ध कर्म में लोहे या स्टील के पात्रों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। पितृदोष जब शांत हो जाता है तो स्वास्थ्य, परिवार और धन से जुड़ी बाधाएं भी दूर हो जाती हैं।

शास्त्रों के अनुसार पितृगणों का श्राद्ध कर्म करने के लिए वर्ष में 96 अवसर मिलते हैं। साल के 12 माह में 12 अमावस्या तिथि को भी श्राद्ध किया जा सकता है। श्राद्ध कर्म करने से तीन पीढ़ियों के पूर्वजों को तर्पण किया जा सकता है। श्राद्ध तीन पीढ़ियों तक होता है। श्राद्ध पुत्र, पोता, भतीजा या भांजा करते हैं। जिनके घर में पुरुष सदस्य नहीं हैं, उनमें महिलाएं भी श्राद्ध कर सकती हैं। पितृ पक्ष में सभी तिथियों का अलग-अलग महत्व है। जिस व्यक्ति की मृत्यु जिस तिथि पर होती है, पितृ पक्ष में उसी तिथि पर श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। पूर्णिमा तिथि से पितृ पक्ष आरंभ होता है। प्रतिपदा तिथि पर नाना-नानी के परिवार में किसी की मृत्यु हुई हो और मृत्यु तिथि ज्ञात न हो तो उसका श्राद्ध प्रतिपदा पर किया जाता है। पंचमी तिथि पर अगर किसी अविवाहित व्यक्ति की मृत्यु हुई है तो उसका श्राद्ध इस तिथि पर करना चाहिए। अगर किसी महिला की मृत्यु हो गई है और मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है तो उसका श्राद्ध नवमी तिथि पर किया जाता है। एकादशी पर मृत संन्यासियों का श्राद्ध किया जाता है। जिनकी मृत्यु किसी दुर्घटना में हो गई है, उनका श्राद्ध चतुर्दशी तिथि पर करना चाहिए। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर ज्ञात-अज्ञात सभी पितरों के लिए श्राद्ध करना चाहिए। जिनकी अकाल मृत्यु हुई हो, उनका श्राद्ध चतुर्दशी तिथि को किया जाता है।

पितरों का कर्ज चुकाना एक जीवन में तो संभव ही नहीं, उनके द्वारा संसार त्याग कर चले जाने के बाद भी श्राद्ध करते रहने से उनका ऋण चुकाने की परंपरा है। इसमें जो षष्ठी तिथि को श्राद्धकर्म संपन्न करता है उसकी पूजा देवता भी करते हैं। पितृ पक्ष के दौरान दिवंगत पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जाता है। मान्यता है कि अगर पितर नाराज हो जाएं तो व्यक्ति का जीवन भी खुशहाल नहीं रहता और उसे कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यही नहीं घर में अशांति फैलती है और व्यापार व गृहस्थी में भी हानि झेलनी पड़ती है। ऐसे में पितरों को तृप्त करना और उनकी आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में श्राद्ध करना जरूरी माना जाता है। श्राद्ध के जरिए पितरों की तृप्ति के लिए भोजन पहुंचाया जाता है और पिंड दान व तर्पण कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की जाती है। श्राद्ध से जो भी कुछ देने का हम संकल्प लेते हैं, वह सब कुछ उन पूर्वजों को अवश्य प्राप्त होता है। जिस तिथि में जिस पूर्वज का स्वर्गवास हुआ हो उसी तिथि को उनका श्राद्ध किया जाता है जिनकी परलोक गमन की तिथि ज्ञान न हो, उन सबका श्राद्ध अमावस्या को किया जाता है।

एकादशी का श्राद्ध सर्वश्रेष्ठ दान

श्राद्ध न किया जाए तो पितर गृहस्थ को दारुण शाप देकर पितृलोक लौट जाते है। एकादशी का श्राद्ध सर्वश्रेष्ठ दान है। वह समस्त वेदों का ज्ञान प्राप्त कराता है। उसके सम्पूर्ण पापकर्मों का विनाश हो जाता है तथा उसे निरंतर ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

वहीं, द्वादशी तिथि के श्राद्ध से राष्ट्र का कल्याण तथा प्रचुर अन्न की प्राप्ति कही गई है। त्रयोदशी के श्राद्ध से संतति, बुद्धि, धारणाशक्ति, स्वतंत्रता, उत्तम पुष्टि, दीर्घायु तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

### दिन का महत्व

जो पूर्णमासी के दिन श्राद्ध आदि करता है उसकी बुद्धि, पुष्टि, स्मरणशक्ति, धारणाशक्ति, पुत्र-पौत्रादि एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती। वह पर्व का पूर्ण फल भोगता है। प्रतिपदा धन-सम्पत्ति के लिए होती है एवं श्राद्ध करने वाले की प्राप्त वस्तु नष्ट नहीं होती।

जो सप्तमी को श्राद्ध आदि करता है उसको महान यज्ञों के पुण्य फल प्राप्त होते हैं। अष्टमी को श्राद्ध करने वाला सम्पूर्ण समृद्धियां प्राप्त करता है। नवमी को श्राद्ध करने से ऐश्वर्य एवं मन के अनुसार अनुकूल चलने वाली स्त्री को प्राप्त करता है। दशमी तिथि का श्रद्धा मनुष्य ब्रह्मत्व की लक्ष्मी प्राप्त कराता है।

### ऐसे करें श्राद्ध

* श्राद्ध करने के लिए किसी ब्राह्मण को आमंत्रित करें, भोज कराएं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा भी दें।

* श्राद्ध के दिन अपनी सामर्थ्य या इच्छानुसार खाना बनाएं।

* आप जिस व्यक्ति का श्राद्ध कर रहे हैं उसकी पसंद के मुताबिक खाना बनाएं जो उचित रहेगा।

* मान्यता है कि श्राद्ध के दिन स्मरण करने से पितर घर आते हैं और अपनी पसंद का भोजन कर तृप्त हो जाते हैं।

* खाने में लहसुन-प्याज का इस्तेमाल न करें।

* शास्त्रों में पांच तरह की बलि (पांच अंश) बताई गई हैं: गौ (गाय) बलि, श्वान (कुत्ता) बलि, काक (कौवा) बलि, देवादि बलि, पिपीलिका (चींटी) बलि।

### श्राद्ध विधि

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार श्राद्ध करने की भी विधि होती है। यदि पूरे विधि विधान से श्राद्ध कर्म न किया जाए तो मान्यता है कि वह श्राद्ध कर्म निष्फल होता है और पूर्वजों की आत्मा अतृप्त ही रहती है। शास्त्रसम्मत मान्यता यही है कि किसी सुयोग्य विद्वान ब्राह्मण के जरिए ही श्राद्ध कर्म (पिंड दान, तर्पण) करवाना चाहिए। श्राद्ध कर्म में पूरी श्रद्धा से ब्राह्मणों को तो दान दिया ही जाता है साथ ही यदि किसी गरीब, जरूरतमंद की सहायता भी आप कर सकें तो बहुत पुण्य मिलता है। इसके साथ-साथ गाय, कुत्ते, कौवे आदि पशु-पक्षियों के लिए भी भोजन का एक अंश जरूर डालना चाहिए।

श्राद्ध करने के लिए सबसे पहले जिसके लिए श्राद्ध करना है उसकी तिथि का ज्ञान होना जरूरी है। जिस तिथि को मृत्यु हुई हो उसी तिथि को श्राद्ध करना चाहिए। लेकिन कभी-कभी ऐसी स्थिति होती है कि हमें तिथि पता नहीं होती तो ऐसे में आश्विन अमावस्या का दिन श्राद्ध कर्म के लिए श्रेष्ठ होता है क्योंकि इस दिन सर्वपितृ श्राद्ध योग माना जाता है। दूसरी बात यह भी महत्वपूर्ण है कि श्राद्ध करवाया कहां पर जा रहा है। यदि संभव हो तो गंगा नदी के किनारे पर श्राद्ध कर्म करवाना चाहिए। यदि यह संभव न हो तो घर पर भी इसे किया जा सकता है। जिस दिन श्राद्ध हो उस दिन ब्राह्मणों को भोज करवाना चाहिए.भोजन के बाद दान दक्षिणा देकर भी उन्हें संतुष्ट करें।

श्राद्ध पूजा दोपहर के समय शुरू करनी चाहिए. योग्य ब्राह्मण की सहायता से मंत्रोच्चारण करें और पूजा के पश्चात जल से तर्पण करें। इसके बाद जो भोग लगाया जा रहा है उसमें से गाय, कुत्ते, कौवे आदि का हिस्सा अलग कर देना चाहिए। इन्हें भोजन डालते समय अपने पितरों का स्मरण करना चाहिए. मन ही मन उनसे श्राद्ध ग्रहण करने का निवेदन करना चाहिए।

### इन पांच जीवों का ही चुनाव क्यों किया गया है

पितृपक्ष शुरू हो चुके है और ऐसा माना जाता है कि इस दौरान हमारे पितर धरती पर आकर हमें आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। हमारे पितृ पशु पक्षियों के माध्यम से हमारे निकट आते हैं और गाय, कुत्ता, कौवा और चींटी के माध्यम से पितृ आहार ग्रहण करते हैं।

श्राद्ध के समय पितरों के लिए भी आहार का एक अंश निकाला जाता है, तभी श्राद्ध कर्म पूरा होता है। श्राद्ध करते समय पितरों को अर्पित करने वाले भोजन के पांच अंश निकाले जाते हैं गाय, कुत्ता, चींटी, कौवा और देवताओं के लिए।

कुत्ता जल तत्त्व का प्रतीक है, चींटी अग्नि तत्व का, कौवा वायु तत्व का, गाय पृथ्वी तत्व का और देवता आकाश तत्व का प्रतीक हैं। इस प्रकार इन पांचों को आहार देकर हम पंच तत्वों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।. केवल गाय में ही एक साथ पांच तत्व पाए जाते हैं। इसलिए पितृ पक्ष में गाय की सेवा विशेष फलदाई होती है।

कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी

* पितरों को खुश रहने के लिए श्राद्ध के दिनों में विशेष कार्य करना चाहिए वही इस दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

श्राद्ध करने के लिए ब्रह्मवैवर्त पुराण जैसे शास्त्रों में बताया गया है कि दिवंगत पितरों के परिवार में या तो ज्येष्ठ पुत्र या कनिष्ठ पुत्र और अगर पुत्र न हो तो नाती, भतीजा, भांजा या शिष्य ही तिलांजलि और पिंडदान देने के पात्र होते हैं।


* पितरों के निमित्त सारी क्रियाएं गले में दाये कंधे मे जनेउ डाल कर और दक्षिण की ओर मुख करके की जाती है।

* कई ऐसे पितर भी होते है जिनके पुत्र संतान नहीं होती है या फिर जो संतान हीन होते हैं। ऐसे पितरों के प्रति आदर पूर्वक अगर उनके भाई भतीजे, भांजे या अन्य चाचा ताउ के परिवार के पुरूष सदस्य पितृपक्ष में श्रद्धापूर्वक व्रत रखकर पिंडदान, अन्नदान और वस्त्रदान करके ब्राह्मणों से विधिपूर्वक श्राद्ध कराते है तो पितर की आत्मा को मोक्ष मिलता है।

* श्राद्ध के दिन लहसुन, प्याज रहित सात्विक भोजन ही घर की रसोई में बनना चाहिए। जिसमें उड़द की दाल, बडे, चावल, दूध, घी से बने पकवान, खीर, मौसमी सब्जी जैसे तोरई, लौकी, सीतफल, भिण्डी कच्चे केले की सब्जी ही भोजन में मान्य है। आलू, मूली, बैंगन, अरबी तथा जमीन के नीचे पैदा होने वाली सब्जियां पितरों को नहीं चढ़ती है।

* श्राद्ध का समय हमेशा जब सूर्य की छाया पैरो पर पड़ने लग जाए यानी दोपहर के बाद ही शास्त्र सम्मत है। सुबह-सुबह अथवा 12 बजे से पहले किया गया श्राद्ध पितरों तक नहीं पहुंचता है।

पितरों के लिए श्रद्धा एवं कृतज्ञता प्रकट करने वाले को कोई निमित्त बनाना पड़ता है। यह निमित्त है श्राद्ध। पितरों के लिए कृतज्ञता के इन भावों को स्थिर रखना हमारी संस्कृति की महानता को प्रकट करता है। देवस्मृति के अनुसार श्राद्ध करने की इच्छा करने वाला व्यक्ति परम सौभाग्य पाता है।




# डी-बॉक्स टेक्नोलॉजी में रिलीज होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी जूनियर एनटीआर की देवरा पार्ट 1

जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की आगामी फिल्म देवरा पार्ट 1 सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज लॉन्च किया है। इसे फैंस और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। वहीं, मेकर्स फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक अपडेट साझा की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वे देवरा को डी-बॉक्स पर रिलीज करने वाले हैं।देवरा मेकर्स ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के पोस्टर के साथ एक अपडेट साझा किया है। मेकर्स ने बताया है कि देवरा पार्ट 1 पहली ऐसी भारतीय फिल्म बन गई है जिसे खास तौर पर डी-बॉक्स टेक्नेलॉजी में रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने पोस्टर में थिएटर्स की लिस्ट की भी झलक दिखाई है।मेकर्स ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय फिल्म। देखते रहिए।।। यह मैन जूनियर एनटीआर और भी बहुत कुछ करता रहता है। इससे पहले, कुछ फिल्में डी-बॉक्स पर रिलीज की गई थीं, लेकिन यह पूरी तरह से एक्सक्लूसिव नहीं थी। लेकिन, देवरा के मामले में, इस लेटेस्ट टेक्नेलॉजी में कंटेंट को मास्टरपीस के तौर पर तैयार किया गया है।डी-बॉक्स एक हैप्टिक तकनीक है जो मूवी देखने, गेम खेलने के अनुभव को बढ़ाती है। डी-बॉक्स सीटों में मोशन एक्ट्यूएटर होते हैं जो स्क्रीन पर होने वाली हरकतों के साथ तालमेल बिठाते हैं, ताकि आप फिल्म के एक मोमेंट और सीन्स को महसूस कर सकें। डी-बॉक्स कई मूवी थिएटरों में उपलब्ध है, जिसमें सिनेप्लेक्स और सिनेमार्क शामिल हैं।डी-बॉक्स थियेटर एक्सपीरियंस 65,000 से ज्यादा हैप्टिक मूवमेंट, वाइब्रेशन और टेक्सचर के जरिए फिल्मों को जीवंत करता है, जो ऑन-स्क्रीन एक्शन के साथ पूरी तरह से सिंक्रोनाइज़ होते हैं। थियेटर व्यूइंग एक्सपीरियंस के लिए खास तौर पर डिजाइन किए गए रिक्लाइनर उपलब्ध होंगे। डिस्ट्रीब्यूटर ने उन स्क्रीन की लिस्ट जारी की है, जहां फिल्म इस टेक्नेलॉजी के साथ उपलब्ध है।कोराताला शिवा की निर्देशित देवरा पार्ट 1 में जूनियर एनटीआर के साथ जाह्नवी कपूर, सैफ अली खान अहम भूमिका में हैं। यह दो भाग में रिलीज होगा। फिल्म का पहला भाग इस महीने की 27 तारीख को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# फिल्म जो तेरा है वो मेरा है का ट्रेलर जारी




जियो सिनेमा पर 20 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

अभिनेता परेश रावल प्रशंसकों के लिए लिए एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी उत्साहित भी हैं। परेश रावल अमित सियाल और सोनाली कुलकर्णी के साथ जो तेरा है वो मेरा है नाम की फिल्म के साथ दर्शकों को गुदगुदाने की तैयारी में हैं। जो तेरा है वो मेरा है का ट्रेलर निर्माताओं ने जारी किया, जिसका निर्देशन राज त्रिवेदी ने किया है। ट्रेलर में चाय बेचने वाले से ठग बने मितेश मेघानी (अमित सियाल) के जीवन, उसकी गलतफहमियों और मजेदार कारनामों की झलक दिखाई गई है। मितेश एक बूढ़े व्यक्ति (परेश रावल) को धोखा देकर अपने परिवार का प्यार पाने की कोशिश करता है।

इस फिल्म को लेकर अभिनेता परेश रावल काफी उत्साहित हैं। अभिनेता ने फिल्म की टीम द्वारा साझा किए गए एक प्रेस नोट में कहा, जो तेरा है वो मेरा हैॐ एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है जो हास्य को खूबसूरती से दिखाता है। स्क्रिप्ट बहुत ही मजेदार थी और इस कहानी को जीवंत करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है। कॉमेडी, हालांकि, अक्सर हल्के-फुल्के अंदाज में देखी जाती है, लेकिन इसके लिए बहुत अधिक कौशल और समर्पण की आवश्यकता होती है और इस फिल्म पर काम करना इसका एक सच्चा प्रमाण है। अजय राय के नेतृत्व वाली ऐसी शानदार टीम के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा।ॐ परेश रावल ने कहा, अमित सियाल, सोनाली कुलकर्णी और बाकी प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ काम करना एक परम आनंद रहा है - सेट पर हर दिन हंसी और मस्ती से भरा था। जियो स्टूडियो ने ऐसी शानदार स्क्रिप्ट चुनी हैं जिसका आनंद आप अब जियो सिनेमा पर अपने घर बैठे ले सकते हैं। मैं दर्शकों को हमारे द्वारा दिखाए गए ड्रामा का अनुभव करने और हमारी फिल्म पर उनकी प्रतिक्रियाएं सुनने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। जो तेरा है वो मेरा है जियो सिनेमा पर 20 सितंबर से प्रसारित होगी।



# नेहा मलिक ने बॉडीकॉन ड्रेस में दिए किलर पोज

भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।नेहा मलिक अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड लुक्स को लेकर फैंस के बीच चर्चाओं में रहत हैं। उनका सिजलिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है।हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नेहा मलिक ने नियॉन कलर का बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। उनके इस लुक पर से फैंस की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही है।बालों को कर्ली स्टाइल कर के और साथ ही मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये किलर अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस भले ही इन दिनों किसी एल्बम सॉन्गस में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी लेटेस्ट पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।नेहा मलिक सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।


# स्टाइलिश आउटफिट पहन अवनीत कौर ने शेयर किया हॉट लुक



छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग और फैशन स्टेटमेंट्स से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस अवनीत कौर इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो किलर अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं।बालों को कर्ली स्टाइल लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए रिएक्संस भी देते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है सरकटे का डर

# पांचवें हफ्ते फिर बढ़ी स्त्री 2 की कमाई




स्त्री 2 इसी साल 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कई दूसरी मूवीज के साथ क्लैश के बावजूद फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन किया और एक महीने बाद भी पर्दे पर बनी हुई है। स्त्री 2 को रिलीज हुए 31 दिन हो गए हैं लेकिन फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर हर रोज करोड़ों का कलेक्शन कर रही है। वहीं पांचवें शनिवार फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ है और इसने नया रिकॉर्ड बना लिया है।सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक स्त्री 2 ने 30 दिन में कुल 567.53 करोड़ रुपए भारत में कमाए थे। वहीं 31वें दिन फिल्म ने बंपर कमाई की है। कई दूसरी फिल्मों के पर्दे पर होते हुए भी स्त्री 2 ने पांचवें शनिवार रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन किया है। बता दें कि श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म ने 31वें दिन (पांचवें शनिवार) 5.25 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है। स्त्री 2 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब कुल 572.78 करोड़ रुपए बटोर लिए हैं। इसी के साथ ये चौथे हफ्ते सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गई है। पहले नंबर पर अब भी बाहुबली 2 का दबदबा कायम है जिसने चौथे हफ्ते में भारत में 12 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।13 सितंबर को तीन फिल्मों ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है। जहां करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स थिएटर्स में रिलीज हुई तो वहीं तुम्बाड और वीर जारा फिर से पर्दे पर आई है। हालांकि स्त्री 2 पर इसका कोई असर होता नहीं दिख रहा है और फिल्म का दमदार कलेक्शन जारी है। एक तरफ स्त्री 2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ क्लब में शामिल होने के करीब है तो दूसरी तरफ वर्ल्डवाइड 770 करोड़ के कलेक्शन के साथ फिल्म 800 करोड़ का आंकड़ा छूने के नजदीक है।

# अक्षय कुमार की भूत बंगला में परेश रावल, असरानी, राजपाल यादव की हुई एंट्री, फिल्म को बना देंगे ब्लॉकबस्टर

अक्षय कुमार ने बीती 9 सितंबर को अपने 57वें बर्थडे पर फैंस को नई फिल्म भूत बंगला का तोहफा दिया था। हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला को प्रियादर्शन डायरेक्ट कर रहे हैं। इससे पहले अक्षय कुमार के साथ प्रियादर्शन ने ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया (2007) दी थी। अक्षय और प्रियादर्शन अब 14 साल बाद एक बार फिर धमाका करने आ रहे हैं। इस बीच फिल्म भूत बंगला की बाकी की स्टारकास्ट के नाम सामने आए हैं। आइे जानते हैं फिल्म में किन-किन स्टार्स की एंट्री हुई है।फिल्म भूत बंगला में जिन स्टार्स की एंट्री हुई वो, अपनी कॉमेडी से कई फिल्मों को ब्लॉकबस्टर बना चुके हैं। साथ ही ये तीनों एक्टर अक्षय कुमार के साथ काम भी कर चुके हैं। इसमें पहला नाम है परेश रावल, दूसरा राजपाल यादव और तीसरा असरानी है। अक्षय कुमार के साथ यह कॉमेडी फिल्मों की यह तिकड़ी भूल भुलैया समेत फिल्म हेरा फेरी और गरम मसाला भी नजर आ चुकी है। वहीं, फिल्म में इन स्टार्स की एंट्री से अक्षय के फैंस के चेहरे खिल उठे हैं और फिल्म के हिट होने की गारंटी दे रहे हैं।हालांकि मेकर्स की ओर से इन तीनों नामों पर अभी मुहर नहीं लगी है। लेकिन सिनेलवर्स का कहना है कि यह फिल्म तो हिट है। एक ने लिखा है, अक्षय और इस तिकड़ी की कोई फिल्म फ्लॉप नही है, भूत बंगला भी हिट होगी। एक और यूजर लिखता है कि लंबे अरसे बाद इन सभी को साथ में फिल्म में देखने का चांस मिलेगा। एक और यूजर लिखता है, भूत बंगला फिल्म भूल भुलैया से भी बड़ी हिट साबित हो सकती है। बता दें, फिल्म भूत बंगला अगले साल 2025 में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की रिलीज डेट नहीं बल्कि अभी रिलीज ईयर से ही पर्दा हटाया गया है।



मंगलवार, 17 सितम्बर, 2024
बेंगलूरु
शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे

### बिहार के सारण में तिरंगे के अपमान को लेकर बवाल

# जुलूस के दौरान प्रदर्शन का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

**पटना (एजेंसियां)।**

सारण में तिरंगा के साथ एक पक्ष लोगों ने छेड़छाड़ की है। तिरंगे में अशोक चक्र की जगह पर दूसरे देश का प्रतीक चिन्ह लगा दिया गया है। घटना जिले के कोपा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। वही इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के दिशा निर्देश में संबंधित कोपा थाने की पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मिलाद-उल-नबी के जुलूस के दौरान राष्ट्रीय झंडा का वीडियो वायरल हुआ



था। इसके बाद जुलूस में शामिल दो युवकों को स्थानीय थाने की पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ चल रही है।

स्थानीय कोपा थाना क्षेत्र में जुलूस के दौरान राष्ट्रीय तिंरगा के साथ छेड़छाड़ की गई। इसका वीडियो वायरल हुआ तो इलाके में हड़कंप मच गया। इधर, इस मामले में सारण के पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए संबंधित कोपा थाने के थानाध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। पुलिस का कहना है कि राष्ट्रीय ध्वज के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ भारतीय ध्वज संहिता-2002 का खुला उल्लंघन है। वहीं स्थानीय लोगों और दूसरे पक्ष ने इस घटना का विरोध किया और कहा कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले। राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुछ लोग सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं। पुलिस इन पर कड़ी कार्रवाई करे।

सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि मिलाद- उल- नबी के जुलूस में तिरंगा झंडा फहराने में मामले में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पिक अप वाहन सहित कथित झंडे को जब्त कर लिया गया है। साथ ही दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसमें शामिल अन्य सभी व्यक्तियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वही आम जनता से अपील है कि शांति बनाए रखें एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

### सीएम नीतीश कुमार की पार्टी की अहम बैठक

# जदयू दफ्तर पहुंचते ही नाराज हुए बिहार सरकार के मंत्री

**पटना (एजेंसियां)।**

विधानसभा चुनाव में हार हाल में रिजल्ट बेहतर हो, इसके लिए सीएम नीतीश कुमार की पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आज जनता दल यूनाईटेड का शीर्ष नेतृत्व बैठक कर रहा है। सीएम नीतीश कुमार एक दिन पहले ही पार्टी कार्यालय आए थे। शीर्ष नेताओं से बातचीत के बाद कई दिशा निर्देश देकर चले गए। सोमवार सुबह करीब 11 बजे जदयू की बैठक शुरू हुई। कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत जदयू के सभी शीर्ष नेता पहुंचे हैं।

इधर, बैठक के बीच से खबर यह आ रही है कि वरीय नेता और बिहार सरकार के मंत्री विजेंद्र



यादव नाराज हो गए हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यहां तक कह दिया कि मैं जदयू में नहीं हूं।

सूत्रों की मानें तो बैठक को लेकर जदयू कार्यालय के पास सीएम नीतीश कुमार के साथ शीर्ष नेताओं की तस्वीर लगाई गई थी। इसमें विजेंद्र यादव की तस्वीर गायब थी। इसी बात को लेकर वह नाराज हो गए।

इधर, बैठक के बाद जब मंत्री विजेंद्र यादव बाहर निकले तो कहा कि मैं तो मजाक कर रहा था। मजाक में ऐसी बातें कही। अगर नाराज रहता तो मीटिंग में क्यों आता है। वहीं सीएम नीतीश कुमार की पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह से जब मंत्री विजेंद्र यादव की नाराजगी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह जदयू के वरीय नेता हैं। अगर किसी बात को लेकर वह नाराज हैं तो उनसे बात की जाएगी। लेकिन, जहां तक मुझे जानकारी है तो वह नाराज नहीं है। पार्टी में सबकुछ ठीक चल रहा है।

# सड़क हादसे में दो की मौत एक की हालत गंभीर

**सुपौल (एजेंसियां)।**

सुपौल के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गद्दी चौक के समीप रविवार को ऑटो और बाइक में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दो व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है। घायल महिला की स्थिति बेहद गंभीर बताई जा रही है। उसे राघोपुर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान राघोपुर थाना क्षेत्र के सिमराही वार्ड 8 निवासी 50 वर्षीय आलोक यादव और हुलास गांव निवासी 50 वर्षीय मुन्ना खां के रूप में हुई है।

वहीं घायल महिला की पहचान राघोपुर थाना क्षेत्र के सिमराही वार्ड 8 निवासी 50 वर्षीय आलोक यादव की पत्नी 40 वर्षीय संजना देवी बताई जा रही है। गद्दी चौक से कुछ ही दूरी पर अवस्थित पुल के पास यह हादसा हुआ। हादसे के बाद खून से लथपथ दो पुरुष और एक महिला गंभीर अवस्था में पड़े हुए थे। इसी दौरान उस रास्ते से होकर गुजर रही डायल 112 की पुलिस गाड़ी से तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद आलोक यादव की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

वहीं मुन्ना खां नामक व्यक्ति को जांच पड़ताल कर मृत घोषित कर दिया गया। इसके अलावा 40 वर्षीय संजना देवी की स्थिति भी काफी गंभीर है। इधर, राघोपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि घटना के मद्देनजर पुलिस आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया में जुट गई है।

# फर्जी मतदान के आरोपियों के घरवालों से मिले तेजस्वी यादव

**पटना (एजेंसियां)।**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जिले के जाले विधानसभा क्षेत्र के देवरा बंधौली गांव में फर्जी मतदान के मामले में गिरफ्तार किए लोगों के घर जाकर मुलाकात की है। बता दें कि मधुबनी लोकसभा चुनाव के दिन फर्जी तरिके से मतदान करने को लेकर गिरफ्तार किया गया था। बाद में कामतौल थाने पर हमला कर सभी को ग्रामीणों ने छुड़ा लिया था।

मधुबनी से कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम से मुजफ्फरपुर लौटने के



क्रम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रविवार को जाले प्रखंड के देउरा बंधौली गांव पहुंचकर बीते लोकसभा चुनाव में बोगस मतदान के मामले में गिरफ्तार अभियुक्त को जाले थाना से जबरन छुड़ाने के मामले में मुकदमा का पीड़ित, देऊरा बंधौली गांव पहुंचकर उनसे मुलाकात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्हें जाले 1/1 जिला पार्षद प्रतिनिधि एवं पीड़िता के स्वजन ने घटना से संबंधित सभी जानकारी देते हुए बताया कि उनके साथ राजनीति के तहत मुकदमा में फंसाया गया है।

इस मामले में क्षेत्र के सभी अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिष्ठित लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया। पूरे तीन महीना तक लोगों ने दहशत में समय गुजारा। पुलिस के डर से गांव ही नहीं क्षेत्र के कई गांवों के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग छुप-छुपकर जीवन जिया। तेजस्वी यादव ने पीड़िता के घर के अंदर जाकर घटना में गिरफ्तार हसनैन शेख की पुत्री सादिया शेख एवम इजहार की पुत्री जीनत प्रवीण से मामले के संदर्भ में पूछताछ कर विस्तृत जानकारी लिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि पुलिस सत्ता संपोषित हो गई है। पुलिस का राजनीतिककरण हो गया है। उन्होंने इस मामले में पीड़ित पक्ष को न्याय मिलना चाहिए।

### कांग्रेस का आरोप

# 'केंद्रीय मंत्री अपने आकाओं को खुश करने को राहुल गांधी के खिलाफ तथ्यहीन बयान दे रहे'

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में वंदे भारत ट्रेनों के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ किए गए विवादित बयानों को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि और प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्ठू ने पत्रकारों को बताया कि केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और केंद्रीय लघु उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा भागलपुर और गया में दिए गए बयानों ने पूरे देश में आक्रोश उत्पन्न कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी को आतंकवादी और देशद्रोही जैसे



तथ्यहीन आरोप लगाने से संपूर्ण भारतवासियों में काफी आक्रोश है।

प्रो. विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि भागलपुर में वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ के मौके पर केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी के बारे में विवादित बयान देकर आसमान पर थूकने और सूर्य को आईना दिखाने वाली कहावत को चरितार्थ करने का काम किया है। इसके लिए उन्हें अविलंब मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर मुकदमा चलाया जाए। उन्होंने कहा कि रवनीत सिंह बिट्टू जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने तीन-तीन बार सांसद और उनके दादा को मुख्यमंत्री बनाने का काम किया था। आज जब वे भाजपा में है तो अपने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत अन्य नेताओं को खुश करने के लिए राहुल गांधी के बारे में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

वहीं, दूसरी ओर गया में वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय लघु उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने राहुल गांधी को देशद्रोही कह प्रधानमंत्री की नजरों में अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए अमर्यादित, घटिया बयान देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को पोस्ट एंड टेलीग्राफ विभाग के क्लर्क की कुर्सी से उठा कर कांग्रेस पार्टी ने सबसे पहले विधायक बनाया।

आज वही सत्ता लोलुपता में राहुल गांधी, जिनके पिता और दादी दोनों ने देश के लिए अपने खून का एक-एक कतरा बलिदान कर दिया, उसे देशद्रोही कहते इन्हें शर्म नहीं आई। उन्हें (मांझी को) ढकनी भर पानी में डूब मरना चाहिए। आज जिन-जिन नेताओं तथा उनके बाप-दादा को कांग्रेस पार्टी ने जमीन से उठा कर विधायक, सांसद, मंत्री और मुख्यमंत्री तक बनाया, वही सबसे ज्यादा कांग्रेस और गांधी परिवार के बारे में अनर्गल, तथ्यहीन बयान दे रहे हैं।

# सनकी पति ने पत्नी की काटी गर्दन फिर सिर हाथ में लेकर घूमता रहा

**मधेपुरा (एजेंसियां)।**

मधेपुरा के श्रीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत पोखरिया टोला वार्ड-2 में सोमवार की सुबह एक सनकी पति ने अपनी पत्नी की दबिया से गर्दन काट कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी पति अपनी पत्नी के कटे हुए सिर को हाथ में लेकर घूमता रहा। यह देखकर लोगों के बीच सनसनी फैल गई। हालांकि, पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

हेडक्वार्टर डीएसपी मनोज मोहन ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब सात बजे श्रीनगर थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पूजा देवी की धारदार दबिया से गला काटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घटना के मुख्य आरोपी अर्जुन शर्मा को गिरफ्तार



कर लिया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दबिया को बरामद कर जब्त किया गया है।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने अपनी पत्नी का धड़ उसके सिर से अलग कर दिया। सिर काटने के बाद वह उसे हाथ में लेकर घूमता रहा, जिससे लोगों के बीच सनसनी फैल गई। वहीं, इसकी सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी पति अर्जुन शर्मा ने अवैध संबंध के शक में अपनी पत्नी का धारदार दबिया से गला काट दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्रामीण मो. नजीर ने बताया कि आरोपी अर्जुन हाथ में एक झोला लेकर थाने की ओर आ रहा था। झोला से खून टपक रहा था। इस बीच एक पुलिसकर्मी ने उसे रोका। फिर झोले में कटा सर देख सभी दंग रह गए। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछा गया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या क्यों की तो उसने अवैध संबंध होने की बात कही। इसके बाद कटे हुए सर के साथ उसे थाने ले जाया गया।

### बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही

# मोतिहारी में बस स्टॉप पर करंट लगने से बच्ची की मौत

**मोतिहारी (एजेंसियां)।**

मोतिहारी के सुगौली बस स्टॉप के पास करंट लगने से चाची के साथ भीख मांग रही एक बच्ची की मौत हो गई। सोमवार की सुबह बारिश के दौरान की यह घटना है। बताया जा रहा है कि यह घटना 11 हजार वोल्ट के तार के एक पेड़ में सटने से हुई है। बच्ची की पहचान माझऊलिया के अमवा मन निवासी जाली नट की दस वर्षीय भतीजी सुनरिया कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी अस्पताल भेजा है।

घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि यह बच्ची अपनी चाची के साथ दुकानों में घूमकर भीख मांगने का कार्य करती थी। रोज की तरह वह आज भी यहां आई हुई थी। बारिश के दौरान एक दुकान के सामने पेड़ के नीचे खड़ी थी।

ग्यारह हजार वोल्ट का बिजली का तार उस पेड़ से होकर गुजरता है। इसका करंट पेड़ में आ चुका था और इससे होकर बिजली का करंट दुकान में पाइप में भी आ गया था। यहां खड़ी उक्त बच्ची ने जैसे ही पाइप को छुआ तो वह झटका खाकर गिर पड़ी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों का हुजूम लग गया। उसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सुगौली पुलिस ने उक्त बच्ची की पहचान कर उसके परिजनों को बुलाया और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी अस्पताल भेज दिया। लोगों का यह मानना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ही यह घटना हुई है।

### तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला

# यह देखिए सीएम नीतीश के भ्रष्टाचार का वर्ण-पत्र! अपने विभागों को लूटकर करोड़ों बांट रहे

**पटना (एजेंसियां)।**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला है। उन्होंने अखबार में छपे विज्ञापन की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा सीएम नीतीश कुमार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के कैबिनेट मंत्री बिहार जैसे पिछड़े और गरीब राज्य के अपने विभागों को लूट कर सभी अखबारों में करोड़ों-करोड़ के फुल पेज विज्ञापन दे रहे



हैं।

तेजस्वी यादव ने कहा कि आश्चर्यजनक है कि यह विज्ञापन नीतीश कुमार की पार्टी जदयू, बिहार सरकार तथा सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ़ से आधिकारिक विज्ञापन नहीं बल्कि कैबिनेट के पांच मंत्रियों की तस्वीरों के साथ बिना किसी निवेदक के जारी किया है। यह विज्ञापन टूटते पुलों से प्राप्त कमीशन, जमीन सर्वे, स्मार्ट मीटर तथा थानों और ब्लॉक कार्यालयों में सरकारी भ्रष्टाचार के माध्यम से अर्जित अवैध काली कमाई एवं अवैध धन शोधन से दिया जा रहा है। यह विज्ञापन भी नहीं बल्कि नीतीश कुमार के भ्रष्टाचार का विवरण और शंसापत्र है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि ट्रांसफ़र-पोस्टिंग के नाम पर तथा पुल-पुलिया और सड़क बनाने में अभियंताओं से कमीशन ली जाती है। फिर उसी काली कमाई और धन-शोधन से अभियंताओं को अभियंता दिवस की बधाई दी जाती है। सीएम नीतीश कुमार और उनके मंत्री अभियंताओं और ठेकेदारों से कमीशन लेते है तभी तो घटिया क्वालिटी के पुल गिरते है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com